सूर्योदय 5:20 सूर्यास्त 7:28

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.5 न्यू | 24.5 अधि |
| धर्मशाला | 22.5 न्यू | 28 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 83,755 |
| निफ्टी | 25,549 |
| सोना | 97,159 |
| चांदी | 1,07,150 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शुक्रवार, 27 जून 2025 | 13 आषाढ़, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 179, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702




अश्विन ने पंत से कहा, अगली बार लगाएं दोहरा शतक

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### रुद्रप्रयाग में अलकनंदा में गिरी ट्रैवलर, 3 की मौत

**एजेंसी, रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में अलकनंदा नदी में ट्रैवलर गिर गई। हादसा घोलतीर में बद्रीनाथ हाईवे पर हुआ। ट्रैवलर में 20 लोग सवार थे, इनमें से 3 की मौत हो गई है, जबकि 8 घायल हैं। वहीं, 9 लोग अभी भी लापता हैं। ट्रैवलर में राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के यात्री बैठे थे। गाड़ी के ड्राइवर सुमित ने बताया कि वह यात्रियों को केदारनाथ से दर्शन कराकर बद्रीनाथ धाम ले जा रहे थे। इस बीच रुद्रप्रयाग में घोलतीर के पास एक ट्रक ने पीछे से ट्रैवलर को टक्कर मार दी। इससे ट्रैवलर अलकनंदा में जा गिरी। चालक का इलाज रुद्रप्रयाग अस्पताल में किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### अकाली नेता मजीठिया सात दिन के रिमांड पर

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब के शिरोमणि



अकाली दल के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया को विजिलेंस ब्यूरो की टीम ने 7 दिन के रिमांड पर ले लिया है। वीरवार को उनकी मोहाली कोर्ट में पेशी हुई थी। यहां कोर्ट में विजिलेंस ने 12 दिन का रिमांड मांगकर काफी देर तक बहस की। इसके बाद कोर्ट ने विजिलेंस को रिमांड दे दिया। अब मामले में अगली सुनवाई 2 जुलाई को होगी। (अनंत ज्ञान)

### दुर्घटनाग्रस्त प्लेन के ब्लैक बॉक्स का डाटा रिकवर

**एजेंसी, अहमदाबाद।** अहमदाबाद में 12 जून को क्रैश हुए एयर इंडिया विमान के ब्लैक बॉक्स के डाटा को रिकवर कर लिया गया है। सरकारी बयान में वीरवार को बताया गया कि डाटा डाउनलोड हो गया है। मेमोरी मॉड्यूल का एक्सेस भी मिल गया है। अब जांच एजेंसी ब्लैक बॉक्स से रिकवर हुए डाटा का विश्लेषण (एनालिसिस) करेगी। इससे हादसे के कारणों का पता चलेगा। इससे पहले 24 जून को नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने बताया था कि ब्लैक बॉक्स को जांच के लिए विदेश नहीं भेजा जा रहा। इसकी जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टिगेशन ब्यूरो कर रहा है। (अनंत ज्ञान)

### मेक्सिको में गोलीबारी में 12 लोगों की मौत

**एजेंसी, मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के गुआनाजुआतो राज्य के इरापुआतो शहर में बुधवार रात भीषण गोलीबारी हुई। इस हमले में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 20 लोग घायल हुए हैं। उस वक्त लोग इरापुआतो में सेंट जॉन द बैप्टिस्ट त्योहार के मौके पर सड़क पर नाच-गाना और जश्न मना रहे थे। यह जानकारी स्थानीय प्रशासन ने बुधवार को दी। मरने वालों में से 11 की पहचान हो चुकी है। इनमें 8 पुरुष, 2 महिलाएं और एक 17 वर्षीय नाबालिग शामिल है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- सुक्खू सरकार की नीतियों से आया शिक्षा में सुधार -पेज 3
- शिक्षा मंत्री रोहित ने किया 20 करोड़ की दो परियोजनाओं का भूमि पूजन -पेज 4
- जाछ को 1.73 करोड़ की उप-सब्जी मंडी की सौगात -पेज 9
- सोलन और सिरमौर के टमाटर की बढ़ी मांग -पेज 12
- ब्राजील से मोदी को स्टेट डिनर का न्योता मिलने से शी जिनपिंग नाराज -पेज 13


# शुभांशु ने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचकर रचा इतिहास

## आईएसएस की यात्रा करने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने, 14 दिन तक करेंगे रिसर्च

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंच गया है। अंतरिक्ष यान करीब 28.5 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून दिन वीरवार को भारतीय समय के अनुसार शाम करीब 4:15 बजे आईएसएस से जुड़ा। यहां वे अगले 14 दिन रिसर्च करेंगे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आईएसएस के लिए सफल उड़ान भरी थी। भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए सफल उड़ान भरने के साथ ही नया इतिहास रच दिया। तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ रवाना हुए शुभांशु की यह यात्रा 41 साल बाद किसी भारतीय की पहली अंतरिक्ष यात्रा है। आईएसएस की यात्रा करने वाले वह पहले भारतीय अंतरिक्ष बन गए यात्री हैं। उनसे पहले 1984 में राकेश शर्मा रूसी अंतरिक्ष यान सोयूज के जरिए अंतरिक्ष में गए थे, लेकिन वह स्पेस सेंटर नहीं पहुंचे थे। (अनंत ज्ञान)

> 28.5 घंटे की यात्रा के बाद आईएसएस पहुंचा स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल



### शुभांशु ने स्पेसक्राफ्ट से भेजा संदेश

**शुभांशु** शुक्ला ने वीरवार सुबह स्पेसक्राफ्ट से एक संदेश भेजा, 'नमस्ते फ्रॉम स्पेस! मैं अपने साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ यहां आकर बहुत उत्साहित हूं। सच कहूं तो, जब मैं कल लॉन्चपैड पर कैप्सूल में बैठा था। 30 दिन के क्वारंटाइन के बाद, मैं बस यही चाहता था कि अब चल पड़ें। लेकिन जब यात्रा शुरू हुई, तो ऐसा लगा जैसे आपको सीट में पीछे धकेला जा रहा हो। यह एक अद्भुत राइड थी और फिर अचानक सब कुछ शांत हो गया। आपने बेल्ट खोली और आप वैक्यूम की शांति में तैर रहे थे।'

# चंबा में जेई की संदिग्ध मौत हत्या का मामला दर्ज, 4 काबू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा में जल शक्ति विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शरेला नाला में वीरवार को जेई नवीन कुमार (36) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। वह चंबा के गंड गांव के थे और वर्तमान में जल शक्ति विभाग, मंडल तीसा में बतौर कनिष्ठ अभियंता कार्यरत थे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

गुस्साए परिजनों व अन्य लोगों ने शव को सड़क पर रखकर करीब 2 घंटे तक चक्का जाम किया और हत्या के आरोप लगाए। इस दौरान स्थानीय विधायक हंस राज भी मौके पर पहुंचे और लोगों को मनाने की कोशिश की। इलाके में बवाल की आशंका के चलते पुलिस बल की तैनाती की गई है। परिजनों ने नवीन शर्मा की हत्या की आशंका जताते हुए चार लोगों के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चारों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद परिजनों ने चक्का जाम समाप्त किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। उधर, हर कोई इस रहस्यपूर्ण मौत की सच्चाई सामने आने का इंतजार कर रहा है।

# अब स्कूलों में पढ़ाया जाएगा नशे के खिलाफ पाठ : सीएम

## हिमाचल में स्कूली सिलेबस में शामिल होगा जागरूकता संबंधी अध्याय

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश नशे के खिलाफ एक बड़ी लड़ाई लड़ रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने घोषणा की कि जल्द ही स्कूली पाठ्यक्रम में नशे के खिलाफ जागरूकता से संबंधित एक नया अध्याय शामिल किया जाएगा। यह कदम बच्चों को बचपन से ही नशे के बुरे प्रभावों के बारे में सिखाने के लिए उठाया जा रहा है। शिमला में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार नशा तस्करी के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर कोई सरकारी कर्मचारी भी इस अपराध में शामिल पाया गया, तो उस पर भी सख्त कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और उन्हें नशे से बचाना हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश सरकार नशा छोड़ने वालों की मदद के लिए भी काम कर रही है।

> बोले-युवा पीढ़ी देश का भविष्य, उसे नशे से बचाना हमारी प्राथमिकता



शिमला में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर लोगों को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### हर जिले में नशामुक्ति केंद्र बनाने का लक्ष्य

**सिरमौर** जिले में 5.34 करोड़ की लागत से 100 बिस्तरों वाला एक आधुनिक नशामुक्ति केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री का लक्ष्य है कि ऐसे केंद्र हर जिले में बनाए जाएं। प्रदेश सरकार ने 2023 में पीआईटी-एनडीपीएस एक्ट लागू किया, जो नशे के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में मदद करता है।

### नशे के खिलाफ काम करने वाले सम्मानित

**मुख्यमंत्री** ने नशे के खिलाफ अच्छा काम करने वाले कई व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया और सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई। राजकीय डिग्री कॉलेज कोटशेरा के छात्रों ने नशे पर एक नाटक भी प्रस्तुत किया, जिसने सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया।

### जन आंदोलन बने नशे के खिलाफ लड़ाई

**कार्यक्रम** में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनी राम शांडिल ने भी लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ इस लड़ाई को एक जन आंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों से बच्चों को खेलों और अच्छी गतिविधियों से जोड़ने की अपील की।

# पीएम ने लिया लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प : रिजिजू

## केंद्र ने हिमाचल को दी 118.67 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शिमला में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया है, जिसमें 'आपातकाल में लोकतंत्र की हत्या' की कड़ी निंदा की गई है। इस प्रस्ताव का उद्देश्य देश के कोने-कोने तक यह संदेश पहुंचाना है कि भारत, लोकतंत्र की जननी के रूप में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। रिजिजू ने पीटर हॉफ में एक पत्रकार वार्ता के दौरान आपातकाल के समय तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर एक परिवार के प्रति देश की न्यायपालिका को समर्पित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस के अघोषित आपातकाल के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि अगर ऐसा होता तो प्रधानमंत्री की आलोचना करने वाले जेल में होते। केंद्र सरकार राज्य को 118.67 करोड़ रुपए की कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं दे रही है, खासकर किन्नौर और लाहौल-स्पीति जिलों के लिए। इन परियोजनाओं में गांधी खेल मैदान, पूह, किन्नौर में इनडोर मल्टीपर्पस स्टेडियम और ग्रास गाबो, लाहौल-स्पीति के काजा क्रिकेट ग्राउंड में उच्च ऊंचाई वाले खेल प्रशिक्षण केंद्र, आइस हॉकी रिंक, और केलांग में एक सीवरेज योजना शामिल है।



शिमला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू।

### महिला ने रेलवे ट्रैक पर ही दौड़ा दी कार

**एजेंसी, हैदराबाद।** तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में एक 34 साल की महिला ने अपनी कार को रेलवे ट्रैक पर दौड़ा दिया। इसके चलते वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। 10-15 ट्रेनें रोकी या डायवर्ट करनी पड़ीं। घटना के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं। पहले वीडियो में दिख रहा है कि महिला कार को रेलवे ट्रैक पर चला रही है। दूसरे वीडियो में स्थानीय लोग, रेलवे कर्मचारी और पुलिस मिलकर महिला को कार से बाहर निकालते दिखते हैं। रेलवे पुलिस की सुपरिंटेंडेंट चंदना दीप्ति ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि वह महिला हाल ही तक एक मल्टीनेशनल कंपनी में काम कर रही थी। वह मानसिक रूप से अस्थिर लग रही थी। (अनंत ज्ञान)

# चीन में पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ सिंह

**एजेंसी, शंघाई**

चीन के किंगदाओ में वीरवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की। उन्होंने एससीओ के जॉइंट स्टेटमेंट पर साइन करने से भी इनकार कर दिया, क्योंकि उसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को शामिल नहीं किया गया था, जबकि पाकिस्तान के बलूचिस्तान में हुई आतंकी घटना का जिक्र था। भारत ने इस पर नाराजगी जाहिर की। राजनाथ सिंह ने बैठक में कहा, 'कुछ देश सीमा पार आतंकवाद को अपनी नीति मानते हैं। वे आतंकवादियों को पनाह देते हैं। फिर इसे इनकार करते हैं। ऐसे डबल स्टैंडर्ड के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। उन्हें समझना होगा कि अब आतंकवाद के एपिसेंटर सेफ नहीं हैं। एससीओ को ऐसे देशों की आलोचना करने में संकोच नहीं करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)



> एससीओ की जॉइंट स्टेटमेंट पर भी नहीं किए हस्ताक्षर

# हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोध नहीं : अमित शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वीरवार को नई दिल्ली में राजभाषा विभाग के कार्यक्रम में कहा कि हमें विदेशी भाषा सहित किसी भी भाषा से कोई विरोध भाव नहीं है। शाह ने आगे कहा, 'मैं मन से मानता हूं कि हिंदी किसी भी भारतीय भाषा की विरोध नहीं हो सकती। हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की सखी है। हिंदी और सभी भारतीय भाषाएं मिलकर हमारे आत्मगौरव के अभियान को उसकी मंजिल तक पहुंचा सकती हैं। इससे पहले 19 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, 'इस देश में जो लोग अंग्रेजी बोलते हैं, उन्हें जल्द ही शर्म आएगी। ऐसे समाज का निर्माण दूर नहीं है।' (अनंत ज्ञान)



# उधमपुर में एनकाउंटर में एक आतंकी ढेर

## पिछले साल से इलाके में छिपे हैं आतंकवादी, सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन जारी

**एजेंसी, उधमपुर**

जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बसंतगढ़ इलाके में वीरवार सुबह से शुरू हुए एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। इलाके में तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है।

आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन ने बताया कि बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में पिछले एक साल से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। वीरवार सुबह साढ़े 8 बजे इनकी जानकारी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है। सोर्स के अनुसार, इलाके में 3 और आतंकी हैं। देर शाम तक दोनों तरफ से फायरिंग होती रही। (अनंत ज्ञान)

### अबूझमाड़ में जवानों ने दो महिला नक्सली कीं ढेर

**एजेंसी, नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में जवानों ने दो महिला नक्सलियों को मार गिराया है। दोनों के शव बरामद कर लिए गए हैं। साथ ही 315 बोर राइफल और अन्य हथियार भी बरामद हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली थी कि कोहकामेटा इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी है। बुधवार की रात जब जवान नक्सलियों के ठिकाने पर पहुंचे, तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। वीरवार सुबह जब जवानों ने सर्च ऑपरेशन चलाया तो 2 नक्सलियों के शव बरामद हुए।

# संसद नहीं, संविधान सबसे ऊपर: सीजेआई

**एजेंसी, अमरावती।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊपर है। हमारे लोकतंत्र के तीनों अंग (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) संविधान के अधीन काम करते हैं। सीजेआई गवई ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन मेरी राय में संविधान सर्वोपरि है। सुप्रीम कोर्ट के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई होमटाउन अमरावती में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे। सीजेआई गवई ने कहा कि संसद के पास संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकती। (अनंत ज्ञान)

# एनआईए की पंजाब, हरियाणा यूपी में 18 जगहों पर छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने वीरवार को आतंकी साजिश के एक मामले में देश के तीन राज्यों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में 18 जगहों पर एनआईए ने छापेमारी की है। पंजाब में 9, हरियाणा में 7 और यूपी में 2 जगहों पर संदिग्धों के ठिकानों पर सुबह से ही छापेमारी शुरू हो गई थी। एनआईए की टीम ने विशेष इनपुट के आधार पर छापेमारी की। एनआईए ने तीनों राज्यों के राज्य पुलिस बल द्वारा सहायता भी ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी पहले भी पंजाब में भारत और विदेशों में सक्रिय खालिस्तान समर्थक समूहों और अन्य राष्ट्रविरोधी तत्वों से कथित रूप से जुड़े आतंकवादी नेटवर्क के संबंध में छापेमारी करती रही है। (अनंत ज्ञान)

### छापेमारी की वजह



**आतंकवाद** निरोधक एजेंसी लक्षित हत्याओं, जबरन वसूली और तस्करी के माध्यम से पंजाब में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के प्रयासों से जुड़ी एक बड़ी साजिश की जांच कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, मानसा में रेड की यह कार्रवाई यूट्यूबर सुखबीर सिंह और पाकिस्तान निवासी शहजाद भट्टी के बीच हुई कथित चैट और बातचीत के आधार पर की गई। एजेंसी को संदेह है कि दोनों के बीच हुई बातचीत में देश विरोधी, संदिग्ध गतिविधियों के संकेत मिल सकते हैं।

**कार्रवाई** — आय से अधिक संपत्ति और भ्रष्टाचार मामले में ईडी का शिकंजा, 40 से अधिक बैंक खाते और 3 लॉकर सीज

# असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर सरीन की करोड़ों रुपए की संपत्ति जब्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला/धर्मशाला**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में तैनात असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन और उनके सहयोगियों पर बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने हरियाणा और पंजाब में स्थित सरीन के सात आवासीय और व्यावसायिक परिसरों सहित सरकारी कार्यालयों में तलाशी अभियान चलाया।

इस दौरान भ्रष्टाचार और आय से अधिक संपत्ति से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस, 32 लाख मूल्य की दो कारें, 40 से अधिक बैंक खाते/एफडीआर और तीन लॉकर जब्त/फ्रीज किए गए। इसके अतिरिक्त, उनके ओमेक्स कैसिया न्यू चंडीगढ़ स्थित आवास से 60 से अधिक बिना बिल वाली शराब की बोतलें भी मिलीं। यह कार्रवाई बद्दी में असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर के रूप में सरीन की पिछली पोस्टिंग के दौरान व्यक्तिगत लाभ और रिश्वत के लिए पद के दुरुपयोग से संबंधित है। जानकारी के अनुसार ईडी की यह जांच हिमाचल प्रदेश राज्य सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा निशांत सरीन के खिलाफ घूस लेने पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी।

सरीन को उनके सहयोगी कोमल खन्ना के साथ गिरफ्तार किया गया था और आरोपपत्र दायर किया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद सरीन को सितंबर 2024 में धर्मशाला में असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर के पद पर तैनात किया गया था। ईडी अब धर्मशाला में उनकी वर्तमान भूमिका में जबरन वसूली की शिकायतों और निशांत सरीन के परिवार के सदस्यों और दवा कंपनियों के बीच संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की भी जांच कर रही है। धर्मशाला में एडीसी रहते हुए भी सरीन पर फार्मा कंपनियों से उगाही और परिवार के सदस्यों के खातों में संदिग्ध ट्रांजेक्शन के आरोप हैं। ईडी ने बताया कि यह जांच अभी जारी है और कई अहम खुलासे अभी बाकी हैं।



प्रवर्तन निदेशालय की टीम की ओर से जब्त की गई कारें और बरामद की गईं शराब की बोतलें।

> घूस लेने के आरोप में जब्त कीं लग्जरी कारें, शराब की बोतलें भी बरामद

### अन्य मामले में हरियाणा पुलिस भी कर रही जांच

**इस** मामले के अलावा, 2022 में हरियाणा पुलिस द्वारा दर्ज एक और एफआईआर की भी जांच की जा रही है, जिसमें झेनियां फार्मास्यूटिकल्स, पंचकूला के साझेदारी विलेख की कथित जालसाजी और निशांत सरीन द्वारा अपने आधिकारिक पद का दुरुपयोग कर कोमल खन्ना के हिस्से को बढ़ाने का आरोप है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### एक दिन में 3 परीक्षाएं, 'आप' ने जताया विरोध



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आम आदमी पार्टी प्रदेश ने 29 जून को एक ही दिन आयोजित की जा रही तीन प्रमुख परीक्षाओं–हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (HPAS) प्रारंभिक परीक्षा, यूजीसी-नेट (GC-NET) और आईआईटी मंडी की जूनियर असिस्टेंट परीक्षा–को लेकर गहरा रोष प्रकट किया है। पार्टी के बाबा साहेब अंबेडकर विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धनीराम शुक्ला ने मुख्यमंत्री सुक्खू से इस विषय में तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने राज्य लोक सेवा आयोग से HPAS परीक्षा की तिथि बदलने का आग्रह किया है ताकि हजारों अभ्यर्थी इन परीक्षाओं में से किसी एक को छोड़ने को मजबूर न हों। डॉ. शुक्ला ने कहा, 'UGC-NET जैसी परीक्षा के लिए 1200 रुपए शुल्क और महीनों की मेहनत के बाद यदि कोई अभ्यर्थी HPAS या IIT मंडी की परीक्षा छोड़ता है, तो यह उनके साथ अन्याय है।

### भोरंज के विनीत ने पास की एलाइड परीक्षा



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** हमीरपुर जिले के भोरंज के रहने वाले विनीत कुमार ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से आयोजित एलाइड सर्विसेज परीक्षा उत्तीर्ण की है। वह सहायक राज्य आबकारी एवं कराधान अधिकारी पद के लिए चयनित हुए हैं। यह भोरंज उपमंडल की पंचायत लगमनवी के रहने वाले है। इनके पिता सेवानिवृत्त अध्यापक हैं और माता गृहिणी है। इस उपलब्धि से विनीत कुमार ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन्होंने अपनी पढ़ाई वर्ष 2014 में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज से पूरी की है। उसके बाद इन्होंने अपनी ग्रेजुएशन डिग्री कॉलेज भोरंज से पूरी की। यह ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन योगदान भोरंज के सक्रिय सदस्य भी हैं। विनीत कुमार ने कहा कि इस सफलता के लिए अपने माता-पिता, अध्यापकों व अपने दोस्तों का धन्यवाद किया। इसने कहा कि मेहनत के बलबूते पर कोई भी मुकाम हासिल कर सकते हैं।

### सिलाई-कढ़ाई और फैशन डिजाइनिंग के इंटरव्यू 4 को

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** टोयोट्सू अंबिका ऑटोमोटिव सेफ्टी कंपोनेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 4 जुलाई को आईटीआई सुजानपुर में सिलाई-कढ़ाई, ड्रेस मेकिंग और फैशन डिजाइनिंग ट्रेड की महिला उम्मीदवारों की साक्षात्कार लेगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि आईटीआई की फाइनल ईयर की प्रशिक्षणार्थी भी इस साक्षात्कार में भाग ले सकती हैं। उनकी आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 16,411 रुपये मासिक वेतन, वर्दी, सस्ता भोजन, साल में 14 दिन का आकस्मिक अवकाश, 15 दिन का अर्जित अवकाश, मेडिकल सुविधा, 180 दिन का मातृत्व और अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार 30 जून को सुबह साढ़े नौ बजे अपने बायोडाटा, सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों, आधार कार्ड की दो प्रतियों और दो फोटो सहित आईटीआई सुजानपुर में पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकती हैं।

### भरेड़ी स्कूल में छात्रों ने ली नशा न करने की शपथ

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत शांति निकेतन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल भरेड़ी में अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोरंज थाना के एसएचओ प्रशांत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधक एडवोकेट पंकज भारद्वाज एवं प्रधानाचार्या दीपा शर्मा ने मुख्य अतिथि का हार्दिक स्वागत और सम्मान किया। मुख्य अतिथि एसएचओ प्रशांत सिंह ने छात्रों को नशीले पदार्थों से दूर रहने, सकारात्मक सोच अपनाने, और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पैरा लीगल वॉलंटियर अशोक कुमार ने भी जानकारी दी। स्कूल प्रबंधक एडवोकेट पंकज भारद्वाज ने बताया कि कार्यक्रम में छात्रों ने भी नशा मुक्ति पर भाषण, पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या दीपा शर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास ही नहीं, बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है।



### नशा आदमी के शरीर को कर देता है खोखला




**वीरेंद्र गोस्वामी, अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन के दुर्गा सिंह स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ा में नशा निवारण समिति के सौजन्य से स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रभारी प्रदीप वालिया ने की। इस कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों के अतिरिक्त प्रवक्ता वीर सिंह, सुशील पठानिया, मनोज कुमार, शशि, किरण देवी, मुकेश कुमार, अशोक कुमार आदि ने विशेष रूप से भाग लिया। स्कूल के बच्चों द्वारा कस्बा में इस दौरान जागरूकता रैली भी निकाली। इस अवसर पर नशा निवारण समिति की प्रभारी बंदना शर्मा ने विधार्थियो को नशीले मादक पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। स्कूल के प्रभारी प्रदीप वालिया ने कहा कि नशा एक धीमा जहर हैं जिसका सेवन करने से आदमी का शरीर अंदर से पूर्ण रूप से खोखला हो जाता है। अतः हमें इन मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहना चाहिए, ताकि हम स्वस्थ जीवन जी सकें।

### नशा निवारण के लिए निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बढ़ारन में बैनर्स और पोस्टर्स के माध्यम से एक जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें सभी बच्चों ने नशे से दूर रहने के लिए लोगों को प्रेरित किया। स्कूल के उपप्रधानाचार्य विजय कुमार सोनी ने प्रार्थना सभा में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक विषय पर अपने विचार भी साझा किए। इस दौरान बच्चों द्वारा नारा, पोस्टर लेखन और चार्ट भी बनाए गए एवं बच्चों में नशे के ऊपर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी स्कूल की प्रवक्ता प्रवीण कुमारी ने दी।

### प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नादौन।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस रावमापा (कन्या) नादौन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूक किया गया। संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि प्रिंसिपल राजकुमारी कौशल के नेतृत्व में प्रभारी व प्रवक्ता अजय कुमार ने नशा निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर सभी छात्राओं को जागरूक किया तथा विविध गतिविधियों का आयोजन भी किया गया ताकि सभी छात्राएं नशे के दुष्प्रभावों को जान सके। इस दौरान प्रेरणादायक फिल्म की स्क्रीनिंग भी करवाई गई।

### बच्चों ने नशे से दूर रहने की ली शपथ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल नादौन में इंटरनेशनल ड्रग एब्यूज दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल दिली मोहम्मद पोसवाल ने की। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल पंकज शर्मा, अरविंद कुमार के अलावा केशव गोस्वामी ने छात्रों को तंबाकू, भांग, शराब चिट्टा, अफीम, हीरोइन, स्मैक आदि से बचने व इनके दुष्प्रभाव बारे जानकारी दी । इस अवसर पर बच्चों को नशा न करने बारे शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर उपप्रिंसिपल डॉ. सतीश शर्मा, एनसीसी प्रभारी एवं प्रवक्ता विपिन सिंह परमार तथा नोडल ऑफिसर सुरेंद्र कुमार कालिया भी उपस्थित रहे।

### मनीष को संस्कृत शिक्षक परिषद खंड नादौन की कमान



प्रधान चुने जाने के बाद मनीष कुमार अन्य पदाधिकारियों के साथ सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, नादौन।** हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के नादौन खंड के चुनाव में डॉ. मनीष कुमार को सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया, जबकि राकेश कुमार को महासचिव तथा पंकज शर्मा को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसके अलावा राधा कुमारी को उपाध्यक्ष व अशोक कुमार को संगठन मंत्री चुना गया। चुनाव अधिकारी अजय कौशल ने बताया कि चुनाव परिषद के जिलाध्यक्ष नरेश मलोटिया की अध्यक्षता में संपन्न हुए। चुनावी प्रक्रिया में शिक्षाखंड नादौन के करीब 50 संस्कृत अध्यापकों के अलावा हिरवानी ठाकुर, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. अमित शर्मा, विपन कुमार, पवन कुमार, ज्योति प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# एक साल बाद मिली पाइपें

## कॉलेज चौक से पानी के टैंक तक पाइप बिछाने का कार्य हुआ शुरू

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** जलशक्ति विभाग से ब्यास नदी से शुरू की गई पेयजल योजना के तहत बचे 600 मीटर के स्पैम को जोड़ने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है। इसके तहत कॉलेज चौक से लेकर हीरानगर स्थित पानी के टैंक तक पाइप बिछाई जानी है, लेकिन करीब एक साल बाद पाइप आने के बाद भी अभी तक कुछ जगहों पर एनएचआई से परमीशन आना बाकी है। एनआईटी से राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के गेट तक विभाग द्वारा लाइन फुटपाथ पर ही बिछा दी है, जबकि उससे आगे पाइप को दबाने के लिए खुदाई की हा रही है।

बता दें कि जलशक्ति विभाग द्वारा ब्यास नदी से वार्ड नंबर 11 के लिए लगभग 18 करोड़ रुपए की पेयजल योजना तैयार की थी। इस योजना के तहत एनआईटी से कुछ पीछे तक पाइप लाइन बिछा दी थी, लेकिन पाइप खत्म होने के बाद इस पाइप लाइन को टैंक से जोड़ने का कार्य लगभग एक साल पेंडिंग चल रहा था। विभाग का तर्क था कि एनआईटी तक तो पाइप बिछा दी है, लेकिन उससे आगे पाइप लाइन बिछाने के लिए उनके पास पाइपों की कमी है। गौर रहे कि पिछले 10 दिन पहले ही जलशक्ति विभाग के पास पानी की पाइपें पहुंची थीं। विभाग के पास पाइपें पहुंचने के बाद पाइपें बिछाने का काम तो शुरू कर दिया है, लेकिन कई जगहों पर विभाग को पाइप बिछाने के लिए एनएचआई से परमीशन लेने के लिए आवेदन किया है, अभी तक जिसकी परमीशन नहीं आई है।




600 मीटर स्पैम के लिए एक साल बाद पाइपें पर कार्य दोबारा शुरू हुआ है।

**अभी भी कुछ जगहों पर एनएचआई से परमीशन आना है बाकी**

ब्यास नदी से शुरू की गई योजना से वार्ड नंबर 11 को अलग से पानी उपलब्ध होना था, साथ ही एनआईटी, हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर, आईएचएम हमीरपुर के लिए भी पानी की सप्लाई शुरू की जानी है। बकायदा इसके लिए हीरानगर में मशीनरी इंस्टॉल कर दी गई है। गौर रहे कि वार्ड नंबर के लोग पानी की समस्या से जूझ रहे थे, जिसके विभाग ने अलग से योजना तैयार की थी। इस योजना को पूरा करने के लिए विभाग ने पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू कर दिया है।

इस बारे में जलशक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता नीरज भोगल ने बताया कि महाविद्यालय चौक से पानी के टैंक तक 600 मीटर स्पैम के लिए पाइपें आ गई हैं और उसको बिछाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि कुछ जगहों पर एनएचआईए की परमीशन आनी बाकी है, वहां पर परमीशन आने के बाद ही कार्य किया जाएगा।

# स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शेड्यूल तैयार



आईआईएम सिरमौर से प्रशिक्षित टीम की बैठक में विचार-विमर्श करते गणमान्य।

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** जिला स्तर पर स्कूल नेतृत्व और प्रबंधन विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शेड्यूल तैयार कर लिया गया है। इस शेड्यूल को अंतिम रूप देने के लिए IIM सिरमौर से प्रशिक्षित की रिसोर्स पर्सन केआरपी हाल ही में लौटे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल मदन लाल बन्याल ने की। उन्होंने प्रशिक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रभावी नेतृत्व ही विद्यालयों की प्रगति का मूल आधार है।

जिला नोडल अधिकारी पुनीत कुमार ने जानकारी दी कि इस प्रशिक्षण का लक्ष्य जिले के 100 स्कूल प्रमुखों जिनमें प्रिंसिपल, हेडमास्टर और केंद्रीय मुख्य शिक्षक शामिल हैं, को नेतृत्व व प्रबंधन के क्षेत्र में दक्ष बनाना है। यह प्रशिक्षण जुलाई माह में आयोजित किया जाएगा और चरणबद्ध तरीके से विभिन्न चयनित स्कूलों में संपन्न होगा। आज

**जुलाई में 100 स्कूल प्रमुख होंगे शामिल**

IIM सिरमौर से प्रशिक्षित टीम की बैठक में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा और मॉड्यूल तय किए गए। प्रशिक्षण के दौरान जिन प्रमुख विषयों को शामिल किया जाएगा, उनमें नेतृत्व कौशल, टीम प्रबंधन, निर्णय लेने की प्रक्रिया, स्कूल विकास योजना, अकादमिक नेतृत्व और सामुदायिक सहभागिता जैसे मुद्दे शामिल हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य स्कूल प्रमुखों को ऐसा नेतृत्व प्रदान करना है, जो न केवल शिक्षकों को प्रेरित करें, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण भी सुनिश्चित करें।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा है ताकि स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रभावशाली प्रशासनिक व्यवस्था को बढ़ावा मिल सके।

## रास्ता रोककर की मारपीट, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत रंगस के गांव नियाटी में रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। नियाटी गांव के चुन्नी लाल पुत्र दुनी चंद ने पुलिस को शिकायत की है कि रणजीत पुत्र किशन चंद, बलवंत पुत्र जय किशन, अकुंश व बबलू पुत्र रणजीत सिंह ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज तथा मारपीट की। एसपी भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

## पंखे से लटककर व्यक्ति ने दी जान

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के धनेटा क्षेत्र के गांव झरेड़ी में एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार झरेड़ी गांव के शशि कुमार पुत्र प्रीतम चंद आयु 38 वर्ष ने दोपहर को अपने घर के पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। वह घर में अकेला था जिसकी पत्नी प्राइवेट स्कूल में टीचर है।

मृतक की करीब 3 साल की बेटी भी है। आत्महत्या की खबर मिलते ही धनेटा पुलिस चौकी की टीम मौका पर पहुंची तथा शव का मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस हर पहलू को मद्देनजर रखते हुए मामले की छानबीन कर रही है।

# सुक्खू स्वास्थ्य व गांव वाले सीएम के नाम से जाने जाएंगे: कै. रणजीत




टौणी देवी अस्पताल में खंड सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई का शिलान्यास करते विधायक।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नागरिक अस्पताल टौणी देवी में स्थापित होने वाले खंड सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाई का शिलान्यास सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह ने किया। विधायक का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर खंड स्वास्थ्य अधिकारी व उनके स्टाफ व स्थानीय जनता ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

इस दौरान विधायक ने में कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू स्वास्थ्य शिक्षा व गांव को समृद्ध करने में लगे हुए हैं। आने वाले समय में सीएम सुक्खू को स्वास्थ्य व गांव के मुख्यमंत्री का नाम दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि नागरिक अस्पताल टौणी देवी में जल्द एक स्त्री रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाएगी। विधायक ने कहा कि हम सुजानपुर के विकास हेतु वचनबद्ध हैं, उसे सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का विकास व अन्य सभी सुविधाओं को उपलब्ध करवाना मेरी जिम्मेदारी है।

इसी कड़ी को जोड़ते हुए आज यह शिलान्यास किया गया है जिससे टौणी देवी वासियों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में नागरिक अस्पताल के अस्पताल के खंड स्वास्थ्य अधिकारी, स्टाफ कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय जनता उपस्थित रही।

## कार्तिक अब नवोदय विद्यालय डूंगरी में करेगा पढ़ाई

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला मोरसू के कार्तिक पुत्र सुनील कुमार गांव मोरसू झींरा ने पांचवीं कक्षा 98 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की। कार्तिक ने नवोदय विद्यालय की परीक्षा उत्तीर्ण कर छठी कक्षा में प्रवेश प्राप्त करके स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। कार्तिक के पिता मैकेनिक तथा माता किरण बाला गृहिणी हैं।



स्कूल मुख्य अध्यापिका सुनील कुमारी ने कहा कि यह कार्तिक की कड़ी मेहनत, अध्यापकों के सही मार्गदर्शन व माता-पिता के सहयोग का परिणाम है कि कार्तिक ने इस परीक्षा को पास किया है। स्कूल के स्टाफ ने कार्तिक और उसके माता-पिता को बधाई दी है।

# नापतोल विभाग से डिपो संचालकों को दिक्कत : कवि

## बेइंग मशीनें विभाग ने दीं, 2 साल बाद सर्टिफाइड करवाने के लिए 10 किलो का बट्टा मांग रहे साथ

**विक्रम ढटवालिया, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**हमीरपुर।** सूबे में डिपो संचालकों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रहीं। अब नापतोल विभाग से उन्हें एक और दिक्कत पेश आ रही है। खाद्य पूर्ति विभाग ने 2 साल पहले उन्हें फ्री ऑफ कॉस्ट जिन बेइंग मशीनों को डिपो संचालकों को दिया था, अब उन्हें फिर से सर्टिफाइड करवाने के लिए नई मुसीबत तैयार हो गई है। इसे नापतोल विभाग से पास करवाने के लिए 10 किलोग्राम का बट्टा भी खरीद कर लाना होगा। इस 'बट्टे' के बगैर बेइंग मशीन सर्टिफाइड नहीं होगी।

असल समस्या यह है कि मशीन तो सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई थी, काम भी वे सरकार का ही कर रहे हैं। पीडीएस का राशन बांटने का जिम्मा उन्हीं के हवाले है और सरकार ने न केवल राज्य स्तर पर बल्कि केंद्रीय स्तर पर पूरे भारत में इस तरह की मशीनों को देशभर के सभी डिपो संचालकों को फ्री में उपलब्ध करवाया था।

**पैसा खर्चने पर किया जा रहा मजबूर : अशोक**



**हिमाचल** डिपो संचालक समिति के राज्य अध्यक्ष अशोक कवि ने इस समस्या को लेकर बताया कि अब वह काफी परेशान हैं क्योंकि यह मशीन सरकार द्वारा मुहैया करवाई गई थी, लेकिन अब सर्टिफाइड करवाने के लिए खुद को डेढ़ हजार का बट्टा खरीदने पर मजबूर किया जा रहा है। कवि का कहना है कि यदि सरकार ने यह मशीनें खरीद कर संचालकों को दी हैं, तो सर्टिफाई करवाना भी सरकार का ही काम है। वैसे भी बट्टा खरीदने की इसमें जरूरत महसूस नहीं होनी चाहिए, यह बट्टा डेढ़ हजार रुपए का पड़ रहा है, और हर किसी डिपो संचालक को खरीदना पड़ेगा, क्योंकि नापतोल विभाग वाले इसकी खरीद करने के लिए कह रहे हैं। बट्टा लेकर नहीं जाएंगे, तो डिजिटल मशीन सर्टिफाई नहीं होगी। उन्होंने मांग की है कि इस कंडीशन को लागू न किया जाए क्योंकि यह डीपो संचालकों के लिए अतिरिक्त रूप में आर्थिक बोझ डालेगी, इसका कोई मतलब नहीं है।

**डेढ़ हजार है बट्टे की कीमत :** इन बेइंग मशीनों को पिछले साल भी सर्टिफाई किया गया था, लेकिन तब 10 किलोग्राम के बट्टे की जरूरत नहीं बताई गई थी और उसके बगैर ही मशीनें सर्टिफाई हो गई थीं। अब 2 साल का वक्त मुकम्मल हो चुका है और जो भी डिपो संचालक नापतोल विभाग के पास डिजिटल नापतोल मशीन को लेकर पहुंच रहा है, उससे 10 किलोग्राम का बट्टा मांगा जा रहा है, अब क्योंकि इसकी कीमत लगभग डेढ़ हजार रुपए है और यह हर एक को खरीदना पड़ रहा है, उस पर भी मुहर लगेगी। बट्टा और मशीन दोनों को सर्टिफाई करके दिए जाएगा।

# डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को दिए अस्पतालों की सुरक्षा के गुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को अस्पतालों में आवश्यक सुरक्षा प्रबंधों तथा अस्पतालों के लिए सुनियोजित एवं प्रभावी सुरक्षा योजना तैयार करने के बारे में प्रशिक्षित करने हेतु जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा दिल्ली की एक संस्था जियो-हैजर्ड सोसायटी के सहयोग से तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. बृजनंदन शर्मा ने कार्यशाला का शुभारंभ किया।



डीडीएमए द्वारा जियो-हैजर्ड सोसायटी के सहयोग से आयोजित की जा रही है कार्यशाला।

इस दौरान डॉ. बृजनंदन शर्मा ने कहा कि किसी भी तरह की प्राकृतिक आपदा या अन्य आपात परिस्थिति में स्वास्थ्य संस्थानों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। इन्हीं के माध्यम से कई अनमोल जानें बचाई जा सकती हैं। कार्यशाला के आयोजन के लिए डीडीएमए की सराहना करते हुए डॉ. बृजनंदन शर्मा ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं और अन्य आपात परिस्थितियों के लिए स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत करने तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों को इसके लिए प्रभावी सुरक्षा योजना तैयार करने हेतु प्रशिक्षित करने की दिशा में यह कार्यशाला अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। इस कार्यशाला में जिले भर के खंड चिकित्सा अधिकारी, अन्य चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मचारी भाग ले रहे हैं।

## सैनिक स्कूल सुजानपुर में पढ़ाई करेगी कैहडरू की शनाया

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** धरोग पंचायत के गांव कैहडरू की शनाया शर्मा पुत्री चंदन कुमार अब सैनिक स्कूल सुजानपुर में छठी कक्षा में पढ़ाई करेगी। बता दें कि शनाया शर्मा ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में हिमाचल प्रदेश सामान्य वर्ग की छात्राओं में 275 अंक व एएल रैंक 1210 प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही है। शनाया जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में छठी कक्षा में पढ़ाई कर रही है। शनाया के दादा हुकुमचंद शर्मा ने दी।



## दाड़ से अनमोल नवोदय के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** गलोड़ कस्बे की पिछड़ी पंचायत और प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित क्लस्टर श्रेष्ठ विद्यालय दाड़ के छात्र अनमोल का चयन नवोदय की नौवीं कक्षा के लिए हुआ है। अनमोल अमरोह गांव के शशि भूषण का बेटा है। शशि भूषण दाड़ की इसी प्राइमरी स्कूल में अध्यापक हैं व माता गृहणी हैं।इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन और स्कूल प्रबंधन समिति ने अनमोल को समान्नित किया और उसके माता-पिता को बधाई दी है।

# पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य पर पुलिस विभाग द्वारा स्कूली बच्चों को नशा उन्मूलन तथा नशीले पदार्थों व दवाओं के दुरुपयोग के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, डीएसपी लालमन शर्मा, डीएसपी हरीश गुलेरिया ने मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए राजकीय औद्योकिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरबाड़ तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मैड़ में बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

इस दौरान जिला में मादक पदार्थों के गैर कानूनी प्रवाह, प्रचलन और दुरुपयोग को जड़ से उखाड़ फेंकने और वर्तमान भावी पीढ़ी के लिए पूर्णतया स्वच्छ वातावरण बनाने की दृष्टि से चलाए गए वार अंगेस्ट ड्रग्स विषय पर विस्तारपूर्वक सभी स्कूली बच्चों के साथ चर्चा की व महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई।

पुलिस अधिकारियों ने सभी बच्चों को नशे से दूर रहने एवं दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इसके अलावा बताया कि अज्ञात लिंक, कॉल, ओटीपी और बैंक डिटेल्स साझा करने से बचें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर हेल्पलाइन नं. 1930 पर सूचना दें, अन्यथा तुरंत साइबर पोर्टल पर अपनी शिकायत पंजीकृत करें। इसके अलावा सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में भी जानकारी दी। सभी बच्चों को अपने-अपने मोवाइल फोन में 112 व ड्रग फ्री हिमाचल एप को डाउनलोड करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 पर या नजदीकी थाना प्रबंधक अधिकारी को सूचित करके कोई भी समस्या या जानकारी साझा करने के बारे में सूचित कर सकते हैं।

**आयोजन** आईटीआई में मनाया प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस

# नशा रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक बरते सतर्कता : कुलदीप

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

नशीली दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने वीरवार को राजकीय आईटीआई हमीरपुर में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में आईटीआई प्रबंधन के अलावा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए), पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने भी अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएलएसए के सचिव कुलदीप शर्मा ने कहा कि हमारे समाज में नशे की समस्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त लोग नए-नए हथकंडे अपनाकर युवा पीढ़ी को इसके जाल में फंसा रहे हैं। इसको रोकने के लिए प्रत्येक नागरिक को सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने आम लोगों को न्याय सुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) द्वारा आरंभ की गई मुफ्त कानूनी सहायता योजना की विस्तृत जानकारी भी दी तथा पात्र लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील भी की।



आईटीआई में प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी के विरुद्ध दिवस मनाया।

उन्होंने बताया कि इसके लिए नालसा के हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एएसपी राजेश कुमार ने नशीले पदार्थों के सेवन एवं तस्करी, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, इनसे उत्पन्न विभिन्न समस्याओं तथा इनके उन्मूलन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे को पूरी तरह समाप्त करने के लिए समाज और प्रत्येक नागरिक को भी आगे आना होगा। समाज के सहयोग से ही पुलिस इस समस्या को नियंत्रित कर सकती है। आयुष विभाग की डॉ. रजनी ठाकुर और स्वास्थ्य विभाग के जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने भी छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया। इससे पहले, जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा ने मुख्य अतिथि, सभी वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा नशे के उन्मूलन के लिए सरकार की ओर से आरंभ किए गए अभियान की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में सुजल, कनिष्का चंदेल और मेघा ने क्रमश प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में आकांक्षा पहले, मनीष दूसरे और शिवानी तीसरे स्थान पर रही।

भाषण प्रतियोगिता में शिपाली शर्मा प्रथम, प्रियंका द्वितीय और अभिषेक तृतीय रहे। सभी प्रतिभागियों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य सुभाष चंद शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, मुख्य अतिथि और सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## जलशक्ति विभाग में पार्टटाइम कर्मचारियों को 5 माह से नहीं मिला वेतन, जताया रोष

**सुनील कुमार, अनंत ज्ञान, जाहू।** जलशक्ति विभाग में पार्टटाइम कर्मचारियों को पिछले 5 महीने से वेतन न मिलने की वजह से सरकार के प्रति भारी रोष प्रकट किया है। जलशक्ति विभाग के पार्टटाइम कर्मचारी अक्षय कुमार, कर्म चंद, सुनील कुमार, रमेश कुमार, पवन कुमार, अरुण कुमार, शशिकांत, राजकुमार, कुलदीप कुमार ने बताया कि 5 महीने से अधिक भी जाने के बावजूद भी पार्टटाइम कर्मचारियों को सरकार के द्वारा वेतन नहीं दिया गया है। वेतन न मिलने की वजह से परिवार का पालन-पोषण करना बहुत ही कठिन हो गया है। जलरक्षकों को जनवरी के बाद सैलरी नहीं दी गई, जिससे कर्मचारियों को परिवार चलाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पहले ही सरकार उनके साथ अन्याय कर रही है । 5600 रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा है। उपरोक्त कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश सरकार के द्वारा पार्टटाइम तो एक नाम दिया गया है जबकि पार्टटाइम कर्मचारी पूरा दिन ड्यूटी पर रहते हैं। पूरा साल एक भी दिन इन्हें छुट्टी नहीं दी जाती, चाहे दीपावली हो या लोहड़ी, फिर भी हम पूरी ईमानदारी से अपना काम कर रहे हैं।

सरकार ने आज तक कोई स्थायी नीति नहीं बनाई, जैसे बिजली विभाग में दो साल में पक्का करने की नीति है, वैसे ही जल रक्षक बहुउद्देशीय कर्मचारी पंप ऑपरेटर को 5 साल में पक्का किया जाए। जलशक्ति विभाग में कार्यरत पार्टटाइम कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार व जलशक्ति विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाई है कि अतिथि घर वेतन उपलब्ध कराया जाए ताकि परिवार का पालनपोषण करने में कोई कठिनाई न हो तथा बच्चों की स्कूलों की फीस टाइम पर दे सकें।

# सुक्खू सरकार की नीतियों से आया शिक्षा में सुधार

## 'परख' सर्वे में देश में पांचवां स्थान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने प्रयासों को बताया सफलता की कुंजी

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। हाल ही में जारी राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) 2025 'परख' के परिणामों में हिमाचल ने देशभर में पांचवां स्थान हासिल कर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। इस उल्लेखनीय प्रगति का श्रेय सीधे तौर पर राज्य की सुक्खू सरकार की दूरदर्शी नीतियों और विशेष रूप से शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों और मार्गदर्शन को जाता है, जिन्होंने शिक्षा के उत्थान को अपनी प्राथमिकता बनाया। यह मात्र एक आंकड़ा नहीं, बल्कि 2021 में 21वें पायदान से शीर्ष पांच में आने की एक प्रेरणादायक कहानी है, जो राज्य के शिक्षा परिदृश्य में आए सकारात्मक बदलाव को दर्शाती है।







### 2 जुलाई को दिल्ली में होगा औपचारिक सम्मान

**हिमाचल** की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि की आधिकारिक घोषणा और सम्मान समारोह 2 जुलाई को दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। यह सफलता हिमाचल प्रदेश को पूरे देश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के एक प्रेरणादायी मॉडल के रूप में स्थापित करती है, जो यह दर्शाता है कि केंद्रित प्रयासों और मजबूत नेतृत्व से कैसे शैक्षिक परिदृश्य को बदला जा सकता है।

शिक्षा मंत्री ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे राज्य सरकार की शिक्षा-केंद्रित नीतियों का सीधा परिणाम बताया। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई ऐसे साहसिक और अभूतपूर्व फैसले लिए हैं, जिनके परिणाम आज 'परख' सर्वे में स्पष्ट दिख रहे हैं। यह बेहतर रैंकिंग उन्हीं ठोस प्रयासों और नीतियों पर लगी मुहर है।

उन्होंने आगे बताया कि छात्रों के सीखने की क्षमता को बढ़ाने के लिए विभाग ने गहन रणनीति पर काम किया। उन्होंने कहा कि हमने पूरे प्रदेश में तीन मॉक टेस्ट आयोजित किए, ताकि बच्चे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए तैयार हो सकें। इसके अतिरिक्त, स्कूली बच्चों में सीखने की प्रवृत्ति को बढ़ाने और उनकी समझ को गहरा करने के लिए दो विशेष पीरियड भी लगाए गए। इन लक्षित तैयारियों और समर्पण का ही परिणाम है कि आज हमारे बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर इतना शानदार प्रदर्शन किया है।

दिसंबर 2024 में हुए इस सर्वेक्षण में 1215 स्कूलों के तीसरी, छठी और नौवीं कक्षा के कुल 27 हजार बच्चों का गणित, विज्ञान और भाषा का ज्ञान परखा गया था। हिमाचल ने इस कसौटी पर खरा उतरते हुए 16 अन्य राज्यों को पीछे छोड़ा। विशेष रूप से तीसरी कक्षा के परिणामों में राज्य ने देश में दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि छठी और नौवीं कक्षा में यह चौथे स्थान पर रहा, जो प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा में राज्य की मजबूती को परिलक्षित करता है।

### अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के एक्सपोजर दौरों से हुआ बौद्धिक विकास

**समग्र** शिक्षा अभियान के राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने इस सफलता के पीछे के कुछ महत्वपूर्ण कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि कम छात्र संख्या वाले स्कूलों का विलय, शिक्षण स्टाफ का युक्तिकरण (शिक्षकों का तर्कसंगत आवंटन), रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाना और सभी विधानसभा क्षेत्रों में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूलों की चरणबद्ध स्थापना जैसे कदम उठाए गए। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए आयोजित अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थानों के एक्सपोजर दौरों ने वैश्विक शिक्षण दृष्टिकोण और समग्र शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने में योगदान दिया।

### न्यूज ब्रीफ



पलटा हुआ ट्राला।

## टाहलीवाल-गढ़शंकर मार्ग पर मक्की से भरा ट्राला पलटा, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** स्थानीय टाहलीवाल -गढ़शंकर मार्ग पर बाथडी मोड़ में बड़ा हादसा हो गया। मक्की से भरा टिप्पर ट्राला अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के मुताबिक शाहकोट (जालंधर) से एक एग्रो इंडस्ट्रीज के लिए मक्की ला रहा ट्राला बाथड़ी मोड़ (ऊना) पर पलट गया। हादसे में ट्राला चालक गुरबख्श सिंह और जसवीर सिंह दोनों निवासी शाहकोट, गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, कंडक्टर दीपक, निवासी शाहकोट की मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शिमला मिर्च में दो गुना वृद्धि होने से खिले किसानों के चेहरे

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान।** राजगढ़। शिमला मिर्च के दाम में करीब दो गुना वृद्धि होने से किसान बेहद प्रसन्न हैं। वीरवार को प्रदेश की सबसे बढ़ी सब्जी मंडी सोलन में शिमला मिर्च का बाजार बहुत अच्छा रहा और शिमला मिर्च अधिकतम 70 रुपए प्रति किलोग्राम बिकी, जबकि बीते दो दिनों से शिमला मिर्च का भाव सोलन सहित अन्य मंडियों में 30 से 35 रुपए प्रति किलोग्राम रहा था। यहां तक कि बीते सप्ताह शिमला मिर्च केवल 15 रूपये प्रति किलोग्राम बिकी थी। बता दें कि इन दिनों राजगढ़ क्षेत्र से टमाटर, शिमला मिर्च और फ्रांसबीन जैसी नकदी फसलें प्रदेश की सबसे बड़ी सब्जी मंडी सोलन के अतिरिक्त दिल्ली, पानीपत और चंडीगढ़ मंडियों में पहुंच रही है। जिसमें फ्रांसबीन का रेट वीरवार को बीते दो दिनों की अपेक्षा काफी अच्छा रहा। अर्थात अच्छी किस्म की फ्रांसबीन 38 से 40 रुपए प्रति किलो बिकी।

## उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित ने पोवारी शोंगटोंग बैराज का किया निरीक्षण



**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** उपायुक्त किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने निर्माणाधीन पोवारी-शोंगटोंग बैराज के समीप राष्ट्रीय उच्च मार्ग-05 की सड़क में आई दरारों का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को यातायात बहाली व दरारों से सड़क को हुए नुकसान को समय पर ठीक करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण पोवारी-शोंगटोंग बैराज के समीप सड़क में दरारें उत्पन्न हुई, जिस कारण इस मार्ग को यातायात के लिए बंद कर दिया गया तथा शिल्टी-कड़छम वैकल्पिक मार्ग से यातायात सुचारू ढंग से आरंभ कर दिया गया है।

## राज्यपाल शुक्ल ने 450 मेधावी स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला में आयोजित शिमला के मेधावी कार्यक्रम में 40 से अधिक स्कूलों के 450 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने जोर दिया कि शिक्षा केवल अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का माध्यम है।



राज्यपाल दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए।

राज्यपाल ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती भूमिका पर चर्चा करते हुए इसके विवेकपूर्ण और जिम्मेदारी से उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को यू-ट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक निर्भर न होने और सार्थक ज्ञान अर्जित करने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि भारत एआई और तकनीकी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिससे रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध हो रहे हैं।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल रोजगार प्राप्त करना नहीं होना चाहिए, बल्कि युवाओं को सशक्त बनाना और एक सभ्य, सशक्त भारत का निर्माण करना भी होना चाहिए, जैसा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य है।

## कथित एमएलए की स्कार्पियो से फर्जी पीएसओ सहित 3 लोग गिरफ्तार

### गाड़ी से पिस्टल व दो जिंदा कारतूस बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन पुलिस ने फर्जी नंबर की कथित एमएलए की स्कार्पियो से फर्जी पीएसओ सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें एक महिला भी शामिल है। यही नहीं गाड़ी से एक पिस्टल व दो जिंदा कारतूस भी बरामद किए है।

एएसपी राजकुमार चंदेल के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस को सूचना मिली कि परवाणु से हरियाणा नंबर की एक स्कार्पियो हुटर व फ्लैश लाइट जलाते हुए सोलन की ओर आ रही है। इसे रोकने का प्रयास किया गया तो ड्राइवर भगाकर ले गया। दोहरी दीवार सोलन के पास ट्रैफिक पुलिस ने गाड़ी को रोका। गाड़ी में बैठे हरियाणा पुलिस की वर्दी पहने व्यक्ति ने गाड़ी को एमएलए की बताया और अपने आप को उनका पीएसओ बताया। जांच में पता चला कि वर्दी की तरह पीएसओ भी फर्जी है। उनके पास मिली पिस्टल का लाइसेंस हरियाणा का था। हिमाचल का कोई लाइसेंस नहीं था। ट्रैफिक पुलिस ने जब गाड़ी के नंबर को चैक किया तो इस गाड़ी में लगा नंबर टोयटा क्रिस्टा का निकला। पुलिस ने इस मामले में एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने पौधरोपण कर प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शिमला में आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें पौधारोपण, एक प्रदर्शनी का उद्घाटन, युवा छात्रों के साथ एक मॉक पार्लियामेंट और आपातकाल पर एक संगोष्ठी शामिल थी।



पौधरोपण एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन करते केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित कई प्रमुख भाजपा नेता उपस्थित थे, जिन्होंने कांग्रेस पर तानाशाही मानसिकता और परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया, साथ ही आपातकाल के दौरान लोकतंत्र का गला घोंटने के लिए उसकी आलोचना की। संगोष्ठी के दौरान किरेन रिजिजू ने कांग्रेस के दोहरे मापदंडों की निंदा की और आपातकाल के उन 'प्रहरियों' को सम्मानित किया जिन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया था, जिसमें सुरेश भारद्वाज, राधा रमण शास्त्री और अन्य कई लोग और उनके परिवार शामिल थे, जिन्हें उस दौरान जेल में डाला गया था। यह आयोजन आपातकाल की भयावहता को याद करने और भविष्य की पीढ़ियों को लोकतंत्र के महत्व के बारे में शिक्षित करने पर केंद्रित था।

## कांग्रेस ने आपातकाल लगाकर की थी लोकतंत्र की हत्या : हर्ष मल्होत्रा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**





पत्रकार वार्ता को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा।

देश में लगाए गए आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर केंद्रीय कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला हैं।

वीरवार को धर्मशाला में पत्रतार सम्मेलन के दौरान राज्य हर्ष मल्होत्रा ने आरोप लगाया कि 25 जून 1975 की आधी रात को तकालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आंतरिक अशांति का बहाना बनाकर भारत पर आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की थी। यह निर्णय किसी युद्ध या विद्रोह के कारण नहीं, बल्कि अपने चुनाव को रद्द किए जाने और सत्ता बचाने की हताशा में लिया गया था। उन्होंने कहा कि आपातकाल की घोषणा कोई राष्ट्रीय संकट का नतीजा नहीं थी, बल्कि यह एक डरी हुई। प्रधानमंत्री की सत्ता बचाने की रणनीति थी, जिसे न्यायपालिका से मिली चुनौती से बौखला कर थोपा गया। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर, विधायक पवन काजल, विधायक सुधीर शर्मा, संजय शर्मा, राकेश शर्मा, विशाल चौहान, विनय चौधरी, सचिन शर्मा, एडवोकेट विश्व चक्षु, पूर्व विधायक विशाल नेहरिया आदि मौजूद रहे।

## सीएम ने मानसून से निपटने के दिए कड़े निर्देश

### हिमाचल में प्राकृतिक आपदाओं का तांडव, 5 की मौत, कई लापता; विद्युत परियोजनाएं बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मानसून के दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी जिला प्रशासनों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने वीरवार को शिमला से वर्चुअल माध्यम से प्रदेश में मौसम की स्थिति की समीक्षा की और उपायुक्तों को 24×7 आमजन के लिए उपलब्ध रहने तथा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्य युद्धस्तर पर चलाने का आदेश दिया।



बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को नदियों और नालों के पास रहने वाले लोगों, विशेषकर प्रवासी मजदूरों की पहचान कर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और पुनर्वास करने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए नदी-नालों के पास न जाने की एडवाइजरी जारी करने और किसी भी क्षति की सूचना सरकार को शीघ्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए है।

मुख्यमंत्री ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में तीन स्थानों पर बादल फटने, नौ बाढ़ की घटनाएं और तीन भूस्खलन सामने आए हैं, जिनमें पांच लोगों की मृत्यु और एक व्यक्ति के घायल होने की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय राजमार्ग-505 और एनएच-3 पर भूस्खलन के कारण कई स्थानों पर मार्ग अभी भी अवरुद्ध हैं। कुल्लू जिले की सैंज घाटी के मझान नाला में बादल फटने से सैंज, पार्वती और लारजी जल विद्युत परियोजनाओं को हुए नुकसान के मद्देनजर इन्हें बंद कर दिया गया है और गेट खोल दिए गए हैं।

## आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाए प्रदेश सरकार : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर बादल फटने, भारी बारिश व बाढ़ के चलते हुए जान-माल के नुकसान पर दुख प्रकट करते हुए प्रदेशवासियों से खराब मौसम को ध्यान में रखते हुए नदी-नालों, भूस्खलन संभावित इलाकों से दूर रहने की अपील की है।



ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में भारी वर्षा के चलते कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति सहित कई जगहों से जन-जीवन और संपत्ति को नुकसान की खबरें चिंताजनक है। जगह-जगह सड़कें क्षतिग्रस्त होने, मकान ढह जाने से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, खासकर ग्रामीण इलाकों में नुकसान ज्यादा हुआ है जिसके चलते कुछ इलाकों में आवागमन ठप हुआ है। मौसम की मार के कारण कुछ लोगों के हताहत होने की खबर कष्टदाई है। मेरी हार्दिक संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मेरा राज्य सरकार से आग्रह है कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत राहत एवं बचाव कार्य को गति देकर पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता सुनिश्चित करें।

**हृदयविदारक** खड्ड की दहाड़ ने कर दिया कई घरों में अंधेरा, रेस्क्यू अभियान जारी

## मनूणी खड्ड ने दूसरे दिन उगले 3 और शव

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** धर्मशाला के साथ लगते खनियारा में भारी बरसात में मनूणी खड्ड ने ऐसा औंद्र रूप दिखाया है कि हर कोई डरा व सेहमा हुआ है। बताया जा रहा है कि खडड में पानी के तेज बहाव में 15 से 20 मजदूर बह गए हैं जिनमें से एसडीआरएफ व एमडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू करने में लगे हुए हैं।

वीरवार के दिन 3 और लोगों के शवों को बरामद कर लिया गया है। शवों को एनडीआरएफ के जवानों द्वारा धर्मशाला के पोस्टमार्टम ग्रह में पहुंचा दिया गया है और शुक्रवार को इन शवों का पोस्टमार्टम करवाकर और शिनाख्त ने बाद यह परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। इसी के साथ इस हादसे के दौरान जंगल की और भागे मजदूर को भी एनडीआरएफ के जवानों द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है और उसको मेडिकल के लिए धर्मशाला अस्पताल पहुंचाया गया है।

जानकारी के अनुसार अभी तक कुल 5 लोगों के शवों को बरामद किया गया है, जबकि पानी में बहे कई लोगों का कोई अता-पता नहीं है। बुधवार को कुदरत ने ऐसा कहर बरपाया है कि कई घरों में सनाटा पसर चुका है। खड्ड जिन लोगों को अपने साथ बहाकर ले गई वे सभी हाइड्रो प्रोजेक्ट में काम करते थे और खड्ड किनारे बनाए शेड में रह रहे थे। राहत एवं बचाव कार्य लगातार युद्धस्तर पर जारी है। घटनास्थल पर राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की दो टुकड़ियां तथा होमगार्ड की एक टीम तैनात है और निरंतर सर्च ऑपरेशन में जुटी हुई हैं। हालांकि, घटनास्थल पर उपायुक्त कांगड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपमंडलाधिकारी धर्मशाला एवं तहसीलदार, थाना प्रभारी स्वयं उपस्थित हैं और स्थिति की प्रत्यक्ष निगरानी कर रहे हैं। संपूर्ण सर्च ऑपरेशन का संचालन जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र कांगड़ा से किया जा रहा है, जिसकी कमान एडीएम कांगड़ा के पास है। एक अतिरिक्त बैकअप टुकड़ी, जिसमें पुलिस कर्मी शामिल हैं, को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की एक टुकड़ी को भी राहत एवं बचाव कार्य में सहायता हेतु बुलाया गया है। पानी के बहाव में कई मशीनरियां व वाहन भी बह गए है, जिससे भारी नुकसान भी हुआ है।



शव को निकालती एसडीआरएफ और एमडीआरएफ की टीमें।

### एडीएम बोले-खराब मौसम से रेस्क्यू अभियान में मुश्किलें

**वहीं,** इस बारे में जानकारी देते हुए धर्मशाला की एडीएम शिल्पी वेकटा ने बताया कि खराब मौसम के कारण इस रेस्क्यू अभियान में मुश्किल आ रही है, लेकिन अगर मौसम साफ होता है तो इस रेस्क्यू अभियान को तेज करने के लिए प्रशासन द्वारा ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में अभी तक 4 लोगों के शव बरामद किए जा चुके है और इस अभियान में अभी भी 4 लोग लापता है, जिनकी तलाश की जा रही है। शिल्पी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया में इस रेस्क्यू अभियान को लेकर भ्रमित प्रसार न करें।

### लवली पर रहा भगवान का आशीर्वाद, भागकर बचाई जान

**जब** भारी बरसात में मनूणी खड्ड ने दहाड़ लगाई तो जिला चंबा के निवासी लवली शोर मचाता हुआ पहाड़ी की तरफ भाग निकला और अपनी जाच बचाई। हालांकि, उसके बाकी साथी कुछ समझ पाते सभी को पानी ने निगल लिया। लवली ने बताया कि वह दोपहर का भोजन करने के लिए मनूणी प्रोजेक्ट में आया हुआ था कि अचानक से तेज आवाज आई और देखते ही देखते हर तरफ पानी के तेज बहाव आ गया और उनका कैंप इस तेज बहाव में बह गया। लवली ने बताया कि इस कैंप में 10 से ज्यादा लोग थे, जो इस तेज बहाव में बह गए। लवली बताया कि पूरी रात बिना कुछ खाए किसी तरह से रात गुजारी और सुबह एनडीआरएफ की टीम ने उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान तक पहुंचा दिया। उसने बताया कि खड्ड ने ऐसा शोर मचाया मानों जैसे भूकंप आ गया हो। तेज आवाज ने घाटी को हिलाकर रख दिया।



## हिमाचल में ऑनलाइन धोखाधड़ी से एयरटेल ने बचाए लाखों यूजर्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामलों के बीच, भारती एयरटेल ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कंपनी ने अपनी एआई-आधारित साइबर सुरक्षा प्रणाली के जरिए बीते 35 दिनों में 7 लाख से अधिक मोबाइल और ब्रॉडबैंड यूजर्स को धोखाधड़ी से रियल टाइम में बचाया है। यह सुरक्षा सेवा पूरी तरह मुफ्त है और इसके लिए कोई ऐप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं पड़ती। यह तकनीक व्हाट्सएप ई-मेल, ब्राउजर या सोशल मीडिया से आने वाले किसी भी संदिग्ध लिंक को मात्र 100 मिलीसेकंड में स्कैन कर ब्लॉक कर देती है। यदि कोई यूजर किसी धोखाधड़ी वाले लिंक पर क्लिक करता है, तो एयरटेल का एआई सिस्टम उसे तुरंत ब्लॉक कर एक चेतावनी संदेश के साथ सुरक्षित पेज पर भेज देता है। एयरटेल अपर नॉर्थ के सीईओ अनुपम अरोड़ा ने बताया कि एयरटेल यह अत्याधुनिक एआई सुरक्षा तकनीक पेश करने वाला भारत का पहला नेटवर्क है। यह पहल हिमाचल के डिजिटल रूप से तेज़ी से बढ़ते राज्य में यूज़र्स को अधिक सुरक्षित अनुभव दे रही है।

## एसएफआई ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की हिमाचल इकाई ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा। एसएफआई ने छात्र संघ चुनावों की तत्काल बहाली, छात्रावासों की कमी और विश्वविद्यालय में कथित फर्जी शिक्षक भर्ती जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने का आग्रह किया।

ज्ञापन में एसएफआई ने बताया कि 2013 से छात्र संघ चुनाव बंद होने से छात्र राजनीति और प्रतिनिधित्व पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान में लगभग 4000 छात्र-छात्राओं में से केवल 1200 को ही छात्रावास की सुविधा मिल पाती है, जिससे रहने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके अतिरिक्त, आरटीआई के माध्यम से जानकारी मिली है कि विश्वविद्यालय में 70 प्रतिशत शिक्षक फर्जी दस्तावेजों के सहारे भर्ती किए गए हैं, जो शैक्षणिक माहौल को दूषित कर रहे हैं और राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्त हैं। एसएफआई ने इन फर्जी भर्तियों की न्यायिक जांच और दोषी शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग की। साथ ही, नई शिक्षा नीति 2020 को जन-विरोधी बताते हुए इसके भगवाकरण और निजीकरण के प्रयासों का विरोध किया।

## हिमाचल में छात्राओं का यौन उत्पीड़न चिंताजनक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने गहरी चिंता जताई है। हाल ही में सिरमौर जिले के राजगढ़ और पच्छाद उपमंडल में नाबालिग छात्राओं के साथ एक शिक्षक द्वारा यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे हैं।

### प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर विद्यार्थी परिषद ने उठाई आवाज



पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। अभाविप की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने इन घटनाओं की घोर निंदा करते हुए निष्पक्ष और त्वरित जाँच की मांग की है, ताकि दोषी को जल्द से जल्द कठोर दंड मिल सके। उनका कहना है कि ये घटनाएं न केवल छात्राओं की सुरक्षा पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की गरिमा पर भी आघात करती हैं।

नैंसी अटल ने सोलन और मंडी में पहले भी ऐसे मामले सामने आने का जिक्र करते हुए सरकार और प्रशासन की ढिलाई पर सवाल उठाए हैं। अभाविप का मानना है कि सरकार को केवल वक्तव्य देने से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। उन्होंने मांग की है कि दोषियों को ऐसी सज़ा दी जाए जो प्रदेश में एक उदाहरण बन सके, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति विद्यालय जैसे पवित्र स्थल को कलंकित करने की हिम्मत न कर सके।

इसके अतिरिक्त, अभाविप ने शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ठोस नीति बनाने और शिकायत निवारण व्यवस्था को सक्रिय करने की भी मांग की है। अभाविप ने चेतावनी दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जंबल स्कूल के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंबल में जागरूकता रैली निकाली गई। छात्रों ने गांव में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली का नेतृत्व प्रधानाचार्य परमजीत सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि नशा सिर्फ व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे खुद को नशे से दूर रखें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें।

### शाहपुर में नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर में वीरवार को नशे के खिलाफ अभ्यर्थियों को शपथ दिलवाई गई। आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर चैन सिंह राणा ने कहा कि नशा एक गंभीर सामाजिक बुराई है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। संस्थान के समूह अनुदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि देश को नशे की समस्या से मुक्त करना है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जाता है।

### अटियालादाई स्कूल में विजेता बच्चों को बांटे पुरस्कार

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटियालादाई में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध और तस्करी रोकथाम दिवस मनाया गया। इसमें भाषण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता व नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल प्रवक्ता राजनीतिक शास्त्र विनोद कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उपप्रधानाचार्य सरदूल परमार ने बच्चों को मादक पदार्थों व इनकी अवैध तस्करी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ-साथ विजेताओं को पुरस्कार बांटे गए। नोडल अधिकारी रोजी शर्मा ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं, जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### बच्चों को वितरित किए सहायक उपकरण



**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** जिला समग्र शिक्षा कार्यालय कांगड़ा स्थित धर्मशाला में सहायक उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। जिला उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता कंचन ज्योति ने बताया कि समग्र शिक्षा द्वारा आयोजित इस कैंप में बच्चों को कानों की मशीनें, मोटराइज्ड व्हीलचेयर, सीपी चेयर और ट्राइसाइकिल वितरित की गईं। लगभग 95 बच्चों को उपकरण वितरण किए गए। छात्रा अंजलि राजा का तालाब को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी प्रदान की गई। इस अवसर पर डाइट प्रधानाचार्य राकेश शर्मा, जिला समन्वयक डॉ. अंजू शर्मा, वीना सिंह, विशेष शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री रोहित ने किया 20 करोड़ की दो परियोजनाओं का भूमि पूजन

## बोले- एएसईआर-2024 में तीसरे और एनएएस सर्वे में पांचवें स्थान पर पहुंचा हिमाचल

**रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान**

**फतेहपुर।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वीरवार को फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक परियोजनाओं का भूमि पूजन कर विधिवत शिलान्यास किया। इनमें मंझार में पहले चरण में 14 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला डे बोर्डिंग स्कूल और रैहन में 5.65 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सार्वजनिक लाइब्रेरी शामिल हैं।

इस अवसर पर फतेहपुर के विधायक एवं राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) भवानी सिंह पठानिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वांगीण विकास की रीढ़ मानती है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में गुणवत्तापूर्ण, आधुनिक एवं सुलभ शिक्षा हर विद्यार्थी तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा के मामले में हिमाचल एएसईआर-2024 में तीसरे और एनएएस सर्वे में पांचवें स्थान पर पहुंचा है। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में डे बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं, जहां छात्रों को स्मार्ट क्लासरूम, विज्ञान और कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, खेल सुविधाएं तथा पौष्टिक भोजन जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पीजीटी, टीजीटी, जेबीटी और एनटीटी के हजारों रिक्त पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जा रहा है।



फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र में शैक्षणिक परियोजना का भूमि पूजन करते रोहित ठाकुर।

### अध्यापक संघ ने समक्ष रखी मांगें

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ जिला कांगड़ा का प्रतिनिधिमंडल राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष व स्थानीय विधायक भवानी सिंह पठानिया के साथ जिला प्रधान सचिन जसवाल की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जी से रैहन में मिला और अध्यापक वर्ग की समस्याओं और मांगों पर चर्चा की। संघ ने एक मांग पत्र भी सौंपा, जिस पर उचित कार्रवाई का शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया है। संघ ने मांग की कि जिन आदेशों का हवाला देकर एसीपी रोकी गई थी, उन आदेशों को विभाग द्वारा पहले ही निरस्त किया जा चुका है, अतः एसीपी की बहाली शीघ्र की जाए। शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु को 60 वर्ष किया जाए।

## स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल के बच्चे किए जागरूक



प्रधानाचार्य राजीव ने एसआई जीवन पठानिया को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, जवाली**

**स्प्रिंग** डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में नशा निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस स्टेशन जवाली की टीम, जिसमें एसआई जीवन पठानिया, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, पीएलवी गणेश कुमार तथा पीएलवी विनोद कुमार शामिल हुए।

उन्होंने बच्चों को नशा निषेध के बारे में जागरूक किया तथा बताया कि इस वर्ष का विश्व नशीली दवा दिवस न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और वैकल्पिक आजीविका सहित रोकथाम में निवेश का आह्वान करता है, जो टिकाऊ लचीलेपन के निर्माण खंड हैं। प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल ने जवाली पुलिस स्टेशन की टीम का धन्यवाद किया। प्रधानाचार्य राजीव सिंह निरयाल ने एसआई जीवन पठानिया को सम्मानित चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमेटी मेंबर्स ने बच्चों को जागरूक किया।

## जीजीडीएसडी कॉलेज राजपुर में नशा न करने की ली शपथ



जीजीडीएसडी कॉलेज में स्टूडेंट्स ने नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता रैली निकाली।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**गोस्वामी** गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी ) महाविद्यालय राजपुर में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा के अंतर्गत नशा उन्मूलन को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। 12 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत पखवाड़ा मनाते हुए कॉलेज में कई गतिविधियों का आयोजन किया गया।

स्टूडेंट्स ने पोस्टर मेकिंग के जरिए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कॉलेज के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भारत सरकार के पोर्टल के माध्यम से नशा न करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण के पश्चात सभी को प्रमाण पत्र भी प्राप्त हुए। वहीं, विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकालकर नशा न करने का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। प्रधानाचार्य ने उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। इस रैली का प्रतिनिधित्व एनएसएस समन्वयक सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की सह समन्वयक सहायक प्राध्यापक डॉ. शिल्पी ने किया।

## बीड़ में विद्यार्थियों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बीड़ में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रधानाचार्य बृजमोहन शर्मा ने की। उन्होंने बच्चों को नशे के कुप्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के दिमाग को नष्ट कर देता है, सूझबूझ को खत्म कर देता है और व्यक्ति का जीवन अंधकार में चला जाता है, इसलिए नशे से दूर रहें, ताकि हमारा जीवन अच्छा बीत सके। कार्यक्रम में बच्चों ने भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में पटेल सदन प्रथम रहा और सुभाष सदन दूसरे स्थान पर रहा। प्रधानाचार्य ने हाल ही में एनसीसी के 10 दिवसीय कैंप में फायरिंग में प्रथम स्थान पर रहे उदित्य कुमार को 2 एचपी बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर से मिले गोल्ड मेडल को अपने हाथों से बच्चे को पहनाया।

## स्वस्थ शरीर और सशक्त मन ही सच्ची पूंजी : संदीप

### द्रोणाचार्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने रैली निकाल नशे के खिलाफ दिया संदेश



द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर कॉलेज रैत में राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन।


**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**द्रोणाचार्य** स्नातकोत्तर कॉलेज रैत में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ निषेध दिवस पर रोटरेक्ट क्लब ऑफ द्रोणाचार्य और रेड रिबन क्लब की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसकी शुरुआत नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण से हुई। रोटरेक्ट क्लब की छात्रा अशिता ने शपथ दिलाते हुए युवाओं से अपील की कि वे खेल, पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपना ध्यान सकारात्मक कार्यों की ओर केंद्रित करें। संदीप शर्मा ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर और सशक्त मन ही सच्ची पूंजी है, नशा इन दोनों का सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने कहा कि माता-पिता, शिक्षक और समाज सभी की यह सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराएं। कार्यकारी निदेशक डॉ. बलविंदर सिंह पठानिया ने कहा कि आज के युवाओं को अपने आप को ऐसी परिस्थितियों में ढालना होगा, जिससे वे नशे से दूर रहकर जीवन के सकारात्मक पक्षों की ओर अग्रसर हो सकें। महाविद्यालय के कार्यकारी निदेशक डॉ. पठानिया और विभागाध्यक्ष राजेश राणा ने विषय विशेषज्ञ संदीप शर्मा को हिमाचली टोपी और शॉल पहनाकर सम्मानित किया। वहीं, विद्यार्थियों ने नशा विरोधी रैली निकालकर नशे के खिलाफ जागरूकता संदेश दिया।




# अदम्य हिमाचल रोमांच व स्मृतियों का नया अध्याय



*जब ग्रीष्म की तपिश समतल भूमि पर अपना साम्राज्य जमाती है और मन शीतलता तथा शांति की एक बूंद को तरसता है, तब देवभूमि हिमाचल अपनी बाहें फैलाए खड़ा होता है। यह सिर्फ एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं, अपितु एक ऐसी अनुभूति है, जो प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य और आध्यात्म की गूढ़ शांति का अद्भुत समागम प्रस्तुत करती है। हिमाचल पर्यटन, इन दिनों अपने पूरे शबाब पर है, जहां वादियां सैलानियों को अपनी ओर खींच रही हैं और हर कोना एक नई कहानी कह रहा है। यहां के पर्वत, जो आकाश छूने की होड़ में लगे प्रतीत होते हैं। अपनी हिमाच्छादित चोटियों से शीतलता की फुहार बिखेरते हैं। धौलाधार की भव्यता हो या पीर पंजाल का विराट स्वरूप, हर चोटी अपनी एक अलग पहचान और आकर्षण समेटे हुए है। कलकल करती नदियां, जैसे ब्यास, सतलुज और रावी, अपनी मधुर ध्वनि से पहाड़ों की खामोशी को भंग करती हैं और इनकी धाराओं में एक प्राचीन संगीत गूंजता है।*

### पर्यटकों के लिए हिमाचल स्वर्ग से कम नहीं

**शिमला** की ब्रिटिशकालीन वास्तुकला से लेकर मनाली के साहसिक खेल, डलहौजी की शांत वादियां और धर्मशाला का तिब्बती प्रभाव हर जगह का अपना एक विशेष जादू है। इन दिनों, पैराग्लाइडिंग, रिवर राफ्टिंग और ट्रैकिंग जैसे एडवेंचर स्पोर्ट्स का रोमांच युवाओं को अपनी ओर खींच रहे हैं। वहीं जोगिंद्रनगर और पालमपुर जैसे स्थलों की चाय के बागानों की महक मन को एक असीम शांति प्रदान कर रही है।

### जल क्रीड़ाओं का नया क्षितिज रोप-वे का असीमित आकाश

**हिमाचल** प्रदेश अपनी विशाल पर्वतमालाओं, शांत वातावरण, सुरम्य वादियों और रोमांच से भरपूर गतिविधियों के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, झीलें और हरे-भरे जंगल हर पर्यटक को आकर्षित करते हैं। इसी पहचान को और गहरा करते हुए पर्यटन विभाग अब वाटर स्पोर्ट्स, रोपवे और अरण्य उद्यान (वन्यजीव पार्क) जैसे आकर्षक स्थलों के माध्यम से पर्यटकों को एक ऐसा अनुभव कराने का प्रयास कर रहा है, जिससे वे हर लम्हे को जिएं और उनकी यादों एवं तस्वीरों में हिमाचल की सुंदरता हमेशा बनी रहे। झीलें जो अब तक केवल अपनी शांत सुंदरता के लिए जानी जाती थीं, अब उनमें रोमांच की लहरें हिलोरें ले रही हैं। गोबिंदसागर झील, पौंग डैम और रेणुका झील जैसे स्थल अब केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए नहीं, बल्कि जल क्रीड़ा के शौकीनों के लिए भी नए गंतव्य बन रहे हैं। कयाकिंग, जेट स्कीइंग और बोटिंग जैसी गतिविधियां, पानी की सतह पर एक नया उत्साह भर रही हैं।

**प्रकृति के आंचल में आधुनिकता का संगम**

### पहाड़ों की ऊंचाई को छूने का सपना अब और सुगम

**नव** विकसित रोप-वे जैसे कि हाल ही में शुरू हुए एक नए रोप-वे की कल्पना करें, जो आपको घने जंगलों और बर्फ से ढकी चोटियों के ऊपर से ले जाता है, जहां से नीचे का नजारा किसी स्वप्न से कम नहीं लगता। यह न केवल सुविधाजनक यात्रा प्रदान करता है, बल्कि ऊपर से हिमाचल की नैसर्गिक सुंदरता का एक अविस्मरणीय परिदृश्य भी प्रस्तुत करता है। वहीं, अरण्य उद्यान, जहां प्रकृति अपने वन्यजीवों के साथ खुलकर सांस लेती है। पर्यटकों को वन्य जीवन के करीब आने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं। यह प्रयास है कि हर पर्यटक न केवल देखे, बल्कि अनुभव करे, हर क्षण को अपने भीतर समेटे और हिमाचल की अलौकिक सुंदरता को अपनी यादों में सहेजकर ले जाए।

### आध्यात्म और संस्कृति का चिरस्थायी सौंदर्य

**हिमाचल** केवल प्राकृतिक सुंदरता का ही पर्याय नहीं, यह आध्यात्म का भी केंद्र है। यहां के प्राचीन मंदिर, जैसे ज्वालाजी, चामुंडा देवी, बज्रेश्वरी देवी और नयना देवी, सदियों से भक्तों की आस्था का केंद्र हैं। इन मंदिरों में गूंजते भजन और घंटे-घड़ियाल की ध्वनि, एक अलौकिक शांति का अनुभव कराती है। मणिकर्ण की गर्म जलधाराएं और मलाणा की रहस्यमयी संस्कृति, इस भूमि को और भी अनूठा बना देती हैं। स्थानीय हस्तशिल्प जैसे कुल्लू शॉल, हिमाचली टोपी और पहाड़ी चित्रकला, पर्यटकों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं। ये कलाकृतियां न केवल यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करती हैं, बल्कि स्थानीय लोगों की आजीविका का भी आधार हैं। हिमाचल का भोजन, जिसमें धाम और सिड्डू जैसे पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं।

### पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास

**हिमाचल** सरकार और पर्यटन विभाग, पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सड़कों का सुदृढ़ीकरण, नई पर्यटन स्थलों का विकास और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देना, इन प्रयासों का हिस्सा है। जैसे-जैसे सूरज ढलता है और पहाड़ों पर लालिमा छा जाती है, हिमाचल का सौंदर्य और भी निखर उठता है। यह वह भूमि है जहां आप न केवल अपने शरीर को शीतलता दे सकते हैं, बल्कि अपनी आत्मा को भी नवजीवन प्रदान कर सकते हैं।

**विशेष रिपोर्ट : सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।**





# बरसात में पहाड़ों का सफर मस्ती भरा, पर सावधानी जरूरी

*बरसात के दिनों में पर्यटकों के लिए हिमाचल प्रदेश का सफर मस्ती भरा रहता है। मानसून के शुरू होते ही प्रदेश में पर्यटकों की संख्या भी बढ़ गई है। बरसात के इस मौके पर भारी संख्या में पर्यटक हिमाचल के पर्यटन क्षेत्रों में घूमने के लिए आ रहे हैं, लेकिन मस्ती के साथ सावधानियां बरतना भी जरूरी है। हालांकि, सरकार की ओर से बरसात के दिनों में हिमाचल में पर्यटकों के लिए किसी भी तरह की बंदिश नहीं है, लेकिन सुरक्षा को लेकर सरकार व प्रशासन लगातार पर्यटकों को एडवाइजरी भी जारी कर रहा है। पर्यटकों को प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा तथा सभी को नदी-नालों से दूर रहना होगा। भरी बरसात में सफर पर निकलने से परहेज करना होगा। पर्यटकों के लिए हिमाचल का रुख करना सुरक्षित है। प्रदेश में कोई भी नेशनल हाईवे बाधित नहीं है। इसके अलावा जो भी सड़कें बारिश से प्रभावित हुई हैं, उन सड़कों को ठीक करने का कार्य विभाग कर रहा है। पर्यटक शिमला, कुल्लू, मनाली, धर्मशाला, चंबा, डलहौजी आदि पर्यटन स्थलों का रुख कर सकते हैं। मानसून में जमकर बारिश हो रही है, जिससे मौसम काफी सुहावना बनता जा रहा है। काफी लोग इस दौरान घूमने को आ रहे हैं। मानसून में पहाड़ों के नजारे भी काफी खूबसूरत होता है। हालांकि, मानसून के दौरान पहाड़ों पर ज्यादा बारिश होने के चलते आपको थोड़ा सावधान रहने की भी जरूरत हैं।*

***विशेष रिपोर्ट : संजय अग्रवाल, धर्मशाला***



## हिमाचल में पर्यटकों के लिए किसी भी तरह की बंदिश नहीं

### धर्मशाला में 60 और डलहौजी में 70 फीसदी ऑक्यूपेंसी

**पर्यटन** क्षेत्रो में जाम की स्थिति भी गंभीर हो गई है। प्रदेश में प्रतिदिन 50 हजार वाहन आते-जाते हैं। होटलों में ऑक्यूपेंसी भी अच्छी चल रही है, धर्मशाला में 60 फीसदी और डलहौजी में 70 फीसदी ऑक्यूपेंसी है। वीकेंड पर ऑक्यूपेंसी और बढ़ने की उम्मीद है। मैक्लोडगंज नगरी पर्यटकों की पहली पसंद बन गई है, जहां शांति और प्राकृतिक सौंदर्य पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। हालांकि, होटल कारोबारी बरसात के दौरान लैंडस्लाइड और बाढ़ के कारण टूरिज्म को नुकसान होने की आशंका जता रहे हैं। मानसून के साथ ही हिमाचल पर्यटकों से पैक होना शुरू हो गया है।

### कांगड़ा घाटी में दो सप्ताह से भारी संख्या में पहुंच रहे सैलानी

**कांगड़ा** घाटी में बीते दो सप्ताह से सैलानियों की भारी आमद रिकॉर्ड की जा रही है। पहाड़ों पर मानसून की एंट्री के बाद मौसम खुशनुमा बना हुआ है। मैक्लोडगंज में मानसून के दौरान निजी होटल संचालकों को ने पर्यटकों को छूट देने की भी बात कही है। हालांकि, अभी तक प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से अभी तक निगम के होटलों में किसी प्रकार की छूट का एलान नहीं किया गया है। पिछले वर्ष निगम ने मानसून के दौरान निगम के करीब 45 होटलों में 20 से 40 प्रतिशत छूट देने का ऐलान किया था। हिल स्टेशन घूमने के शौकीन लोगों को मानसून के दौरान भी यहां घूमने का प्लान करना चाहिए।

## आरएस बाली की सलाह, मोबाइल फोन की लोकेशन रखें चालू

**पर्यटन** प्रमुख आरएस बाली ने पर्यटकों और आम जनता की सुरक्षा के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश के पर्यटन विकास बोर्ड एवं पर्यटन निगम के प्रमुख आरएस बाली ने कहा कि राज्य में मौसम की स्थिति ऐसी नहीं है कि घबराएं नहीं, क्योंकि दैनिक कामकाज में कोई बाधा नहीं आई है। उन्होंने पर्यटकों को सलाह दी है कि वे सावधानी से वाहन चलाएं तथा अपने मोबाइल फोन की लोकेशन चालू रखें, क्योंकि हो सकता है कि वे बारिश के कारण फंस जाएं। उन्होंने पर्यटकों को धीमी गति से गाड़ी चलाने की सलाह दी है। खासकर घने कोहरे में, जिससे दृश्यता काफी कम हो सकती है। उन्होंने तेज गति से गाड़ी चलाने से बचने और पहाड़ी क्षेत्र की पवित्रता का सम्मान करते हुए सुंदर यात्रा का आनंद लेने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला है।



## न्यूज ब्रीफ

### नौरा स्कूल में नशे से दूर रहने की सलाह

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में नशीले पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य प्रेम सागर ने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। प्रवक्ता नरेश राणा ने बच्चों से आग्रह किया कि वे किसी भी प्रकार का नशा अपने जीवन में न करें, क्योंकि नशा जिंदगी को बर्बाद करके देता है। इस मौके पर बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

### कुलपति बंसल ने किया प्रोग्राम गाइड का विमोचन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य सत प्रकाश बंसल ने प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के दूरवर्ती एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के तहत प्रस्तावित पांच ऑनलाइन कार्यक्रमों की प्रोग्राम गाइड का विमोचन किया, जिस दौरान सीडीओई के निदेशक प्रो. विशाल सूद उपस्थित रहे। इन प्रोग्राम गाइड में विश्वविद्यालय में चलने वाले प्रस्तावित ऑनलाइन कोर्स, जिनमें ऑनलाइन कोर्स एमए, इतिहास, एमए राजनीतिक विज्ञान, एमए अर्थशास्त्र, एमबीए और एमसीए इत्यादि विषयों से संबंधित संपूर्ण जानकारी उपलब्ध है और साथ ही विद्यार्थी सीडीओई की वेबसाइट पर भी इन्हें प्राप्त कर सकते हैं। दूरवर्ती एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र के निदेशक प्रो. विशाल सूद को कुलपति ने बधाई भी दी।

### आपातकाल के विरोध में निकाली मशाल यात्रा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में 25 जून 1975 एक ऐसा दिन है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इसी दिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए पूरे देश पर आपातकाल थोप दिया था। इस काले दिवस के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आपातकाल निषेध दिवस के रूप में मशाल यात्रा निकाली गई। छात्र-छात्राएं, विद्यार्थी के कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक कचहरी चौक तक हाथों में मशालें लिए नारे लगाते हुए पहुंचे। अभाविप विभाग संयोजक जितेंद्र वर्मा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी सिर्फ इतिहास पढ़ नहीं रही, वह इतिहास से सीख भी रही है।

### बच्चों की पढ़ाई को दिए 10,000 रुपए



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जन कल्याण संस्था तलवाड़ जयसिंहपुर की ओर से नानक चंद कटोच, मोहन सिंह, महेंद्र सिंह, कैप्टन अनूप गुलेरिया, कैप्टन टेक सिंह राणा, प्रदीप सरियाल द्वारा मंजू देवी पत्नी स्वर्गीय कुलबीर चंद निवासी खरजाड़, पंचायत सुआं को बच्चों की पढ़ाई के लिए 10000 और लज्जो देवी निवासी लाहड़ी, जिनके पति व बेटे का देहांत हो चुका है, उनको संस्था की ओर से 10000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। वहीं, प्रशासन से अनुरोध किया कि बेसहारा परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

# सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा नगरोटा : आरएस बाली

## 50.25 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का किया भूमि पूजन

**पर्यटन विकास बोर्ड परियोजना कार्यान्वयन इकाई कांगड़ा के ऑफिस का भी उद्घाटन किया**

राजन ढींगरा, अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने वीरवार को 50 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से नगरोटा बगवां के सौंदर्यीकरण करने की 6 विभिन्न परियोजनाओं का भूमिपूजन किया।

उन्होंने प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड परियोजना कार्यान्वयन इकाई कांगड़ा के कार्यालय का भी उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र देश-विदेश के सैलानियों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनेगा। बाली ने सर्वप्रथम नारदा शारदा मंदिर पहुंचे और मंदिर में माथा टेका। उन्होंने नगरोटा परिवार के बुजुर्गों के साथ मिलकर नारदा शारदा मंदिर के सौंदर्यीकरण के कार्य का भूमि पूजन किया। मंदिर के सौंदर्यीकरण पर 62 लाख की राशि को खर्च की जाएगी। इसके बाद गांधी मैदान पहुंचकर वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर भूमि पूजन किया, जिस पर 4.62 करोड़ रुपए की राशि खर्च की जाएगी। वहीं मेला ग्राउंड भी भूमि पूजन किया।

उन्होंने बताया इस मैदान के सौंदर्यीकरण पर पर 6.82 करोड़ रुपए की लागत लगाकर इसे नगरोटा के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बनाया जाएगा।



बुजुर्गों से उद्घाटन करवाते पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली।

### कहा- गांधी मैदान और मेला मैदान आपस में जोड़े जाएंगे

**आरएस** बाली ने बताया कि गांधी मैदान और मेला मैदान दोनों को आपस में जोड़ा जाएगा और इन दोनों मैदानों को भव्य रूप दिया जाएगा। इसके बाद नगरोटा के पौड साहिब गुरुद्वारा पहुंचे, जहां उन्होंने बुजुर्गों के साथ मिलकर भूमि पूजन किया और उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक गुरुद्वारा के सौंदर्यीकरण पर 2.30 करोड़ रुपए की राशि व्यय की जाएगी। उन्होंने गुरुद्वारे में माथा टेका और आशीर्वाद लिया। उन्होंने ठारू जंक्शन से हटवास तक के सड़क सौंदर्यीकरण का भूमि पूजन भी किया। इस सड़क के सौंदर्यीकरण पर 26.72 करोड़ रुपए की लागत लगाई जाएगी। उन्होंने बुजुर्गों के साथ मिलकर नगरोटा बगवां के पुराने बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण का भी भूमि पूजन किया, जिस पर 1.68 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया बड़ोह और अन्य जगह पार्क बनाने पर 7.48 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

# पौंग झील में बढ़ रहा जलस्तर 1292.95 फुट किया रिकॉर्ड



एक सप्ताह में चार फुट और पिछले दो दिन में दो फुट बढ़ा पौंग बांध का जलस्तर।

रविंद्र चौधरी, अनंत ज्ञान

**फतेहपुर।** बारिश होने के कारण पौंग बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। पौंग बांध में वीरवार को सुबह जलस्तर 1292.95 फुट रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को जलस्तर 1290.85 फुट रिकॉर्ड किया गया था। एक ही दिन में जलस्तर करीब दो फुट बढ़ गया है। बुधवार को पौंग बांध में 16920 क्यूसिक पानी की आमद थी, जबकि वीरवार को पौंग बांध में 34939 क्यूसिक पानी की आमद रिकॉर्ड हुई।

पिछले एक सप्ताह की बात की जाए, तो पौंग बांध में चार फुट पानी का स्तर बढ़ा है। पौंग झील को सहायक नदियों व खड्डों में पानी काफी ज्यादा आ रहा है, जिस कारण लगातार जलस्तर बढ़ता जा रहा है। पौंग बांध में 1410 फुट तक पानी स्टोर करने की क्षमता है, लेकिन 1390 फुट पहुंचने पर पानी को छोड़ना शुरू कर दिया जाता है। पौंग बांध में लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट हो गया है। एसडीएम जवाली विश्रुत भारती ने कहा कि पौंग झील का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। इसलिए क्षेत्रों में लगातार बारिश होने के कारण खड्डों-नालों में भी काफी तेज बहाव से पानी आ रहा है। उन्होंने जनता से आग्रह किया है कि खड्डों-नालों के पास न खुद जाएं और न ही मवेशियों को जाने दें।

## कोटला बाईपास सड़क गड्ढों में तब्दील, जलभराव से हालत खराब



कोटला में बाईपास रोड।

शिवू ठाकुर, अनंत ज्ञान

**कोटला।** उपतहसील कोटला के तहत कोटला में बाईपास रोड की हालत काफी खस्ता हो गई है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे पड़े हुए हैं। बारिश के कारण जलभराव होने से गंभीर बन गई है। लोगों ने बताया कि फोरलेन कंपनी ने फोरलेन निर्माण कार्य के लिए इसी सड़क का प्रयोग किया, लेकिन सड़क को दुरुस्त नहीं किया। लोगों को कोटला बाजार, मां बगलामुखी, अस्पताल, स्कूल या सरकारी दफ्तरों में जाने के लिए बाईपास रोड से जाना पड़ता है, लेकिन सड़क की हालत खराब होने के दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से मांग की कि बाईपास सड़क को दुरुस्त किया है। लोक निर्माण विभाग उपमंडल कोटला के सहायक अभियंता राजेश मांटा ने बताया कि बाईपास सड़क को टेंडर प्रोसेस को लेकर सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। टेंडर लगते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

# नगरोटा सूरियां में महिलाओं ने निकाली रोष रैली

## तहसीलदार के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन, अधिसूचना को रद्द करने की मांग

शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान

**नगरोटा सूरियां।** विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां को जवाली शिफ्ट करने की अधिसूचना को रद्द करने को लेकर संघर्ष समिति का धरना 15वें दिन भी जारी रहा। संघर्ष समिति के आह्वान पर आसपास की पंचायतों की महिलाओं ने इकट्ठे होकर नगरोटा सूरियां से समाज सेविका बबीता गुलेरिया की अगुवाई में रोष रैली निकाली। महिलाओं ने विकास खंड कार्यालय के बाहर इकट्ठा होकर सरकार के फैसले के प्रति अपना रोष जताया।

महिलाओं ने विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां से हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर बस स्टैंड तक नारेबाजी की। इसमें चंद्र कुमार होश में आओ, होश में आओ, ब्लॉक की अधिसूचना रद्द करो आदि नारे लगाए।

इसके बाद महिलाओं ने मुख्यमंत्री सुक्खू को नगरोटा सूरियां तहसीलदार के माध्यम से विकास खंड की अधिसूचना को रद्द करने के लिए ज्ञापन सौंपा। इसी बीच भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। वहीं, 15वें दिन अशोक कुमार, विजय नाग, विशाल सिंह, हंसराज, पवन धीमान और सुदेश कुमार पंचायत जरोट के ग्रामीण धरने पर बैठे। संघर्ष समिति के सह सयोजक गुरचरण सिंह बेदी ने हार पहनाकर धरने की शुरुआत करवाई। साथ ही संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि यह धरना तब तक जारी रहेगा, जब तक कि विकास खंड नगरोटा सूरियां को जवाली ले जाने की अधिसूचना रद्द नहीं हो जाती है।



विकास खंड कार्यालय नगरोटा सूरियां को जवाली शिफ्ट करने की अधिसूचना के खिलाफ प्रदर्शन करती महिलाएं।

## ढलियारा कॉलेज के 19 विद्यार्थियों ने चमकाया नाम

अनंत ज्ञान, ढलियारा

**राजकीय** महाविद्यालय ढलियारा के वोकेशनल हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म के 19 विद्यार्थियों ने सफलता की नई इबारत लिखी है। कॉलेज के 19 होनहार विद्यार्थियों का चयन देश की नामी होटल चेन कंपनियों में हुआ है। हर्ष, अंजलि, खुशबू, ऋषभ और अदिति का चयन रमाडा, कसौली में हुआ है। निखिल कौंडल को रमाडा प्लाजा जीरकपुर, और अभिषेक कौंडल को हयात रीजेंसी देहरादून में अवसर मिला है। मोनू कुमारी को लेमन ट्री होटल लुधियाना और गुंजन को ऑर्किड ग्रुप ऑफ होटल्स शिमला में नियुक्ति मिली है। अंशु को रमाडा अमृतसर में नौकरी मिली है। विवेक डोगरा, मृदुल शर्मा और पलक को बेस्ट वेस्टर्न मोहाली में चयन हुआ है।

आदित्य डडवाल, अभिषेक ठाकुर और साहिल ठाकुर को नोवोटल अहमदाबाद में नियुक्त किया गया है। सुनाली का चयन नेकनोवल मोहाली में हुआ है। अदिति को ह्यूमन रिसोर्स और पलक को फ्रंट ऑफिस विभाग में नियुक्त किया गया है।




चयनित ढलियारा कॉलेज के 19 विद्यार्थी।

## वजीर राम सिंह कॉलेज के 'सेफगार्ड अभियान' को राज्य स्तरीय सम्मान



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हाथों राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त करते प्रिंसिपल डॉ. सचिन कुमार।

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

**वजीर** राम सिंह राजकीय महाविद्यालय देहरी की ओर से संचालित 'सेफगार्ड अभियान' को वीरवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा शिमला में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया।

यह सम्मान नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ जागरूकता फैलाने, छात्र कल्याण और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में किए गए अभिनव प्रयासों को मान्यता देते हुए दिया गया है। इस अभियान का शुभारंभ विधायक भवानी सिंह पठानिया द्वारा किया गया था। इस अभियान के तहत मानसिक स्वास्थ्य, जीवन कौशल, संवाद कौशल, तनाव प्रबंधन, निर्णय क्षमता, आलोचनात्मक सोच और नशा उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं, नुक्कड़ नाटक, रैलियां और पंचायत स्तरीय जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे न केवल विद्यार्थियों में, बल्कि समुदाय में भी व्यापक जागरूकता फैली। इस अभियान को गुंजन संस्था धर्मशाला एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी कांगड़ा का भी सहयोग प्राप्त हुआ। प्रिंसिपल डॉ. सचिन कुमार ने इसे महाविद्यालय की सामूहिक उपलब्धि बताया और शिक्षा को समाजसेवा से जोड़ने की प्रतिबद्धता दोहराई। यह पुरस्कार केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि कॉलेज की सामाजिक जिम्मेदारी और समर्पण का प्रतीक है। 'सेफगार्ड अभियान' ने यह सिद्ध कर दिया है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, बल्कि जागरूक और संवेदनशील नागरिकों का निर्माण भी है।

## थरियाल के प्राइमरी स्कूल में चोरी करने वाले 2 चोर काबू

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** शाहपुर कंडी पुलिस स्टेशन के अधीन थरियाल गांव के प्राइमरी स्कूल में 23 जून को अज्ञात चोरों की ओर से ताले तोड़कर एलईडी, दो गैस सिलेंडर व पचास किलोग्राम गेहूं व अन्य सामान चोरी करने वाले तीन चोरों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है। टीचर रमेश कुमार ने शाहपुर कंडी पुलिस स्टेशन में शिकायत में दर्ज करवाई थी। अतिरिक्त एसएचओ सब इंस्पेक्टर भूमिका ठाकुर ने बताया कि दो आरोपियों को सामान सहित पकड़ लिया है। जांच अधिकारी एएसआई धर्मपाल ने बताया कि पुलिस ने थरियाल गांव के प्ररूल शर्मा को पंगोली चौक से व अजय कुमार निवासी थरियाल को थरियाल गांव से गैस सिलेंडर व पचास किलोग्राम गेहूं के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एलईडी को सुजानपुर में किसी दुकानदार के पास बेच दिया था, जिसको हिरासत में ले लिया है।



पुलिस के साथ पकड़े गए चोरी के आरोपी।

## आजीविका बढ़ाने को अच्छा साधन बागवानी



हंस आजीविका परियोजना के तहत किसानों को कृषि संबंधित जानकारी दी।

अनंत ज्ञान, पालमपुर

**हंस** फाउंडेशन की ओर से कांगड़ा जिले के विकास खंड लंबागांव व सुलह में हंस आजीविका परियोजना के तहत ग्रामीण किसानों हर्लीकल्चर (उद्यानिकरण) पर चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रसार शिक्षा निदेशालय चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में 23 से 26 जून तक आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ प्रसार शिक्षा निदेशालय के प्रशिक्षण इंचार्ज डॉ. लव भूषण द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में किसानों को कृषि, बागवानी, पशुपालन से संबंधित जानकारी प्रदान करना और इन व्यवसायों को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करना है। बागवानी, कृषि से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक हरसंभव किसानों की मदद करने के लिए तैयार है। बागवानी आजीविका को बढ़ाने के लिए बहुत ही अच्छा साधन है। फाउंडेशन के विषय विशेषज्ञ चेतना शर्मा ने बताया कि हंस आजीविका परियोजना के तहत वर्ष 2025-26 में सुलह एवं लंबागांव विकास खंड में बरसात सीजन में 60 किसानों की 30 एकड़ भूमि पर उद्यानिकरण का कार्य किया जाएगा। उद्यानिकरण कार्य में 85 प्रतिशत सहयोग द हंस फाउंडेशन व 15 प्रतिशत अंशदान किसान द्वारा किया जाएगा।

**मीटिंग** आयुष मंत्री ने की विकास खंड लंबागांव के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक

# लंबित विकासात्मक कार्यों को जल्द करें पूरा: गोमा

अजय पाल, अनंत ज्ञान

**पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा की अध्यक्षता में वीरवार को ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के तहत विकास खंड लंबागांव के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम, 15वें वित्तायोग के साथ अन्य विभागीय योजनाओं के तहत किए जा रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। खंड विकास कार्यालय लंबागांव की ओर से ग्रामीण स्तर पर की जा रही विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के और बेहतर कार्यान्वयन को सुनिश्चित बनाने के लिए आयुष मंत्री ने कार्यालय के अधिकारियों और सभी कर्मचारियों को प्राथमिकता के साथ कार्य निष्पादन का आह्वान किया। उन्होंने 15वें वित्तायोग के तहत लंबित विकासात्मक कार्यों प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करने के भी निर्देश दिए, ताकि आमजन लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत किया जा रहे कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के साथ-साथ गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।



### कहा- पांच 5 दिन के भीतर दें विकासात्मक कार्यों का पूरा ब्यौरा

**गोमा** ने कहा कि 5 दिन के भीतर सभी विकासात्मक कार्यों का पूर्ण ब्यौरा प्रस्तुत किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान खंड विकास अधिकारी सिकंदर कुमार ने अवगत किया कि विकास खंड लंबागांव के तहत जारी वित्त वर्ष के दौरान मनरेगा के अंतर्गत अब तक लगभग 97 लाख रुपए विभिन्न योजनाओं पर व्यय किए गए हैं। इसके अतिरिक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के माध्यम से जारी वित्त वर्ष में अभी तक 27232 कार्य दिवस अर्जित किए गए हैं।

### हिम ईरा दुकान का किया शुभारंभ

**यादविंद्र** गोमा ने विकास खंड कार्यालय लंबागांव के परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत निर्मित हिम ईरा दुकान का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में हिम ईरा दुकानों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि विकास खंड लंबागांव के पंजीकृत 609 स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए ऑर्गेनिक व पारंपरिक उत्पादों की बिक्री के लिए हिम ईरा शॉप की बेहतर सुविधा उपलब्ध हुई है। इस दौरान जसवंत, पंचायत समिति अध्यक्ष कुलवंत राणा सहित खंड विकास कार्यालय के अधिकारी, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांगड़ा जिले को नशा मुक्त बनाने में दें योगदान : डीसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी हेमराज बैरवा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डीसी ने बताया कि सरकार नशीली दवाओं के खिलाफ शून्य सहनशीलता (जीरो टॉलरेंस) की नीति पर काम कर रही है। नशीली दवाओं की तस्करी एवं सेवन से संबंधित मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है और दोषियों की संपत्तियों को भी जब्त किया जा रहा है। डीसी ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि वे स्वयं, अपने परिवार, मित्रों और समुदाय को नशे से दूर रखने का संकल्प लें और जिला कांगड़ा को नशा मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान दें। कार्यवाहक जिला कल्याण अधिकारी मंजुल ठाकुर ने 1 जून से 26 जून तक नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में आयोजित गतिविधियों की जानकारी साझा की।

**डीसी ने दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ**




अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते डीसी।

### युवाओं को किया नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित

**विभिन्न** शिक्षण संस्थानों एवं विभागों में खेल प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताएं, जागरूकता रैलियां तथा सेमिनार आदि आयोजनों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त सुभाष गौतम, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा, जिला रेडक्रॉस सचिव ओपी शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से 2.472 किलोग्राम चरस की बरामद

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** पुलिस उपमंडल रामपुर में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स शिमला द्वारा एक युवक से चरस बरामद करने का मामला दर्ज किया गया है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि जब वे अपनी टीम सहित बुधवार को रामपुर के अंतर्गत बजीरबावड़ी में गश्त पर थे तो उस दौरान उन्होंने एक युवक से 2.472 किलोग्राम चरस बरामद करने में सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार आरोपी की पहचान मनसा राम उर्फ मनीष (29) पुत्र कूमत राम वी.पी.ओ. बागा सराहन तहसील निरमंड जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### जुब्बल थाने में शिकायत पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** नरेश कुमार निवासी गांव नकराडी सेल्स मैन वाइन शॉप हाटकोटी की शिकायत पर पुलिस थाना जुब्बल में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 25 जून को रात्रि करीब 11 बजकर 50 मिनट पर आत्मा राम निवासी खोली तहसील जुब्बल सेल्स मैन वाइन शॉप हाटकोटी में बैठा हुआ था। उसी समय एक मोटर साइकिल नंबर पीबी65-5953 वाइन शॉप के सामने रुका। एक व्यक्ति ने सड़क से एक पत्थर उठाया जो आत्मा राम के सिर पर मारा। वह वाइन शॉप के अंदर बैठा हुआ था। मोटर साईकिल पर सवार व्यक्ति का नाम चंदन सिंह निवासी खोली और दूसरे व्यक्ति का नाम राजू निवासी बढावली तहसील जुब्बल है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि की है।

### सुन्नी में स्वयंसेवियों ने उखाड़े भांग के पौधे

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अंतरराष्ट्री नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य पर नगर पंचायत सुन्नी के विभिन्न स्थानों में उगे भांग के पौधों को नष्ट करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। उपमंडलाधिकारी सुन्नी राजेश वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए इस अभियान में पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्नी की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने मुख्य रुप से हिस्सा लिया और नगर पंचायत सुन्नी के वार्डों के इस गिर्द उगे भांग के पौधों को उखाड़ा गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी ने स्वयंसेवियों को नशा निवारण दिवस पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी और नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर नगर पंचायत सुन्नी के कर्मचारी तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राजेश नेगी तथा शारीरिक शिक्षा के अध्यापक और अन्य विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### सेब सीजन के प्रबंधों को लेकर बैठक कल

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** सेब सीजन के प्रबंधों को लेकर विभिन्न संगठनों के अध्यक्षों के साथ 28 जून को प्रातः 11:15 बजे उप मंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय रामपुर में बैठक आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए उपमंडलाधिकारी नागरिक रामपुर हर्ष अमरेंद्र सिंह ने बताया कि इस बैठक में रामपुर मंडल से संबंधित एप्पल ग्रोवर्स यूनियन, ट्रक यूनियन, पिकअप यूनियन, फॉरवर्डिंग संगठन, पैकिंग ग्रेडिंग संगठन व अन्य कोई भी हितकारी संगठन जो सेब सीजन से संबंधित है के अध्यक्ष जो सेब सीजन के इस बैठक में भाग लेना चाहते हैं वह दिनांक 28 जून को प्रातः 11:15 बजे आयोजित होने वाली बैठक में आमंत्रित हैं।

### आर्यन स्कूल की छात्रा नवोदय के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** आर्यन पब्लिक स्कूल, घरयाणा (सुन्नी) की मेधावी छात्रा हर्षिता भारद्वाज ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए जवाहर नवोदय विद्यालय, ठियोग में नवीं कक्षा के लिए चयनित होकर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हर्षिता मूलतः सोलन जिला के डाइलाघाट की रहने वाली हैं, और वर्तमान में अपने ननिहाल गांव मकड़च्छा (तहसील सुन्नी) में रहकर आर्यन पब्लिक स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। सीमित संसाधनों और साधनों के बीच पढ़ाई कर रही हर्षिता की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि कड़ी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से किसी भी मंजिल को पाया जा सकता है। हर्षिता की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से न केवल उनके माता-पिता, शिक्षकगण एवं ननिहाल परिवार, बल्कि पूरा गांव और विद्यालय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं अध्यापक वर्ग ने हर्षिता को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

# नशे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए सभी मिलकर करें सहयोग : उपायुक्त

## शिमला में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान

**शिमला।** नशे के खिलाफ संवाद ही समाधान है। यह उद्घोष था आज बचत भवन सभागार में गूंजता हुआ, जहां अंतरराष्ट्रीय नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ दिवस पर एक जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त शिमला ने युवाओं को नशे की काल-कोठरी से बाहर निकलने और समाज को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि नशा हमारे समाज को भीतर से खोखला कर रहा है, और इसे जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रशासन, समाज, अभिभावकों और युवाओं को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने चेताया कि एक बार का प्रयोग भी नशे की दलदल में धकेल सकता है, अतः युवाओं को इससे हर प्रकार की दूरी बनाए रखनी चाहिए। उपायुक्त ने छात्रों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें देश और प्रदेश का भविष्य बताया। उन्होंने ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा से ही हमारे ज्ञान का विकास संभव है, इसलिए सभी छात्र अपने दैनिक जीवन में पढ़ने की आदत डालें। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अभिभावकों के साथ खुला संवाद नशे के द्वार बंद कर सकता है। इस सार्थक आयोजन में शिमला शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया।



### डीसी ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**डीसी** ने उपस्थित सभी लोगों को नशा निवारण की शपथ दिलाई और एक हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया, जो इस नेक कार्य के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। उन्होंने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनके उत्साह को बढ़ाया।

### नशे के खिलाफ आवाज की बुलंद

**प्रतियोगिताओं** के माध्यम से उन्होंने नशे के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। विशेषज्ञों ने भी अपने ज्ञान की वर्षा की। उप चिकित्सा अधीक्षक आईजीएमसी डॉ. प्रवीण एस भाटिया व डीएसपी पुलिस मुख्यालय विजय रघुवंशी ने नशे के कारणों, प्रभावों और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी।

# बारिश से बागवानों, किसानों व आम लोगों को राहत, सावधानी भी जरूरी

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

**रामपुर** बुशहर व आस पास क्षेत्र में मानसून की बुधवार को पहली लगातार जोरदार बारिश ने जहां बागवानों, किसानों, लोगों के चेहरों पर खुशी लौटा दी है, वहीं आम लोगों को सतर्क रहने की सलाह भी दी जा रही है। बुधवार सुबह से लगातार हो रही जो समाचार लिखने तक जारी है। बारिश से तापमान में गिरावट आई है जिससे तपती गर्मी से लोगों ने राहत महसूस की है। खेतों में नमी का संचार हुआ है, जिससे फसल व सब्जियों की बुआई की राह आसान हो गई है।

यह बारिश खासकर सेब, फसलों और सब्ज़ियों की फसलों के लिए लाभकारी मानी जा रही है। लंबे समय से बारिश की प्रतीक्षा कर रहे किसानों ने खेतों में काम शुरू कर दिया है। नालियों और जल स्रोतों में पानी की आवक बढ़ गई है, जो सिंचाई के लिए भी लाभकारी होगी।

हालांकि बारिश से स्थानीय सड़कों पर फिसलन और कुछ स्थानों



### तापमान में आई गिरावट गर्मी से मिली राहत

पर भूस्खलन की संभावना भी बनी हुई है। रामपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ कच्चे रास्ते कीचड़ से भर गए हैं। जिससे ग्रामीणों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि सतलुज नदी का जल स्तर बढ़ रहा है वे पहाड़ी क्षेत्रों, नालों और नदी किनारे अनावश्यक न जाएं। विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। लोगों कौ बरसात के मौसम में बिजली के उपकरणों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से भी बचने की चेतावनी दी है।

मानसून की यह पहली बारिश जहां बागवानी व कृषि क्षेत्र के लिए संजीवनी बनी है, वहीं आम जनता को थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन, ग्राम पंचायतें और नागरिक एकजुट होकर यदि सजग रहें तो यह मानसून क्षेत्र के लिए समृद्धि का कारण बन सकता है।

# पूरे प्रदेश में चलेगा चौपाल से शुरू हुआ नशामुक्त हिमाचल अभियान

सपना सूद, अनंत ज्ञान

**चौपाल/नेरवा।** पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चौपाल से शुरू किया गया नशा मुक्त हिमाचल अब पूरे प्रदेश में चलेगा। इस अभियान की शुरुआत स्कूल के प्रधानाचार्य के आग्रह पर 12 जून को एंटी नारकोटिक्स टेस्ट फॉर्स के एसपी अरविंद दिग्विजय नेगी द्वारा की गई थी। अब शिक्षा विभाग ने इस अभियान को प्रदेश स्तर पर चलाने का निर्णय लिया है।

विभाग ने एडीजीपी/सीआईडी प्रदेश एंटी नारकोटिक्स टास्क फॉर्स के तत्वाधान में इस अभियान को पूरे प्रदेश के स्कूलों में चलाने के आदेश जारी किये है। यह अभियान 26 जून को विश्व नशा निवारण दिवस से प्रारंभ होकर 26 जुलाई तक जारी रहेगा। वीरवार को इस अभियान की शुरुआत पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल चौपाल से शुरू की गई। अभियान के प्रथम दिन स्कूल के

### पहले दिन 435 छात्रों सहित स्टाफ सदस्य हुए शामिल

435 छात्र व करीब तीन दर्जन स्टाफ के सदस्य इस अभियान से जुड़े, जिसके लिए उन्हें एप्प के माध्यम से प्रमाणपत्र जारी किये गए। इस अभियान से जुड़ने पर हरेक सदस्य को नशा न करने और नशे की रोकथाम के लिए कार्य करने का प्राण लेना होगा। स्कूल के प्रधानाचार्य हरी शर्मा ने कहा कि अब यह अभियान पूरे प्रदेश में चलेगा, जिसके तहत प्रदेश के करीब दो हजार वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों को जोड़कर पुलिस के साथ तालमेल बनाते हुए प्रदेश को नशामुक्त बनाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने कहा कि उनके आग्रह पर चौपाल विधानसभा क्षेत्र के देहा, चौपाल, कुपवी व नेरवा शिक्षा खंडों के लगभग एक सौ वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने 3-4 दिन में इस अभियान का हिस्सा बनने का आश्वासन दिया है।

# प्रिंसिपल पर महिला कर्मचारी से दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के ठियोग उपमंडल में एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। एक निजी स्कूल की महिला कर्मचारी ने स्कूल के प्रिंसिपल पर जबरन शारीरिक संबंध बनाने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार महिला पिछले वर्ष 2024 से एक निजी स्कूल में कार्यरत है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि नौकरी जॉइन करने के कुछ ही समय बाद स्कूल प्रिंसिपल ने उस पर व्यक्तिगत दबाव डालना शुरू कर दिया। महिला का आरोप है कि प्रिंसिपल ने कई बार उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके कमरे में तथा अन्य जगहों पर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस के एक अधिकारी ने वीरवार को बताया कि महिला का बयान दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है।

# ननखड़ी-टिक्कर सड़क खस्ताहाल, बागवान चिंतित

## सेब सीजन से पहले नहीं सुधरी हालत, तो कैसे मंडियों तक पहुंचेगा उत्पादन

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** सेब सीजन सर पर है, लेकिन रामपुर उपमंडल के तहत आने वाली ननखड़ी-टिक्कर सड़क खस्ताहाल बनी है। सड़क पर जगह-जगह पड़े गड्ढे इसकी हालत बयां करने के लिए काफी है। सरकार चाहे बीजेपी की रहे हो या कांग्रेस की इस सड़क पर राजनीति होती आई है। दोनों ही पार्टियों एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने से नही चूकते है। अब लगभग बरसात का सीजन शुरू हो चुका है, और सेब सीजन आने में लगभग दो हफ्ते का समय बचा है ऐसे में बागवानों को यह चिंता सताने लगी है कि उनका उत्पाद मंडियों तक कैसे पहुंचेगी।

बता दें कि अधिक ऊंचाई वाले इस क्षेत्र में खमाडी, ननखड़ी, खोली घाट आदि क्षेत्रों से लाखों पेटियां सेब तैयार हैं। सड़क की हालत देख कर बागवान चिंतित हैं।

बीते लंबे समय से इस सड़क की हालत खस्ताहाल बनी हुई है। हालांकि सरकारी दावे बार-बार किए जाते हैं कि इसके लिए बजट आ गया है। लेकिन वह कहां लगता है इसका किसी को मालूम नहीं है। इस मार्ग पर बरसात में लगातार लैंडस्लाइडिंग का खतरा भी बना रहता है।



ननखड़ी-टिक्कर सड़क खस्ताहाल, मंडियों तक सेब पहुंचाने को लेकर बागवान चिंतित।

गौर हो कि सेब सीजन में बागवानों का उत्पाद बाजार तक ले जाने के लिए सैकड़ों ट्रकों की जरूरत पड़ती है। लेकिन ट्रक चालक या ट्रक मालिक इस मार्ग पर आने से कतराते हैं और अगर आते भी हैं तो वे सरकार द्वारा तय भाड़े से ज्यादा वसूलने की कोशिश करते हैं। बागवानों की मजबूरी है कि उन्हें मुंह मांगा किराया अदा करना पड़ता है।

वहीं इस बारे भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कॉल सिंह नेगी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपरोक्त मार्ग के लिए केंद्र से बजट आ चुका है लेकिन अभी तक टेंडर नहीं लग पाया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उपरोक्त कार्य के लिए जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाए ताकि समय पर मार्ग को दुरुस्त किया जा सके।

# वॉलीबाल स्पर्धा में संसाल टीम ने झटका प्रथम स्थान



वॉलीबाल प्रतियोगिता में बैजनाथ के विभिन्न स्कूलों की 10 टीमों ने हिस्सा लिया।

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

**अंतरराष्ट्रीय** नशा निवारण और अवैध तस्करी विरोधी दिवस पर बैजनाथ उपमंडल पुलिस द्वारा नशा मुक्ति सप्ताह के तहत युवाओं को नशे से दूर रखने और उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के लिए खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया।

इस पहल के तहत वॉलीबाल और बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक संचालन किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में बैजनाथ के विभिन्न स्कूलों की 10 टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संसाल की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकरी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन बैजनाथ थाना प्रभारी मुनीश द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। विजेता और उपविजेता टीमों को डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। इस अवसर पर डीएसपी शर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता में 25 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। बैडमिंटन टूर्नामेंट के विजेताओं को शीघ्र ही पुरस्कृत किया जाएगा। इन आयोजनों का उद्देश्य युवाओं को नशे की बुराइयों से बचाने और उनकी ऊर्जा को रचनात्मक दिशा में प्रेरित करना है।

# बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के अध्यक्ष और पूर्व सचिव पर लगे शक्तियों के दुरुपयोग के आरोप

## पांच पार्षदों ने विधायक किशोरी लाल, एसडीएम संकल्प गौतम व नप सचिव को सौंपा ज्ञापन

जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान

**बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला नगर परिषद के पूर्व सचिव और वर्तमान अध्यक्ष पर शक्तियों के दुरुपयोग और आर्थिक अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। नगर परिषद के कुल 11 पार्षदों में से पांच पार्षदों ने ज्ञापन में सचिव नगर परिषद, विधायक किशोरी लाल, एसडीएम संकल्प गौतम से निर्वाचित सदस्यों ने ज्ञापन सौंपकर दोनों पदाधिकारियों के विरुद्ध जांच करने की मांग की है। पार्षदों का आरोप है कि पूर्व सचिव व अध्यक्ष की मिलीभगत से नगर परिषद (पूर्व में नगर पंचायत) में कई महत्वपूर्ण निर्णय पारदर्शिता के अभाव में लिए गए। सदस्यों का कहना है कि मासिक बैठकों में केवल औपचारिकता निभाते हुए प्रस्तावों पर हस्ताक्षर कराए जाते थे, जबकि बैठक में उपस्थित पार्षदों को वास्तविक निर्णयों की जानकारी तक नहीं होती थी।

### बोले- मनमर्जी से प्रस्ताव पारित कर कोष का किया दुरुपयोग

आरोप लगाया कि मनमर्जी से प्रस्ताव पारित कर कोषों का दुरुपयोग किया गया, जिससे परिषद को वित्तीय नुकसान पहुंचा। पार्षदों ने स्पष्ट किया है कि यदि इस पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो नगर की जनता का प्रशासनिक तंत्र पर से विश्वास उठ जाएगा। नगर परिषद सदस्यों ने मांग की है कि निष्पक्ष जांच के उपरांत दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अनियमितताओं को रोका जा सके। पार्षदों का आरोप है कि परिषद की बैठकों में विकास के लिए जो कार्य पारित होते हैं, उनके अतिरिक्त बैठक समाप्ति के बाद पूर्व सचिव, अध्यक्ष और कनिष्ठ अभियंता आपसी सहमति से 15 से 20 अन्य कार्य जोड़ देते हैं। यह कार्य कथित तौर पर उन वार्डों में शामिल किए जाते हैं, जहां इन अधिकारियों के करीबी या परिचित रहते हैं। पार्षदों का कहना है कि उनके द्वारा दिए गए प्रस्तावों को परिषद की बैठकों में तो शामिल किया गया, लेकिन क्रियान्वयन से जानबूझकर रोका गया। दूसरी ओर अध्यक्ष, पूर्व सचिव और कनिष्ठ अभियंता की पसंद के कार्यों को बिना किसी अड़चन के प्राथमिकता दी गई। आरोप है कि अध्यक्ष ने अपने निजी लाभ के लिए हाई मास्ट लाइट और जल पंप अपने निवास स्थान के पास लगवाए, जबकि यह कार्य किसी प्रस्ताव के तहत स्वीकृत नहीं था। लोक निर्माण विभाग की सड़क पर भी बिना स्वीकृति के परिषद का बजट खर्च किया गया। जैम पोर्टल के माध्यम से 9-10 हाई मास्ट लाइटें बाजार दर से 50,000 रुपए अधिक मूल्य पर खरीदी गईं, जिससे परिषद की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

### सचिव बोले- इस मसले की करवाई जाएगी जांच

नगर परिषद सचिव चमन कपूर का कहना है कि कुछ पार्षदों द्वारा एक ज्ञापन सौंपा है। कुछ दिन पूर्व ही चार्ज संभाला है। इस बारे में छानबीन कर ही कुछ बता पाएंगे। स्थानीय विधायक किशोरी लाल का कहना है कि भ्रष्टाचार के मामले में वर्तमान सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार किसी को भी नहीं बख्शेगी तथा इस मुद्दे की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाएगी।

# परीक्षा स्थलों के आसपास निषेधाज्ञा लागू

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से 29 जून को आयोजित की जाने वाली प्रदेश प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के दृष्टिगत, उपमंडलाधिकारी (ना.) सदर डॉ. राजदीप सिंह ने सार्वजनिक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से परीक्षा के दिन परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 163 बीएनएसएस के तहत निषेधाज्ञा जारी की है। यह परीक्षा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर, पीएम श्री एमए राजकीय बालक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलासपुर, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) बिलासपुर तथा एसवीएम रौड़ा सेक्टर-2 केंद्र में आयोजित की जाएंगी। परीक्षा केंद्रों में 29 जून को सुबह 8:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक निम्नलिखित गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक अथवा राजनीतिक कार्यक्रम, जुलूस, रैली, नारेबाजी और हड़ताल। लाउडस्पीकर के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध। निर्माण कार्य, टेंट या मंच की स्थापना या हटाने का कार्य। यह आदेश एहतियातन जारी किया गया है और केवल एक दिन यानी 29 जून को निर्धारित समय के लिए लागू रहेगा। आदेश की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बिलासपुर को सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं।

# नशे के खिलाफ लोगों को किया जाए जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को खंड विकास कार्यालय बिलासपुर में 'नशा एवं अवैध तस्करी विरोधी अंतरराष्ट्रीय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी बबीता धीमान ने की। उन्होंने पंचायत सचिवों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पटवारियों तथा कार्यालय के समस्त कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी बबीता धीमान ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नशे के खिलाफ एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि गांव-स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाए और नशे के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए, तो समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नशा विरोधी जागरूकता को लेकर सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ और नशामुक्त समाज प्रदान किया जा सके।

# विद्यार्थियों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**नशा** एवं अवैध तस्करी विरोधी अंतराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य पर वीरवार को जिला स्तरीय नशा विरोधी कार्यक्रम का आयोजन पीएम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरमाणा में बड़े ही उत्साह और जागरूकता के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम सदर बिलासपुर रजदीप सिंह ने की।

एसडीएम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया और मादक पदार्थों के कारण होने वाली शारीरिक, मानसिक व सामाजिक क्षति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग ही देश का भविष्य है और यदि यह वर्ग नशे जैसी बुराई की चपेट में आ गया, तो समाज की नींव कमजोर हो जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे साथी दबाव से बचते हुए अपने जीवन में सदैव सकारात्मक जीवन मूल्यों को अपनाएं। इस दौरान उन्होंने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई और नशा मुक्त समाज निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### विद्यार्थियों में चित्रकला और निबंध लेखन स्पर्धा

**विद्यार्थियों** ने चित्रकला, निबंध लेखन, वाद विवाद और स्लोगन लेखन से नशा विरोधी संदेशों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए। सभी अतिथियों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज को नशामुक्त दिशा में ले जाने की एक सार्थक पहल बताया। जिला कल्याण अधिकारी आरसी बंसल ने जानकारी दी कि भारत सरकार के निर्देशानुसार 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत 1 जून से अब तक जिला बिलासपुर में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई हैं। इन गतिविधियों का उद्देश्य युवाओं व आम जनता को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना है।

### अभियान को जन आंदोलन बनाने के लिए दें सहयोग

**विभिन्न** शैक्षणिक संस्थानों में शपथ ग्रहण समारोह, जागरूकता रैलियां, विशेष व्याख्यान, दीवार लेखन, स्लोगन लेखन, चित्रकला, निबंध और वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके अलावा सामुदायिक वर्कशॉप, पंचायत स्तर पर बैठकें तथा सोशल मीडिया के माध्यम से भी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने में प्रशासन का सहयोग करें और अपने-अपने स्तर पर नशा मुक्ति के लिए कार्य करते हुए एक स्वस्थ, जागरूक और स्वच्छ समाज के निर्माण में सहभागी बनें। इस अवसर पर प्रधानाचार्या नीलम कुमारी, मानव सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश बंसल, थाना प्रभारी बरमाणा पूजा कौंडल, बरमाणा सीमेंट प्लांट के एचआर हेड हितेंद्र कपूर, तहसील कल्याण अधिकारी बनीता बंसल, विद्यालय स्टाफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मानसिक बीमारी को लेकर भ्रम और संकोच दूर करना जरूरी : शशिपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

**इंडियन** रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर एवं हेल्पएज इंडिया द्वारा स्वास्थ्य विभाग बिलासपुर के सहयोग से सदर स्वास्थ्य खंड की आशा कार्यकर्ताओं के लिए कल्याण भवन, बिलासपुर में मानसिक स्वास्थ्य पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओं को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना, मानसिक रोगों को पहचानने की क्षमता विकसित करना तथा मानसिक रूप से पीड़ित व्यक्तियों एवं उनके परिजनों को उचित मार्गदर्शन देने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करना था। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि पाल ने किया।



आशा कार्यकर्ताओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन।

उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारियों को लेकर समाज में जो भ्रम और संकोच है, उसे दूर करना आवश्यक है। मानसिक रोग भी अन्य शारीरिक बीमारियों की तरह होते हैं, जिनका समय पर उपचार संभव है। कार्यशाला में क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. ज्योत्सना ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने समुदाय स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए आशा कार्यकर्ताओं को व्यवहारिक सुझाव और संवाद कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत कराया। आशा कार्यकर्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यशाला में सहभागिता करने वालों की सक्रियता और जिज्ञासा स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है कि वे अपने क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव अमित कुमार, हेल्पएज इंडिया से राकेश ठाकुर, रेडक्रॉस वॉलंटियर्स तथा लगभग 30 आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यौन उत्पीड़न के मामले गंभीर चिंता का विषय : नैंसी अटल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने प्रेस बयान में कहा कि हिमाचल प्रदेश में छात्राओं से यौन उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। सिरमौर जिले के राजगढ़ उपमंडल के बाद अब पच्छाद उपमंडल के एक सरकारी विद्यालय में एक शिक्षक पर करीब 6 नाबालिग छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी शिक्षक के विरुद्ध पोक्सो एक्ट सहित भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहां कि विद्यार्थी परिषद इस घटना की घोर निंदा करती है और यह मांग करती है कि इस मामले में निष्पक्ष व त्वरित जांच कर आरोपी को जल्द से जल्द कड़ी सजा दी जाए। यह न केवल छात्राओं की सुरक्षा का सवाल है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की गरिमा पर भी आघात है। इससे पूर्व सोलन जिले व मंडी में भी ऐसे ही मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन सरकार व प्रशासन की निष्क्रियता के चलते ऐसी घटनाएं दोहराई जा रही हैं। प्रदेश सरकार को अब केवल बयानबाजी से आगे बढ़कर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। दोषियों को ऐसी सजा दी जाए जो प्रदेश में एक मिसाल बन सके, ताकि कोई भी व्यक्ति विद्यालय जैसे पवित्र स्थल को कलंकित करने की हिम्मत न कर सके।

## न्यूज ब्रीफ

### 'किसमें कितना है दम' में छाई मनसीरत कौर



**विनोद, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** मंडी की उभरती हुई डांसर मनसीरत कौर ने प्रतिष्ठित किसमें कितना है दम टीवी रियलिटी शो में सेकंड रनर-अप पोजिशन प्राप्त कर प्रदेश का मान बढ़ाया। इस शो का ग्रैंड फिनाले हाल ही में संगरूर में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता के चार अलग-अलग चरण हिमाचल में आयोजित हुए थे, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद मनसीरत कौर ने फिनाले तक का सफर तय किया। अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपने माता-पिता को दिया। मनसीरत कौर ने फीट आफ फायर डांस अकैडमी के एमडी अमित भाटिया का भी आभार जताया।

### गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** अब सभी गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है, क्योंकि जल्द ही पूरी गैस वितरण प्रणाली डिजिटल होने जा रही है। इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि उपभोक्ता अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से गैस बुकिंग के लिए 8454955555 पर मिस्ड कॉल करें। यह मिस्ड कॉल तभी करें जब गैस की गाड़ी आपके क्षेत्र में आ रही हो। मिस्ड कॉल के बाद उपभोक्ता के मोबाइल पर चार अंकों का डिजिटल डीएसी ओटीपी प्राप्त होगा, जिसे डिलीवरी कर्मी को बताना आवश्यक होगा। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता डिजिटल माध्यम से बिल का भुगतान भी कर सकते हैं। यदि ई-केवाईसी नहीं करवाई जाती है तो उपभोक्ता का गैस कनेक्शन काटा जा सकता है।

# भू-स्खलन से पठानकोट-भरमौर एनएच-154ए चार घंटे रहा बाधित

## बग्गा और राख के पास सैकड़ों वाहन फंसे, लोगों को हुई भारी परेशानी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

**तेज** बारिश के चलते पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग (एनएच-154ए) पर बग्गा और राख के बीच भारी भू-स्खलन हो गया, जिससे सड़क मार्ग चार घंटे तक पूरी तरह बाधित रहा। इस दौरान दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंस गए और यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर भू-स्खलन की यह समस्या पहले भी सामने आ चुकी है। उन्होंने राष्ट्रीय उच्च मार्ग विभाग से अपील की कि बरसात के मौसम में सड़क बाधित होने की स्थिति में उसे जल्द से जल्द खोलने के लिए ठोस और समयबद्ध प्रबंध किए जाएं, ताकि लोगों को परेशानी से बचाया जा सके।



पठानकोट-भरमौर एनएच पर भू-स्खलन के कारण गिरा मलबा।

इस घटना पर एनएच-154ए के सहायक अभियंता डीसी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया के जैसे ही हमें भू-स्खलन और मार्ग बंद होने की सूचना मिली, हमारी टीम ने तुरंत जेसीबी मशीन सहित मौके पर पहुंचकर मार्ग को खोलने का कार्य शुरू किया और कुछ ही घंटों में यातायात बहाल कर दिया गया।

स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि ऐसी संवेदनशील जगहों पर स्थायी समाधान निकाला जाए, ताकि हर बार बारिश के बाद जनजीवन प्रभावित न हो।

**लोगों की विभाग से अपील सड़क बाधित होने पर जल्द खोलने के लिए जाएं प्रबंध**

## एचआरटीसी की बस धरवाला बाजार में खराब, लगा लंबा जाम



धरवाला बाजार में खराब एचआरटीसी की बस को धक्का लगाते बाजारवासी व अन्य।

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** चंबा-बटोट रूट पर चल रही एचआरटीसी की बस वीरवार शाम को धरवाला बाजार में अचानक खराब हो गई, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं और स्थानीय लोग व राहगीर भारी परेशानी में फंस गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस जैसे ही धरवाला बाजार के बीचोंबीच पहुंची, उसमें अचानक तकनीकी खराबी आ गई और वह सड़क के बीचोंबीच खड़ी हो गई। करीब आधे घंटे तक स्थिति जस की तस रही, जिससे न सिर्फ स्थानीय दुकानदारों को असुविधा हुई, बल्कि आम जनता को भी यातायात अवरुद्ध होने का खामियाजा भुगतना पड़ा। बाजारवासियों और यात्रियों ने मिलकर पहल दिखाई और बस को धक्का मारकर सड़क किनारे किया, तब जाकर यातायात सामान्य हो सका।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एचआरटीसी की बसों का बार-बार खराब होना आम जनता के लिए बड़ी मुश्किल का कारण बनता जा रहा है।

## गाद के साथ ब्यास में बही हजारों टन करोड़ों की इमारती लकड़ी



**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** ब्यास नदी में कुल्लू जिला के गुड्सा, मनीकर्ण और सैंज घाटी में बादल फटने से भयंकर बाढ़ की चपेट में बेशकिमती वन संपदा भी बह कर पंडोह डैम जलाश्य में इस तरह से फैल गई। अब सवाल उठने लगे हैं कि ये अथाह वन संपदा किस की थी? कानून थी या तस्करी के लिए जमा की गई थी। वन विभाग हर बार की तरह चुप क्यों हो जाता है?

बता दें कि यह पहला मौका है जब डैम से रात के अंधेरे मे लकड़ी रूपी चंदन के इस जखिरे को पानी में बहा दिया गया। हालांकि लकड़ी ये विडियो और फोटो बुधवार को ही वायरल हो गए थे तब भी वन विभाग हरकत में नहीं आया। जबकि वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडोह में ही बैठते हैं। वे इस वन संपदा को बचा सकते थे मगर वे कुम्भकरणी निद्रा में ही रहे।

बता दें कि 2023 की बाढ़ में भी करोड़ों की लकड़ी डैम से एक रात में ही ग़ायब हो गई थी। जिसका हिमाचल विधानसभा में बड़ा मुद्दा बना था। तब भी वन विभाग की आंखें नहीं खुल रही है आखिर क्यों.. क्या वन विभाग को इस लकड़ी की जानकारी पहले से थी। यदि नहीं था तो इस वन सम्पदा को बचाया क्यों नहीं गया। ये सवाल आमजनता वन विभाग से सोशल मीडिया के माध्यम से जानने की उत्सुक हैं। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडोह से संपर्क किया गया मगर उधर से कोई जबाव नहीं मिला। जबकि वन मंडलाधिकारी नाचन एस एस कश्यप ने बताया कि उन्हें भी सोशल मीडिया से इस लकड़ी की जानकारी मिली थी उन्होंने स्थानीय वन अधिकारी व कर्मचारी मौका पर तैनात कर दिए थे। मगर वन संपदा को बाहर निकाल ने में असहाय थे।

## यूजीसी नेट, एचएएस की परीक्षा एक ही दिन होने पर 'आप' ने जताई नराजगी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के जिला सचिव शशिकांत ने 29 जून को होने वाली तीन प्रमुख परीक्षाओं यूजीसी नेट, एचएएस और आईआईटी मंडी की जूनियर असिस्टेंट परीक्षा के एक ही दिन पड़ने पर गहरी नाराज़गी जताई है।



आम आदमी पार्टी के जिला सचिव शशिकांत।

उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के हज़ारों युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा अन्याय है।

शशिकांत ने कहा कि एक ही दिन तीन परीक्षाएं होने से अभ्यर्थियों को किसी एक परीक्षा को छोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है। महीनों की तैयारी, हजारों रुपये की फीस और मेहनत - सब दांव पर लग गया है। उन्होंने बताया कि यूजीसी नेट के लिए ₹1200 का शुल्क है और इस परीक्षा की तैयारी करने वाले कई छात्र एचपीएएस और अन्य सरकारी नौकरियों के लिए भी प्रयासरत हैं। एपीपीएससी और आईआईटी मंडी, दोनों ही संस्थानों ने तिथि बदलने की मांग को ठुकरा दिया है। शशिकांत ने कहा कि आम आदमी पार्टी युवाओं के साथ खड़ी है और उनकी आवाज़ सरकार तक पहुंचाती रहेगी।

**'आप' की ये हैं मांगें**

1. सीएम सुक्खू इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें और HPPSC को HPAS की तिथि बदलने का निर्देश दें।
2. यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी छात्र दो अहम परीक्षाओं में से किसी एक को छोड़ने पर मजबूर न हो।
3. भविष्य में इस तरह की स्थिति न दोहराई जाए, इसके लिए एक स्पष्ट नीति बनाई जाए।

## विंकल बने कंडक्टर यूनियन चंबा के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (एचआरटीसी) कंडक्टर यूनियन, चंबा क्षेत्र की नई कार्यकारिणी के चुनाव बुधवार को चंबा बस स्टैंड की छत पर सर्वसम्मति से संपन्न हुए। चुनाव की अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान प्रीत महेंद्र ने की, जबकि विशेष मार्गदर्शन प्रांतीय मुख्य सलाहकार यशवंत ठाकुर द्वारा दिया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेशभर से लगभग 15 क्षेत्रों के यूनियन पदाधिकारी, प्रधान और सचिव उपस्थित रहे। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से विंकल कुमार को कंडक्टर यूनियन चंबा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में अन्य प्रमुख पदों पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन ठाकुर, मंडी मंडल उपाध्यक्ष संजीव कुमार, महा सचिव दीपेन्द्र कंवर, सह सचिव अजीब कुमार, संगठन मंत्री प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, प्रवक्ता प्रकाश चंद्र चुने गए।

## बच्चों ने रैली निकालकर बताए नशे के दुष्परिणाम





चंबा में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला करीया चंबा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में नशा पर जागरूकता पर बच्चों द्वारा रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इसके प्रति सावधान रहने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य रेखा शर्मा जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशीली दवाओं का सेवन करना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। उन्होंने बच्चों को नशीली दवाओं के प्रति जागरूक रहने और इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को नशीली दवाओं के प्रति जागरूक करना और उन्हें इसके दुष्प्रभावों से बचने के लिए प्रेरित करना था। इस कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत उत्साह और रुचि दिखाई और रैली का आयोजन किया गया साथ मैं पेंटिंग,स्लोगन,और क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन भी किया गया।

## बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

**तलविंदर सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डलहौजी में नशा उन्मूलन विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव अवगत कराया गया और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया । इस कार्यशाला में न्यायिक विभाग पुलिस विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया ।और विद्यार्थियों को नशे की लत के सामाजिक मानसिक और शारीरिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई । छात्रों को समझाया गया कि किस प्रकार नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को प्रभावित करता है बल्कि उसे परिवार व समाज पर भी बुरा असर डालता है। कार्यालय के दौरान छात्रों को नशे की ओर बढ़ने के क्या कारण हो सकते हैं जैसे मानसिक दबाव साथियों का प्रभाव और इसे कैसे बचा जा सकता है। विशेषज्ञों ने छात्रों को आत्मविश्वास सकारात्मक सोच और सही मार्गदर्शन अपराहन का संदेश दिया।

# मणिमहेश यात्रा को लेकर विधायक डॉ. जनकराज सक्रिय

## टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के साथ बैठक कर सुविधाएं बेहतर बनाने का लिया संकल्प

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पांगी-भरमौर** विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनकराज ने गुरुवार को कार्यालय में मणिमहेश टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य आगामी मणिमहेश यात्रा के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम और सुविधाजनक यात्रा अनुभव प्रदान करना रहा।

विधायक डॉ. जनकराज ने यात्रा की तैयारियों को लेकर यूनियन के सदस्यों से विचार-विमर्श किया और कहा कि हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु मणिमहेश डल झील के दर्शन के लिए पहुंचते हैं, ऐसे में प्रशासन और यूनियन को मिलकर सुदृढ़ परिवहन व्यवस्था और ठहराव की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि यात्रा के दौरान किसी भी तरह की अव्यवस्था या असुविधा न हो, इसके लिए सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने टैक्सी चालकों से आग्रह किया कि वे श्रद्धालुओं के साथ शिष्ट व्यवहार करें और मणिमहेश यात्रा की गरिमा बनाए रखें। यूनियन के पदाधिकारियों ने भी विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत करवाया, जिन पर डॉ. जनकराज ने शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि मणिमहेश यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि स्थानीय रोजगार और पर्यटन को भी बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम है।



विधायक डॉ. जनकराज मणिमहेश यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक करते हुए।

यह बैठक मणिमहेश यात्रा को सफल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सेवाएं और स्थानीय टैक्सी ऑपरेटरों को उचित सहयोग मिल सकेगा।

## सुन्नी में मनाया भांग विरोधी दिवस

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेई राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर, एबीवी सरकारी डिग्री कॉलेज, सुन्नी की एनएसएस इकाई ने कॉलेज परिसर के भीतर और आसपास बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान और भांग उन्मूलन अभियान का आयोजन किया। इस दिन को विशेष रूप से युवाओं में नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने के वैश्विक प्रयासों के साथ जोड़कर भांग विरोधी दिवस मनाया गया। अभियान की शुरुआत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ मन मोहन द्वारा जागरूकता सत्र के साथ हुई, जिसमें शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण, शैक्षणिक प्रदर्शन और बड़े पैमाने पर समाज पर भांग और अन्य नशीले पदार्थों के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला गया।

# डेंगू, टायफाइड और अन्य मौसमी बीमारियों से बचने के लिए पूरी सतर्कता बरतें लोग: सीएमओ

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** बारिश के मौसम में बीमारियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. बिपिन ठाकुर ने एक अहम वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि डेंगू, टायफाइड और अन्य मौसमी बीमारियों से बचने के लिए पूरी सतर्कता बरतें और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें।

डॉ. ठाकुर ने कहा कि मानसून का समय संक्रमण और मच्छरजनित रोगों के फैलने का प्रमुख कारण बनता है। लेकिन यदि लोग थोड़ी सी सावधानी बरतें तो इन बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि डेंगू और टायफाइड जैसी बीमारियां इस मौसम में सबसे अधिक फैलती हैं। डेंगू मच्छरों से फैलता है जो साफ पानी में पनपते हैं, जबकि टायफाइड दूषित भोजन और पानी के सेवन से होता है। डॉ. बिपिन ठाकुर ने कहा कि यदि किसी को बुखार, उल्टी, कमजोरी या शरीर में दर्द जैसे लक्षण महसूस हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं। इलाज में देरी न करें।



सीएमओ डॉ. बिपिन ठाकुर ।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना ही सबसे बड़ी सुरक्षा है। थोड़ी सी सावधानी बड़ी बीमारी से बचा सकती है। डॉ. ठाकुर की यह पहल न केवल समय की ज़रूरत है, बल्कि उनके जनसेवा के प्रति समर्पण को भी दर्शाती है। स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है कि हर नागरिक को जरूरी जानकारी और सुविधाएं समय पर मिलें। मानसून में सावधानी ही सुरक्षा है। आइए, खुद भी सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें।

**सूडोकु नवताल- 7472** (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल -7471 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

शुक्रवार, 27 जून 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत आषाढ़, **तिथि** द्वितीया (11:22) : **नक्षत्र** पुनर्वसु (07:23), **पक्ष:** शुक्ल, **योग :** व्याघात (09:10), **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:56-12:51)। **राहुकाल** (10:39-12:23)।

**विशेष दिन**

27 जून 2025: मधुमेह जागृति दिवस आज।

27 जून 2025: मनोरथ दूज व्रत आज।

**मेष:** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृष:** अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे।

**मिथुन:** बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क:** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय संभव।

**सिंह:** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्या:** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। सुख-आनंद कारक समय है। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु मिलगी।

**तुला:** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें।

**वृश्चिक:** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

**धनु:** खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

**मकर:** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी।

**कुंभ:** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**मीन:** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

## चाबा में सतलुज नदी पर बने झूले बंद होने से ग्रामीण परेशान

**सुन्नी पहुंचने के लिए करना पड़ रहा लगभग 10 किलोमीटर का सफर**

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

**उपमंडल** सुन्नी के तहत सतलुज में बढ़ते जलस्तर से आमजन की मुश्किलें बढ़ती जा रही है । आलम यह है कि सतलुज नदी पर बने पुल और झूले नदी की जद में है । सुन्नी के चाबा में जिला मंडी की ग्राम पंचायत शाकारा के बालड़ी गांव को जिला शिमला से जोड़ने के लिए सतलुज नदी पर बना झूला नदी की जद में है और नदी की जद में आए झूले से कोई अप्रिय घटना घटित न हो इसके चलते प्रशासन द्वारा झूले पर आवाजाही को असुरक्षित घोषित कर बंद कर दिया गया है।

झूले पर आवाजाही बंद होने के कारण प्रभावित गांव बालड़ी के ग्रामीण धनीराम, नीटू और बोधराज ने बताया कि बालड़ी के लिए सतलुज नदी पार करने के लिए एक मात्र झूले को भी प्रशासन द्वारा बंद कर दिया गया है। अब सुन्नी से बालड़ी आने के लिए असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विशेष कर स्कूली बच्चों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है तथा अपनी रोजमर्रा की वस्तुओं को लेने सुन्नी वाया थली आना पड़ रहा है और सुन्नी आने के लिए ग्रामवासियों को लगभग सात से दस किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है।

बता दें कि बालड़ी गांव में लगभग 20 परिवार रहते है और सभी ग्रामीण अपनी आजीविका कामनाएं सुन्नी व तत्तापानी तथा चाबा आते है। इसे में झूले पर आवाजाही बंद होने के कारण ग्रामीणों को आना जाना मुश्किल हो गया है । चाबा आने के लिए अन्य कोई वैकल्पिक मार्ग न होने के कारण ग्रामीणों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ तो झेलना ही पड़ेगा साथ ही सुन्नी आने के लिए अतिरिक्त समय भी लगेगा। विशेष बात यह है कि प्रभावित क्षेत्र में सड़क सुविधा भी नहीं है। ऐसे में ग्रामीण को परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रधान शाकरा संजया कुमारी ने बताया कि बीते तीन वर्ष पहले बालड़ी गांव को चाबा से जोड़ने के लिए सतलुज नदी पर बना पुल बाढ़ के कारण ढह गया उसके बाद लोगों की सुविधा के लिए नदी पर झूला लगाया गया, लेकिन बरसात में हर वर्ष बढ़ते जल स्तर के कारण ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ता है।

इस संदर्भ में उपमंडलाधिकारी सुन्नी राजेश वर्मा ने बताया कि प्रशासन सबसे पहले नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देती है। क्योंकि नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्जनकी जा रही है जिस कारण से झूले से नदी पार करना मुश्किल है। फिलवक्त ग्रामीणों को सुन्नी के लिए वाया थली का रास्ता अपनाना होगा और प्रशासन द्वारा जल्द ही कोई स्थाई व्यवस्था की जाएगी जिसके लिए प्रशासन प्रयासरत है।

## जोगिंद्रनगर में भव्य फैशन शो कल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आईटीआई जोगिंद्रनगर में 28 जून को एक भव्य फैशन शो 'स्किल इन स्टाइल' का आयोजन करने जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार को सायं 7:00 बजे से आरंभ होगा, जिसमें परिधान क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थी अपनी स्वयं डिज़ाइन की गई ड्रेसेज़ का मंच पर प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं की रचनात्मकता, तकनीकी क्षमता और आत्मविश्वास को सार्वजनिक मंच प्रदान करना है। फैशन शो की विशेषता यह है कि इसमें कॉस्मेटोलॉजी ट्रेड के प्रशिक्षणार्थी प्रतिभागियों का मेकअप करेंगे । कार्यक्रम में तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हिमाचल प्रदेश के निदेशक अक्षय सूद (एचपीएएस) मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

## बिहूं की श्वेता ने पास की एलाइड परीक्षा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के बिहूं पंचायत के चहनेहड़ गांव के कमलेश ठाकुर की सुपुत्री श्वेता ठाकुर द्वारा एलाइड परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका उद्योग विस्तार अधिकारी के रूप में चयन हुआ है। श्वेता की इस उपलब्धि गांव वासियों को गर्व है वहीं पर पूरे हल्के में भी खुशी की लहर है। श्वेता ने न केवल अपने माता-पिता, समस्त परिजनों का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे जोगिंदर नगर को गौरवान्वित किया है। उनकी माता बबीता और उनके पिता कमलेश ठाकुर दोनों का स्वभाव बहुत ही सरल और मिलनसार है। श्वेता की उपलब्धि के लिए जीवन ठाकुर, विधायक प्रकाश राणा, कुशल भारद्वाज नहीं श्वेता के परिजनों को बधाई दी हैं।

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं निशा शर्मा,** पत्नी श्री मनोहरलाल शर्मा,निवासी वार्ड नं 03, गांव व डाकघर फरेढ, तहसील पालमपुर,जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश 176064,घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम निशा मनोहरलाल शर्मा से बदल कर निशा शर्मा रख लिया है। निशा मनोहरलाल शर्मा, और निशा शर्मा, एक ही महिला हैं। सभी इसे नोट करें।

**IN THE COURT OF (MULTAN SINGH BANYAL), ASSISTANT COLLECTOR, 1ST GRADE SOLAN, DISTRICT SOLAN (H.P)**
Case No. 6/9 (R-1) 2025
Pending Date 23.07.2025
Dhruv Aggarwal son of Shri Vikas Aggarwal son of Shri Ram Kumar, resident of Village Mansar, P.O Salogra, Tehsil & District Solan (H.P) and also resident of House No.595, Sector-6, Panchkula, Tehsil & District Solan (H.P). ...Applicant
Smt Ranvir Kaur D/o Shri Naranjan Singh son of Shri Rattan Singh, resident of Village Dehun, P.O Saproon, Tehsil & District Solan (H.P). .....Respondent
**Subjaect:- An application under Section 123 of the H.P Land Revenue Act, 1954 for partition of land comprised in Khata Khatauni No.338 Min/566, Khasra No.506 to the extent of 82/99 shares which comes to 82 Sq. Metres, out of total 99 Sq. Meters situated at Mohal Dehun, Hadbast No.652, as per copy of Jamabandi for the year 2017-18.**
Whereas, in the above noted case, it has been proved to the satisfaction of this court that the service upon the respondent below is not possible by an ordinary mode of service.
Hence, this proclamation under order 5 Rule 20 C.P.C is hereby issued against him requiring the respondent to appear in this court on 23.07.2025 personally or through agent or pleader to defend the case, failing which they will be heard ex-parte.
Notice to the Respondent Number Smt Ranvir Kaur D/o Shri Naranjan Singh son of Shri Rattan Singh, resident of Village Dehun, P.O Saproon, Tehsil & District Solan (H.P).
Given under my hand and seal of the court this **18th of June, 2025.**
**ASSISTANT COLLECTOR, 1ST GRADE SOLAN, TEHSIL SOLAN (H.P)**

**व अदालत सहायक समाहर्ता प्रथम श्रेणी एवं तहसीलदार सदर चम्बा जिला चम्बा हि. प्र.**
**मिसल नम्बर तहसील/रीडर/2022**
**तारीख पेशी 23-7-2025**
श्री रमेश कुमार पुत्र कर्म चंद निवासी मुहल्ला/गाँव बंजला परगना कलन्द्रा तहसील व जिला चम्बा हि.प्र.
**वनाम**
**साधारण आम जनता**
...प्रतिवादीगण
**अनुवान मुकद्दमा :-** दरखास्त दर्ज व तस्दीक किये जाने इंतकाल मकवुल उल खवरी मिन जानिव रमेश कुमार पुत्र कर्म चंद निवासी मुहल्ला/गाँव बंजला परगना कलन्द्रा तहसील व जिला चम्बा [हि.प्र.]
उपरोक्त अनुवान मुकद्दमा में प्रार्थी अमित कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी मुहल्ला/गाँव बंजला परगना कलन्द्रा तहसील व जिला चम्बा [हि.प्र.] ने इस अदालत में प्रार्थना-पत्र गुजारा है कि मेरे पिता नामक रमेश कुमार पुत्र कर्म चंद निवासी मुहल्ला/गाँव बंजला परगना कलन्द्रा तहसील व जिला चम्बा [हि.प्र.] अरसा करीवन 23-24 साल पूर्व घर से गुम लापता हो गये है। जिसकी आज दिन तक कोई खवर न है। जिसकी रिपोर्ट पुलिस थाना सदर चम्बा व प्रधान ग्राम पंचायत कुठेहड़ को की है, तथा प्रार्थना की है कि, उसका वरासत का इंतकाल उसके जायज वारसान के नाम पर वजरिया मकवुल उल खवरी के तहत किया जाये ।
अतः इस ईश्तहार दवारा प्रतिवादीगण आम जनता को सूचित किया जाता है कि यदि रमेश कुमार पुत्र कर्म चंद निवासी मुहल्ला/गाँव बंजला परगना कलन्द्रा के जीवित होने वारा कोई सूचना हो व वरास्त का इंतकाल दर्ज करने वारा कोई आपति हो तो, वह मेरे न्यायालय में आकर असालातन या वकालतन अपनी आपति इस अदालत में इश्तहार के प्रकाशन एक माह के भीतर-भीतर सुबह 10 से सायं 5.00 वजे तक दर्ज करवा सकता है। निर्धारित अवधि में आपति न आने की सूरत में व सूरत गैर हाजरी हस्व जावता कार्यावाही अम्ल में लाई जावेगी और उसके वाद कोई उजर व एतराज समायत न होंगे ।
आज दिनांक 23-6-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायलय जारी हुए है।
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी तहसीलदार चंबा, जिला चंबा (हि.प्र.)**

ऐसी जवानी का कोई महत्व नहीं, जो अपनी मातृभूमि के लिए काम न आ सके। - चंद्रशेखर आजाद

## संपादकीय

# आत्महत्या की प्रवृत्ति चिंताजनक

हिमाचल प्रदेश में आत्महत्या के मामले दिनोंदिन बढ़ते जा रहे हैं। खासकर विद्यार्थी वर्ग में आत्महत्या की प्रवृत्ति कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। सोलन जिले के सुबाथू में 19 वर्षीय एक युवती ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर सुसाइड का जो कृत्य किया वो किसी भी सूरत में ठीक नहीं है। इस उम्र में आत्महत्या जैसा कठोर कदम उठाना वाकई गंभीर चिंता का विषय है। बड़ा सवाल यह है कि युवती सुसाइड से पहले डेढ़ घंटे तक लाइव रहती है और उसके 55 हजार फॉलोवर्स भी बताए जा रहे हैं, लेकिन दुख की बात यह है कि आसपास के एक भी फॉलोवर्स ने उसे आत्महत्या करने से नहीं रोका? यह स्थिति दर्शाती है कि हम सामाजिक रूप से कितने असंवेदनशील होते जा रहे हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जुड़ाव तो है, लेकिन भावनात्मक जुड़ाव और मानवीय संवेदनाएं गायब होती जा रही हैं।

यह पहली बार नहीं है जब हिमाचल में इस तरह का मामला सामने आया हो। इससे पहले भी शिमला, मंडी, धर्मशाला और ऊना जैसे जिलों में छात्र-छात्राओं ने लाइव आकर आत्महत्या की हैं। प्रदेश में हर साल सैकड़ों युवा अवसाद, पढ़ाई का दबाव, प्रेम संबंधों में विफलता या पारिवारिक कलह के चलते आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा रहे हैं, लेकिन उन्हें रोकने वाला कोई नहीं। न जाने इस प्रवृत्ति पर कब लगाम लगेगी? आत्महत्या की प्रवृत्ति के पीछे कई कारण जिम्मेदार होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं सबसे बड़ा कारण है। डिप्रेशन, एंग्जाइटी और स्ट्रेस से जूझ रहे युवाओं की सही समय पर काउंसलिंग और मदद नहीं होती। मानसिक स्वास्थ्य को अभी भी समाज में गंभीरता से नहीं लिया जाता। बोर्ड और प्रतियोगी परीक्षाएं, करियर का दबाव और माता-पिता की अपेक्षाएं कई बार युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर भारी पड़ जाती हैं। सोशल मीडिया पर दिखने वाली नकली जिंदगी से तुलना करने की प्रवृत्ति युवाओं में हीन भावना और असंतोष बढ़ा रही है।

माता-पिता के आपसी झगड़े, घरेलू हिंसा या बच्चों की भावनाओं की उपेक्षा भी बड़ी वजह बनती है। करियर, जीवन मूल्यों और समस्याओं से निपटने के लिए युवा वर्ग के पास ठोस मार्गदर्शन की भारी कमी है। समाधान की दिशा में प्रयास होने चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोकना असंभव है। यदि समाज, परिवार, सरकार और संस्थाएं मिलकर समन्वित प्रयास करें तो यह सिलसिला रुक सकता है। हर शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य काउंसलर की नियुक्ति अनिवार्य की जानी चाहिए। विद्यार्थियों के लिए नियमित वर्कशॉप, स्ट्रेस मैनेजमेंट सेशन और लाइफ स्किल्स ट्रेनिंग आयोजित की जाए। माता-पिता को अपने बच्चों के साथ नियमित बातचीत करनी चाहिए। बच्चों की भावनाओं को सुनना और समझना उतना ही जरूरी है जितना कि उनकी पढ़ाई और करियर पर ध्यान देना। बच्चों को सिखाना होगा कि सोशल मीडिया पर दिखने वाली चीजें वास्तविक नहीं होतीं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सकारात्मक संवाद और मदद की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। सरकार को मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़ानी चाहिए। मोबाइल हेल्पलाइन, टेली-काउंसलिंग और ऑनलाइन काउंसलिंग सेवाओं को सुलभ और सशक्त बनाना होगा। आत्महत्या की घटनाओं को सनसनीखेज बनाने की बजाय मीडिया को सकारात्मक संदेश देना चाहिए। आत्महत्या रोकने वाली हेल्पलाइन नंबर और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलानी चाहिए।

जब कोई व्यक्ति ऑनलाइन या ऑफलाइन अपने दर्द और तकलीफ साझा करता है, तो उसका मजाक उड़ाने की बजाय सहानुभूति दिखाना समाज का कर्तव्य होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश सरकार को आत्महत्या रोकथाम नीति पर गंभीरता से काम करना चाहिए। महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और आत्महत्या रोकथाम के लिए कई योजनाएं लागू की हैं। उसी तरह हिमाचल में भी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, स्कूल काउंसलिंग प्रोग्राम और युवा मनोविज्ञान केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। यह समझाना बेहद जरूरी है कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयां आएं, आत्महत्या उनका समाधान नहीं है। समस्याएं अस्थायी होती हैं, लेकिन आत्महत्या एक स्थायी निर्णय है। जीवन में हमेशा दूसरा मौका होता है। यह जिम्मेदारी सिर्फ सरकार या स्कूल की नहीं है, बल्कि परिवार, दोस्तों और समाज के हर व्यक्ति की है कि वे एक-दूसरे का सहारा बनें। सुबाथू की घटना ने एक बार फिर चेताया है कि यदि अब भी हम नहीं जागे तो यह संकट और विकराल रूप ले सकता है। आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकना सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं से नहीं होगा, बल्कि एक संवेदनशील, सहायक और जागरूक समाज का निर्माण करना होगा। बच्चों के साथ संवाद, सही मार्गदर्शन, सकारात्मक माहौल और भावनात्मक सहारा ही इस अंधेरे से बाहर निकलने का रास्ता है। जीवन अनमोल है, समाधान संभव है। यदि आप या आपका कोई जानने वाला मानसिक संकट से जूझ रहा है, तो मदद लें और मदद करें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार

**राहुल देव बर्मन** भारतीय हिंदी सिनेमा में एक महान संगीतकार के रूप में प्रसिद्ध थे। उनका जन्म पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुआ था। उनके पिता सचिन देव बर्मन भी जाने माने संगीतकार थे और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत उनके सहायक के रूप में की थी। एसडी बर्मन हमेशा आरडी बर्मन को अपने साथ रखते थे। इस वजह से आरडी बर्मन को लोकगीतों, वाद्यों और आर्केस्ट्रा की समझ बहुत कम उम्र में हो गई थी। आरडी बर्मन को बड़ी सफलता 'अमर प्रेम' से फिल्म से मिली। आरडी बर्मन बचपन में जब भी गुनगुनाते थे, 'प' शब्द का ही उपयोग करते थे। यह बात अभिनेता अशोक कुमार के ध्यान में आई, इसलिए उन्होंने राहुल देव को पंचम नाम से पुकारना शुरू कर दिया। धीरे-धीरे उनका पंचम दा के नाम से लोकप्रिय हो गया। उन्होंने अपने करियर के दौरान लगभग 300 फिल्मों में संगीत दिया। मधुर संगीत से श्रोताओं का दिल जीतने वाले संगीतकार राहुल देव बर्मन के लोकप्रिय संगीत से सजे गीत 'चिंगारी कोई भड़के', 'कुछ तो लोग कहेंगे', 'पिया तू अब तो आ जा' आदि हैं। ■



राहुल देव बर्मन
जन्म : 27 जून, 1939
मृत्यु : 4 जनवरी, 1994



कविता

### मेरे प्यारे पापा


खुशी ठाकुर, कक्षा आठवीं, रावमावि लड्डा, चंबा

*पापा मेरे सबसे प्यारे,*
*लगते मुझको सबसे न्यारे।*
*शरारत करे तो कान पकड़ते,*
*अच्छे बुरे की पहचान कराते।*
*उंगली पकड़कर चलना सिखाया,*
*पापा ने मुझे अच्छा नागरिक बनाया।*
*सही-गलत की पहचान करवाई,*
*पूरी दुनियादारी की रीत समझाई।*
*जो जीवन में संघर्ष से न घबराते,*
*वही तो अच्छे नागरिक कहलाते।*
*अच्छे पापा कहानियां सुनाते,*
*खूब मनोरंजन हमारा कराते।*
*मेरे पापा जी मेरी जान है,*
*दुनिया में वो महान है।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# प्रौद्योगिकी से बढ़ा रोजगार, कामगार हुए सुरक्षित

आधुनिक डिजिटल युग में, चैटबॉट, पोर्टल, ऑनलाइन शिकायत निवारण व्यवस्था और प्रबंधन सूचना प्रणालियों द्वारा संचालित ई-गवर्नेंस पोर्टल ने सरकार को लोगों के बेहद करीब ला दिया है। प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकार रोजगार वृद्धि और कामगारों की सामाजिक सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने को फिर से परिभाषित और पुनर्संयोजित कर रही है। अब प्रक्रियाएं अधिक कुशल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बन रही हैं। योजना से संबंधित पोर्टल अब 'ऑल-इन-वन' (एकल सुविधा) प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य कर रहे हैं, जो धोखाधड़ी, मैन्युअल प्रक्रियाओं और प्रशासनिक बोझ कम करते हुए कार्यक्रमों के बारे में निर्बाध ज्ञान प्रवाह और लाभ मापन की सुविधा प्रदान करते हैं।



लेखक : वी. अनंत नागेश्वरन
भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार

योजनाओं को आधार कार्ड से जोड़े जाने और विभिन्न योजनाओं के साथ इसके अंतर्संबंध से किसी को दो बार लाभ लेने से रोकने के साथ ही यह सुनिश्चित होता है कि लाभ समय पर लक्षित लोगों तक ही पहुंचें। आपस में जुड़े पोर्टल कामगारों को लाभकारी योजनाओं तक पहुंचने और आवेदन की स्थिति जानने, रोजगार के अवसरों का पता लगाने और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि ये नियोक्ताओं को राष्ट्रीय प्रतिभा पूल के उपयोग में सहायता प्रदान करते हैं, जिससे कौशल और अनुभव के आधार पर कामगारों की भर्ती संभव हो पाती है। इसके अतिरिक्त, ये पोर्टल असंगठित श्रमिकों, नौकरी के इच्छुक कामगारों, नियोक्ताओं और रोजगार के अवसरों का व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने में योगदान देते हैं, जिससे नीति निर्माताओं को सूचित, डेटा-समर्थित निर्णय लेने की सहूलियत मिलती है।

किसी बड़े संकट के समय, महामारी इत्यादि के दौरान, ये डेटाबेस बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे, जिससे जरूरतमंदों की शीघ्रता से पहचान और समय पर सहायता सुनिश्चित हो सकेगी। यह डिजिटल शासन में



परिवर्तन को सुव्यवस्थित कर रहा है, नागरिकों को सशक्त बना रहा है और कल्याणकारी प्रयासों की व्यापकता और प्रभावशीलता बढ़ा रहा है। इन पहल के कुछ उदाहरणों की यहां चर्चा की गई है। राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल इस परिवर्तनकारी पहल का एक उल्लेखनीय उदाहरण है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 2015 में आरंभ किए गए। इस पोर्टल ने रोजगार के इच्छुक व्यक्तियों को संबंधित सेवा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 5 करोड़ 50 लाख से अधिक कामगारों के पंजीकरण के साथ, यह एक 'वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म' के रूप में काम कर रहा है जो नौकरी पाने के इच्छुक व्यक्तियों को देशभर में रोजगार के अवसरों से जोड़ता है। इस पर उन्हें करियर काउंसलिंग, जॉब मैचिंग, इंटर्नशिप और अप्रेंटिसशिप (प्रशिक्षुता), कौशल विकास पाठ्यक्रम आदि की जानकारी प्रदान की जाती है। किसी राज्य विश्वविद्यालय से तुरंत स्नातक होने वाला छात्र पहले मोबाइल फोन के जरिए देश भर में नौकरी के अवसरों को जानने की कल्पना भी नहीं कर सकता था। पर आज, एनसीएस की मदद से कोई भी व्यक्ति आसानी से स्थान के हिसाब से पीएम गतिशक्ति के साथ एकीकरण के जरिए, देशभर में नौकरियों की खोज कर सकता है, करियर और नौकरी संबंधी परामर्श प्राप्त कर सकता है और यहां तक कि स्किल इंडिया डिजिटल (एसआईडी) पोर्टल के जरिए आवश्यक कौशल भी हासिल कर सकता है। यह सब उसे फोन पर या स्थानीय रोजगार मेलों में शामिल होकर मिल सकता है। एनसीएस परियोजना के अंतर्गत अब तक लगभग 57 हजार रोजगार मेले आयोजित किए जा चुके हैं। इसके अलावा, एनसीएस पोर्टल को स्किल इंडिया डिजिटल हब (एसआईडीएच), उद्यम, ई-श्रम, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ), कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), पीएम गतिशक्ति, डिजिलॉकर और अन्य के साथ एकीकृत किया गया है, जिससे हितधारकों की उन तक पहुंच और दक्षता में वृद्धि हुई है। यह पोर्टल लगभग 30 राज्यों और निजी रोजगार पोर्टलों से भी जुड़ा हुआ है, जिससे कामगारों को नौकरी के अवसरों तक व्यापक पहुंच हो रही है।

इसी तरह, श्रम सुविधा और समाधान पोर्टल, उद्योग और व्यापार के लिए अनुपालन और व्यापार सुगमता को बढ़ाते हैं तथा विवादों का तेजी से समाधान और दावे तथा श्रमिकों की शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करते हैं। ईएसआईसी धनवंतरी मॉड्यूल अस्पतालों और औषधालयों को मरीजों का रिकॉर्ड (परीक्षण इत्यादि) पिछले मामले के इतिहास आदि की बेहतर उपलब्धता प्रदान करने में सक्षम बनाता है। यह पहल सरकार के संकल्प के स्पष्ट प्रमाण हैं कि प्रौद्योगिकी के लाभ से विभिन्न पहल द्वारा सभी के लिए अधिक सुलभ, कुशल और पारदर्शी सेवा मुहैया कराने के कल्याणकारी उपायों में कोई भी पीछे न छूटे।

सरकार के नीतिगत हस्तक्षेपों को उद्योग की सक्रिय भागीदारी का समर्थन आवश्यक है। उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका का एक प्रमुख उदाहरण ई-श्रम पहल है, जहां गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों (संस्थागत श्रमिकों) के लिए सामाजिक सुरक्षा का सफल कार्यान्वयन काफी हद तक प्लेटफॉर्म एग्रीगेटर्स की भागीदारी पर निर्भर करता है। नियोक्ताओं को यह समझना जरूरी है कि एक सुरक्षित, संरक्षित और संतोषजनक कार्यस्थल बनाना, साथ ही श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना दीर्घकालिक उत्पादकता के लिए नितांत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करते हुए, वंचित और कमजोर समूहों को लक्षित और निरंतर समर्थन प्रदान करना भी महत्वपूर्ण है। यह समर्थन आर्थिक और सामाजिक प्रगति को बढ़ावा देगा और कार्यबल तथा अर्थव्यवस्था में भागीदारी की बाधाओं को दूर करने में मदद करेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# हिमाचल शिक्षा सुधार 2025-एक प्रेरणादायक यात्रा

हिमाचल प्रदेश, जो अपने शांत वातावरण और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, अब शिक्षा के क्षेत्र में भी देशभर में एक प्रमुख उदाहरण के रूप में उभरकर सामने आ रहा है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश ने शिक्षा के स्तर को सुधारने, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों को बढ़ाने और स्कूलों की बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई साहसिक और दूरदर्शी कदम उठाए हैं। इसका प्रमाण हाल ही में आए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2025, जिसे 'परख-2025' भी कहा जाता है, में प्रदेश की समग्र रैंकिंग में भारत में पांचवां स्थान प्राप्त करना है।



लेखक : सिकंदर बंसल
शिक्षाविद्, रामपुर बुशैहर

यह उपलब्धि न केवल राज्य की मेहनत का प्रमाण है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में हो रहे गहन सुधारों का संकेत भी है। हिमाचल की भौगोलिक स्थिति—पहाड़ी, दुर्गम और जलवायु के उतार-चढ़ाव से भरपूर—शिक्षा के लिए हमेशा एक चुनौती रही है। इसके बावजूद सरकार ने इसे अवसर में बदलने का कार्य किया है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की दूरदृष्टि और सक्रिय नेतृत्व ने विभागीय योजनाओं को जमीनी स्तर तक सफलतापूर्वक लागू करने में प्रमुख भूमिका निभाई है। साथ ही, शिक्षा निदेशालय (उच्चतर) को अब एकीकृत कर एकल शिक्षा निदेशालय के रूप में पुनर्गठित किया गया है, जिससे नीति-निर्माण और क्रियान्वयन के बीच बेहतर समन्वय संभव हो सका है।

राज्य सरकार ने शिक्षक-विद्यार्थी अनुपात को संतुलित करने, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने, स्थानीय परिवेश में पाठ्यक्रम के अनुकूलन और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने



जैसे पहलुओं पर विशेष बल दिया है। विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए सह-शैक्षणिक गतिविधियों को भी शिक्षा प्रणाली का अभिन्न हिस्सा बनाया गया। 'स्मार्ट क्लासरूम' की स्थापना, डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा, डिजिटल पुस्तकालय और शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप सुधार इन प्रयासों का हिस्सा हैं। शिक्षा को बच्चों के जीवन और सोच से जोड़ने के लिए पाठ्यक्रम में जिज्ञासा, रचनात्मकता, तार्किकता, पर्यावरण, लैंगिक समानता और स्थानीय संस्कृति जैसे विषयों को जोड़ा गया है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत किया गया है, जिससे बच्चों की कक्षा में भागीदारी और आत्मविश्वास में वृद्धि देखी गई है।

विद्यालय प्रबंधन समितियों में उनकी सक्रिय भूमिका से यह सुनिश्चित हुआ है कि स्कूल केवल शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि सामुदायिक विकास के केंद्र बनें। 'परख-2025' में हिमाचल के प्रदर्शन की एक बड़ी वजह सीखने के परिणामों पर केंद्रित योजनाएं हैं जैसे 'प्रगति परीक्षण', 'समयबद्ध मूल्यांकन' और 'रिमेडियल शिक्षण'। इनसे विद्यार्थी की कमजोरियों की पहचान कर उन्हें व्यक्तिगत सहायता दी गई। शिक्षकों ने इस प्रक्रिया को आत्मसात कर हर विद्यार्थी की जरूरतों को समझने और उन्हें सक्षम बनाने में सक्रिय योगदान दिया। इंफ्रास्ट्रक्चर के स्तर पर भी 'स्कूल न्यू इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट प्रोग्राम' के तहत जर्जर भवनों की मरम्मत, नई कक्षाओं, कंप्यूटर लैब्स और स्मार्ट बोर्ड की स्थापना की गई। पंचायतों और स्थानीय निकायों की भागीदारी से यह कार्य न केवल व्यावहारिक बना, बल्कि समुदाय की सहभागिता भी सशक्त हुई।

छात्रवृत्तियों और बालिकाओं के लिए योजनाओं जैसे 'शगुन योजना', 'मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना' तथा किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता किट वितरण से बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिला है आज जब हम शिक्षा को केवल परीक्षा और अंकों तक सीमित न रखकर जीवन मूल्यों, कौशल और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ते हैं, तो हिमाचल जैसे राज्य शिक्षा और सामाजिक प्रगति दोनों में देश का नेतृत्व करने की क्षमता रखते हैं। यदि यह रफ्तार बनी रही, तो वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल प्रदेश को भारत का सबसे शिक्षित, समावेशी और प्रगतिशील राज्य कहा जाएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**बरसात** के मौसम में जलजनित बीमारियां जैसे हैजा, डायरिया, टायफाइड, पीलिया और डेंगू तेजी से फैलती हैं। इनसे बचाव के लिए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। हमेशा उबला या फिल्टर किया हुआ पानी ही पीएं। खुले में बिकने वाले खाने से परहेज करें। घर के आसपास पानी जमा न होने दें ताकि मच्छरों का प्रजनन न हो। टॉयलेट और रसोई की साफ-सफाई बनाए रखें। खाने से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोना आदत बनाएं। फल और सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही खाएं। नालियों की सफाई करें और पानी के टैंक या बर्तन को ढककर रखें। यदि बुखार, उल्टी या दस्त जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। बरसात में सतर्क रहकर ही इन बीमारियों से बचा जा सकता है।

**रमेश चंद, जवाली**

# प्राकृतिक आपदा से हर नागरिक को सबक लेने की जरूरत

जलवायु परिवर्तन के चलते पहाड़ी राज्यों में प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में वृद्धि होना दुःखद है। हिमाचल प्रदेश जिला कुल्लू में पांच स्थानों पर बादल फटना, खनियारा मनूणी खड्ड में हाइड्रो प्रोजेक्ट काम में लगे दो मजदूरों की मौत अन्य 11 लापता हैं। एनडीआरएफ टीमें लापता श्रमिकों की तलाश बाढ़ के पानी में कर रही हैं।



लेखक : सुखदेव सिंह
स्वतंत्र लेखक

प्रशासन ने एडवाइजरी जारी करके जनता को नदी, नालों और पुलों से दूरी बनाकर रखने का आग्रह किया है। पहाड़ी राज्यों के जंगलों में कब गर्म हवाओं का झौंका आसमान में बने बादलों से टकराकर तवाही लेकर आए, किसी को कोई आभास नहीं होता है। हिमाचल प्रदेश, केरल और उत्तराखंड में बरसात समय जल प्रलय आना सबसे बड़ी चिंता है। विश्व देश जलवायु परिवर्तन का समाधान किए जाने को लेकर निरंतर प्रयासरत, मगर फिलहाल पहाड़ी राज्यों के लोगों का दर्द कम होता नजर नहीं आ रहा है। आज हालात इस कदर नाजुक बन चुके है कि सैकड़ों लोग मौत का ग्रास बने और लोग अपने परिवारजनों को बाढ़ के मलवे में तलाश कर रहे हैं। पिछले कुछेक वर्षों में हिमाचल प्रदेश, केरल में प्राकृतिक आपदाओं की घटनाओं में वृद्धि हुई है। प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती घटनाओं के बावजूद हमारी राज्य सरकारें कोई सही सीख नहीं ले पा रही हैं। निकतम भविष्य में पहाड़ी राज्यों में ऐसी घटनाओं में वृद्धि होना स्वाभिक, क्योंकि बारिश ने अपना पैटर्न बदल दिया है। हिमाचल प्रदेश में गत वर्ष आई प्राकृतिक आपदा के जख्म अभी तक भरे नहीं हैं। भागसूनाग, चमौली, मनिकरण और खज्जियां जैसी कई प्राकृतिक घटनाओं से हमने कोई सबक नहीं सीखा है। हिमाचल प्रदेश एक पहाड़ी राज्य है। बरसात के मौसम में कब ऐसी कोई प्राकृतिक घटना घटित होकर सभी के लिए मुसीबत बन जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में जान-माल की हानि होती है।

इंसान ने प्रकृति से जब भी खिलवाड़ करने की कोशिश की है, उसका खामियाजा उल्टा उसे ही भुगतना पड़ा है। जंगलों में घटती जा रही पेड़ों की संख्या भविष्य के लिए बहुत बड़ा खतरा बनने वाला है। अवैध खनन के चलते सरकारी संपत्ति सड़कें, पुल, डगे, फसलें, मकान, मंदिर तक ध्वस्त हो रहे हैं। अगर समय रहते अब भी जंगलों की सुरक्षा नहीं की गई, तो केरल जैसी प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए राज्यों को तैयारी अभी से करनी होगी। जंगलों में पेड़ कम और खरपतवार के पौधे अत्यधिक हमारी सरकारें वन महोत्सव मना रही हैं। आज जरूरत पेड़ों के कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाकर पौधारोपण अभियान का आगाज करने की।



पौधारोपण सिर्फ सेल्फी लिए जाने तक सीमित होकर नहीं रहना चाहिए। पौधरोपण के नाम पर सरकारें लाखों रुपए खर्च करती हैं, मगर बावजूद इसके जलवायु परिवर्तन अब प्रत्येक वर्ष घातक बनता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और केरल राज्य में भूस्खलन की घटनाएं बहुत पहले से घटित हो रही हैं। नवंबर 2015 में चेन्नई में आई बाढ़ में 350 लोग मर गए और लाखों बेघर हो गए, मगर इसके बावजूद कोई सीख नहीं लेना चाहता है। वनों को काटकर प्रोजेक्ट बनाए जा रहे हैं। नदियों के पानी के तेज बहाव वाली जगहों में भवन, रेस्टोरेंट,मंदिरों का निर्माण किया जाना भी तबाही का कारण माना जा सकता है। पानी का बहाव मोड़ने की कोशिशें निरंतर अवैध जमीन कब्जाधारी कर रहे हैं। हर साल बाढ़ आती और कई लोगों को मौत के घाट उतारकर चली जा रही है। सरकारें और जनता इस बारे जागरूक नहीं हैं। केरल में आई प्राकृतिक आपदा भी भूस्खलन के कारण कई लोगों को मौत का ग्रास बनाकर चली गई।

बरसात में अक्सर भारी बरिश होती है, मगर इस बार तेज बारिश और बाढ़ के पानी का प्रवाह एक बार फिर केरल राज्य में इस तरह की भयावह त्रासदी लेकर आएगा, जिसकी वजह से लोगों को बेघर होना पड़ेगा, किसी ने सोचा नहीं था। केरल में 41 छोटी और बड़ी नदियां हैं, जबकि 81 बांध बनाए गए थे। बरसात में नदियां जहां पूरे उफान में बहती, वहीं बांधों का ओवरफ्लो पानी छोड़ने से त्रासदी का रूप धारण कर लेता है। भारत के सभी राज्यों में केरल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण राज्यों में से एक है। केरल हर क्षेत्र में सबसे अग्रणी राज्य रहा है। शिक्षा, कृषि, बेहतर पुलिस और आयुर्वेदिक दवाइयों का उत्पादन करने के मामलों में हमेशा अव्वल दर्जे का रहा है। केरल कृषि प्रधान राज्य है जो विदेशों में भी फल, सब्जियां और अनाज भेजता है। आज प्रकृति का संरक्षण करना जरूरी हो गया है। प्रकृति से मानवीय छेड़छाड़ घातक साबित होगी। प्रकृति से प्रेम ही मानव को प्राकृतिक आपदाओं से बचाएगा। हम जितना जल्दी प्रकृति का संरक्षण करना सीख लेंगे, उतना जल्दी ही मानव प्राकृतिक आपदाओं से मुक्त हो जाएगा। समय आकाश में आसमानी आजकल हर जगह फ्रोजन खाद्य पदार्थ ही ज्यादा पकाए जा रहे हैं। ऐसा खाना खाने से इंसान का शरीर अंदर से खोखला बनकर रह जाता, जिससे उसके शरीर में ऐसे वायरस से लड़ने की शक्ति खत्म होकर रह जाती है। बढ़ते वायु प्रदूषण से विश्व के कई देश प्रभावित हैं। सर्दियों के मौसम में राजधानी दिल्ली और पंजाव राज्य के कई जिलों में इसके प्रभाव देखने को मिलते रहे हैं। विकराल बनती जा रही वायु प्रदूषण की समस्या से अपने देश में मरने वाले लोगों का आंकड़ा ज्यादा बताया जाता है। हिमाचल सरकार को पेड़ों के कटान पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाकर प्रकृति की सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# किशोरों को साथियों के नकारात्मक प्रभाव से बाहर निकालें मां-बाप

किशोरावस्था की अपनी पोस्ट की दलीलों को ' 'PEER PRESSURE' पोस्ट के सहयोग से आगे बढ़ाऊं और बच्चों के गलत रास्तों पर जाने की वजह भी स्पष्ट करूं...ऐसा मेरे कई पुराने छात्र ...(जो इस बात को स्वीकार करते हैं कि बहुत हद तक यह 'PEER PRESSUREÓ ही था ,जो उनकी छवि को धूमिल कर गया था और उनके जीवन के कुछ समय को अंधेरे की गर्त में ले गया था, ने सुझाव दिया ...



लेखिका : रंजना बंसल
रीवा, मध्य प्रदेश

संजीदगी से इस मुद्दे पर अपनी बात रखना चाहूंगी...आप भी सोच ईमानदार रखियेगा, क्योंकि तभी आप अपने समय को ठीक-ठीक याद करके वर्तमान परिपेक्ष्य से जुड़ पाएंगे... 'PEER' मतलब संगी-साथी ...जिनकी हमें हर उम्र में दरकार है... देखिए न तभी तो आजकल बुजुर्गों को 'OLD AGE-HOME ' में संग-साथ और स्वस्थ वातावरण में समय बिताने के लिए भेजा जाता है...

हां तो हम सभी की तरह या शायद सबसे ज्यादा किशोरों को संग-साथ की /दोस्तों की जरूरत है...क्योंकि उम्र के जिस दौर और बदलावों के जिस तूफान से वो गुजर रहे होते हैं, उन्हें तलाश होती है, किसी ऐसे की जो उसी अवस्था, स्थिति या बदलाव का साक्षी हो...



मां-बाप को वो हमेशा बड़ा मानते हैं, (मसलन एक बार ऐसे ही साधारण रूप से बात करते हुए जब मैंने अपने स्कूल की बातें करते हुए बताया कि हम अपने समय में बर्थडे पार्टी केक शॉप और आइस-क्रीम खाकर मानते थे...या मेरी स्कूल की स्कर्ट का रंग हरा था तो मानो मेरा बेटा सोफे से कूद पड़ा यह सोचकर कि उसकी मां स्कर्ट पहनती थी, आइस-क्रीम और केक खाती थी, क्योंकि ऐसा तो बस उसके जमाने में होता है, बेटी को आश्चर्य होता है यह सोचकर कि मां को भी पीरियड्स होते थे, बेटे आश्चर्य करते हैं कि पापा कॉलेज में चुनाव लड़े थे या कि मां-पापा ने अपनी पसंद से शादी की थी, ये सारी बातें अप्रत्याशित हैं हर किशोर के लिए )और बड़े बहन-भाई उस अवस्था से निकल कर अपने युवावस्था के दिनों को जीने लगते हैं ... तो बचा कौन?.. जी हां 'साथी / peers ... जो उसको समय देते हैं ,उन बदलावों को समझते हैं, जिनसे ' secrets' शेयर किए जा सकते हैं, जिनका रिएक्शन गुस्से भरा नहीं होता, जो उन्हें समझाइश नहीं देते रहते, जो अपनी भी बात बताते हैं...पर त्रासदी यह है कि वो हम उम्र हैं और समय तो देते हैं। पर सही सलाह नहीं दे पाते ....

कारण कि वो खुद ही कच्ची, अपरिपक्व और नासमझ उम्र के हैं जिनके पास न अनुभवों की पोटली है , न ज्ञान का भंडार, न मुश्किलों से निकलने के उपाय..बस है तो हर वो काम करने को उकसाने की कला जो वो अपने मां-बाप या परिवार की कड़ाई, बंदिशों और आदेशों के कारण नहीं कर सकते और खुद अपने मां- बाप से त्रस्त हैं... तो बस यही उपाय है कि यह जरूरत घर पर पूरी हो ...बातचीत , स्वस्थ माहौल , बदलावों के प्रति सकारात्मक रुख और दोस्ताना व्यवहार अपनाकर...बच्चों में सोच-समझ विकसित की जाए , शिक्षकों से सहयोग लिया जाए और बच्चे को एक व्यक्तित्व समझे न कि वस्तु , जो आपके नियंत्रण में रहती है पूरी तरह ...

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# जाछ को 1.73 करोड़ की उप-सब्जी मंडी की सौगात

## कृषि मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने किया लोकार्पण, 9 पंचायतों के हजारों किसान-बागवान होंगे लाभान्वित

सुनील शर्मा, अनंत ज्ञान

**गोहर।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार ने वीरवार को नाचन विधानसभा क्षेत्र की दूरदराज ग्राम पंचायत जाछ में लगभग 1.73 करोड़ रुपए से निर्मित उप-सब्जी मंडी जाछ का विधिवत लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सब्जी मंडी में 8 दुकानें, एक निलामी मंच के अतिरिक्त किसान विश्राम गृह के लिए दो कक्ष, सराय, कैंटीन, कर्मचारी आवास इत्यादि की सुविधा प्रदान की गई है। सब्जी मंडी से नाचन व करसोग विधानसभा क्षेत्र की नौ ग्राम पंचायतों जाछ, झुंगी, घरोट, कटाची, चरखड़ी, परेसी, मशोगल, बाढू व बही-सरही के हजारों किसान-बागवानों को घर-द्वार के समीप विपणन की सुविधा उपलब्ध हुई है। इससे उन्हें कृषि उपज के उचित मूल्य प्राप्त होंगे और भाड़े के रूप में बड़ी मंडियों में अपनी उपज बिक्री पर होने वाले व्यय से भी छुटकारा मिलेगा।

कृषि मंत्री ने कहा कि देश में हरित क्रांति के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अन्न उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाया। इस अवसर पर करसोग से पूर्व प्रत्याशी महेश राज, सराज से कांग्रेस नेता जगदीश रेड्डी, नाचन से ब्रह्म दास चौहान, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दलीप कुमार, पूर्व जोन अध्यक्ष नेत्र सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम सिंह, जिला परिषद सदस्य हुकम सिंह ठाकुर, पंचायत समिति अध्यक्षा कल्पना ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राहुल कटोच सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।



नाचन के जाछ में कृषि एवं पशुपालन मंत्री चौधरी चंद्र कुमार का स्वागत करते हुए।

### उप-सब्जी मंडी में होगा अतिरिक्त कमरों का निर्माण

**इस** अवसर पर नवनिर्मित उप-सब्जी मंडी में विश्राम गृह के लिए अतिरिक्त कमरे निर्मित करने की घोषणा की। इससे पहले कृषि मंत्री ने इस सब्जी मंडी के लिए भूमि दान करने पर स्थानीय निवासी रामकी देवी एवं उनके पुत्र चमन लाल को सम्मानित भी किया। विधायक विनोद कुमार ने कृषि मंत्री का इस लोकार्पण के लिए आभार व्यक्त किया।

### किसानों-बागवानों को दी जा रही सुविधाएं बताई

एपीएमसी मंडी के चेयरमैन संजीव गुलेरिया ने कृषि मंत्री का स्वागत किया और मंडी जिला में एपीएमसी के माध्यम से किसान-बागवानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि गत दो वर्षों में मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई सराहनीय प्रयास हुए हैं।

# हक्कल स्कूल पर डंगा गिरने के मामले में कंपनी पर केस दर्ज



हक्कल स्कूल के पास गत दिनों बारिश से पाठशाला भवन पर गिर डंगा।

रितेश चौहान, अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** राजकीय उच्च पाठशाला हक्कल के पास बीआरएन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी की ओर से लगाया गया डंगा गत दिनों बारिश से पाठशाला भवन पर गिर गया था। इस संबंध में पाठशाला प्रशासन ने धर्मपुर थाना में कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच अधिकारी ने मामले की तहकीकात तो पाया कि भवन को काफी नुकसान पहुंचा है तथा स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों तथा अध्यापकों को भी जान-माल का खतरा पैदा हो गया है। डीएसपी धर्मपुर संजीव सरनेम ने पुष्टि की कि कंपनी के खिलाफ मानव जीवन को खतरे में डालने व सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने को लेकर मामला दर्ज किया गया है। डंगा का ठेका किसे दिया गया, इसकी भी जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

# न्यू क्रिसेंट स्कूल की श्वेता ठाकुर बनीं उद्योग प्रसार अधिकारी

**अभिषेक, अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा श्वेता ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश सरकार की Allied Services परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उद्योग प्रसार अधिकारी पद पर नियुक्ति प्राप्त की है। प्रधानाचार्या शशि किरण ने बताया कि श्वेता ने न केवल पढ़ाई, बल्कि साइंस कांग्रेस व अन्य गतिविधियों में भी शानदार भागीदारी निभाई। उनके स्कूल आगमन पर शिक्षकों व छात्रों ने पुष्पवर्षा व तालियों के साथ उनका स्वागत किया। विद्यालय निदेशक विजय शर्मा ने उन्हें अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करते हुए उनके माता-पिता और समस्त परिवार को शुभकामनाएं दीं। श्वेता की यह उपलब्धि न्यू क्रिसेंट स्कूल की शिक्षा गुणवत्ता और मार्गदर्शन प्रणाली का सजीव प्रमाण है।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्यास नदी के किनारे मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत सिद्धपुर में वीरवार को सुबह 7:30 बजे एक व्यक्ति का शव ब्यास नदी के किनारे देखा गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया और धर्मपुर पुलिस थाना प्रभारी अपने जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से शव को अपने कब्जे में लेकर उसे सरकाघाट पोस्टमार्टम करवाने के लिए ले गई है। व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। धर्मपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने लोगों से अपील की है कि जिस किसी भी व्यक्ति का यह शव होगा, वह धर्मपुर पुलिस थाना में संपर्क कर सकते हैं। डीएसपी धर्मपुर संजीव सूद ने मामले की पुष्टि की है।

### बरोट व फतेहपुर में आज बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल सरकाघाट ई0 रूप सिंह ठाकुर ने बताया कि 27 जून को 11 केवी तलाव फतेहपुर एचटी लाइन का आवश्यक रखरखाव व इनके आसपास लगते पेड़ों की टहनियों की कांट-छांट का कार्य किया जाना है, जिस कारण 11 केवी तलाव फतेहपुर के तहत आने वाले क्षेत्र तलाव, चुक्खू, बग्गी, पौंटा, बही, जबोट, फतेहपुर, दरकोहली, बरोट, लुनापा, बलमगोह और आस-पास के क्षेत्र में प्रातः 9 बजे से सायं कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### थनोट व सेहली में आज लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईंलू विनीत ठाकुर ने बताया कि 27 जून को त्लाहड़ व कोटली फीडर में बिजली की तारों के साथ के पेड़ों की कांट-छांट तथा तारों की मरम्मत का कार्य किया जायेगा। कार्य के दृष्टिगत 27 जून को सुबह 10 बजे से सायं 6 बजे तक थनोट, सेहली, गोखड़ा, बग्गी-बटाहर, लोट गहु, कोट, ढुब्बल, कून, रोपा मटयाहल, भरगांव, अलग, माहन, डवाहन,तरयासल तथा आस-पास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी।

### स्टेज कैरिज बस रूट के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंडी नवीन कुमार ने बताया कि जिला मंडी के लिए 12 नए स्टेज कैरिज बस रूट आवंटित किए गए हैं। इन नए स्टेज कैरिज बस रूट के लिए 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदनकर्ता परिवहन विभाग की वेबसाइट himachal transport.hp.gov.in/publiclogin पर आवेदन कर सकते हैं।

### उत्कृष्ट कार्य में कठोगण समिति फर्स्ट

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** जिला मंडी के इलाका भद्रोता की ग्रामीण वन विकास समिति 'कठोगण' ने इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य करके प्रदेश भर में प्रथम स्थान पाया है और वन विभाग जायका परियोजना अधिकारियों द्वारा इसे प्रदेश स्तर पर सम्मानित भी किया गया। 25 जून को नूरपुर फॉरेस्ट डिवीजन की जायका परियोजना द्वारा गठित वन समितियों व स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने कठोगण का एक्सपोजर विजीट किया। वन विकास समिति कठोगण के प्रधान पवन कुमार ठाकुर (सेवानिवृत सार्जेंट, वायु सेना) ने सभी टीम सदस्यों का ग्रामीणों की ओर से अभिनंदन किया और वन विकास समिति द्वारा जायका परियोजना के सहयोग से किए गए विकास के कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर जाईका परियोजना अधिकारी सेवानिवृत डीएफओ वेद प्रकाश पठानिया, सेवानिवृत डीएफओ यशपाल, विजय कुमार, अश्विनी बन्याल, विजय कुमार, कमलेश कुमार, सरला देवी, बालम राम, रीना देवी, गोपाल सिंह, रीता देवी, कल्पना देवी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नशे के खिलाफ जंग लड़ने का लिया संकल्प

**कविता, अनंत ज्ञान, पधर।** पधर स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नशा एवं अवैध तस्करी निषेध दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण, पधर के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष का संकल्प लिया। इस अवसर पर बतौर वक्ता एसएचओ पधर सौरभ ठाकुर, एडवोकेट महेंद्र पाल व सामाजिक कार्यकर्ता भूमि देव ने युवाओं को नशे के खतरों से अवगत कराया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि आज की पीढ़ी को मजबूत नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ समाज में जागरूकता की मशाल जलाएं और एक स्वस्थ राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।

### दो दिवसीय स्रोत व्यक्ति कार्यशाला कल से

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** नशा मुक्ति अभियान समिति खंड कमेटी धर्मपुर मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति प्रदेश ज्ञान विज्ञान समिति और नशा मुक्ति अभियान समिति द्वारा भारत नशा मुक्त अभियान के तहत 28 व 29 जून को विश्राम गृह टीहरा में दो दिवसीय स्रोत व्यक्ति कार्यशाला आयोजित की जा रही है यह कार्यशाला हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के लिए चयनित स्रोत संस्था गुंजन और बाल संरक्षण विभाग मंडी के सहयोग से आयोजित की जा रही है। नशा मुक्ति अभियान समिति धर्मपुर के खंड अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भूपी तथा मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति क सचिव सुनीता बिष्ट ने बताया कि यह कार्यशाला दोनों दिन प्रातः 9 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित की जाएगी जिसमें नशे के बारे में विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी और उसके आधार पर भविष्य में कार्य संचालित किया जाएगा

### किसान विकास क्लब रोपेगा औषधीय पौधे

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** स्वामी विवेकानंद किसान विकास क्लब टीहरा की एक बैठक क्लब के संस्थापक व संरक्षक दीवान चंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें विशेष रूप से पूरी कार्यकारिणी उपस्थिति रही। बैठक में क्लब के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई कार्यक्रम का संचालन क्लब के अध्यक्ष ठाकुर युद्धवीर सिंह ने किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि संस्था द्वारा बरसात के मौसम में रोपित किए जाने वाले पौधों जैसे हरड, भेड़ा आबंला और नींबू व आम के पौधों की सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से खरीद की जाएगी तथा संस्था के हर सदस्य को पौधे सस्ते दामों पर वितरित किए जाएंगे। वहीं अन्य लोग भी पौधे खरीदने के इच्छुक हो तो वह भी संस्था के अध्यक्ष से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर संस्था के उपप्रधान रमेश पालसरा, मुख्य सलाहकार जेसी शर्मा व धर्मवीर पठानिया, महासचिव रसपाल, निरीक्षक सुनील अत्री सहित सदस्यों के रूप में रूपलाल, रमेश चंद, रतेंद्र कुमार, रणजीत सिंह, इंद्र सिंह, विधि चंद, जगदीश चंद, कृष्ण चंद सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

### नशा करने वालों का होता जीवन बर्बाद : किशोर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** शैल बाला वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्दवाड़ा में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध जागरूकता दिवस पर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति मंडी के सौजन्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के पूर्व अध्यक्ष किशोर कुमार ठाकुर ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आगाह करते हुए कहा कि आज देश के युवाओं को नशे की दलदल में धकेलने की साजिशें हो रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने लक्ष्य पर अडिग रहें और नशे को सिरे से नकार दें। किशोर ठाकुर ने बताया कि कैसे नशा करने वालों का जीवन बर्बाद होता है। इस अवसर पर समिति की खंड समन्वयक सुनीता पट्याल, प्रधानाचार्य शकुंतला देवी व अन्य सदस्य क्षमा देवी, विद्या देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी और प्रोमिला देवी ने भी बच्चों को नशे से दूर रहकर उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी।

# समाजसेवी राजेश कपूर ने एनएच की स्थिति को लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग से की भेंट

अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान

**मंडी।** समाजसेवी राजेश कपूर ने हाल ही में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में एनएच-003 (राष्ट्रीय राजमार्ग-003) से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कपूर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और उसकी गति को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की।

अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि वे इन समस्याओं से पहले से ही अवगत हैं और इस विषय पर पहले भी कई बार गंभीरता से चर्चा कर चुके हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एक दिन पूर्व ही उन्होंने संबंधित माननीय मंत्री से टेलीफोन पर बातचीत की थी और एक पत्र के माध्यम से सभी समस्याओं को औपचारिक रूप से अवगत भी कराया है। भेंट के अंत में राजेश कपूर ने अनुराग ठाकुर को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। स्थानीय लोगों को अब आशा है कि एनएच-003 पर निर्माण कार्य में गति आएगी और गुणवत्ता को लेकर भी ठोस कदम उठाए जाएंगे।



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर से समाजसेवी राजेश कपूर शिष्टाचार भेंट करते हुए।

# छात्रों ने लगाए नशा विरोधी नारे

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर।** भड्डा स्थित माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से एक रैली निकाली गई, जिसमें छात्रों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर नशे के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। रैली क्षेत्र में भ्रमण करती हुई नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करती रही। रैली के दौरान छात्रों ने नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ, स्वस्थ जीवन की है यही पुकार, नशे से रहो हमेशा होशियार, जागो देश के नौजवानों, नशे को छोड़ो बचाओ जैसे प्रभावशाली और प्रेरणादायक नारे लगाए। विद्यालय के निदेशक मनोज ठाकुर और प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज को अंदर से खोखला कर रहा है।

# उपायुक्त ने दिलाई नशामुक्ति की शपथ

## अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), मंडी में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने की।

कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने आईटीआई के प्रशिक्षुओं को अपने जीवन, परिवार, समाज और राष्ट्र को नशे की बुराइयों से मुक्त रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए नशे से दूर रहना आवश्यक है। मेहनत तभी रंग लाएगी जब मन और शरीर स्वस्थ होंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

एडीसी गुरसिमर सिंह ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की लत अक्सर पीयर प्रेशर से शुरू होती है। इसे सामाजिक कलंक के रूप में देखने की बजाय एक बीमारी के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले को साथ देकर ही उसे इस दलदल से बाहर निकाला जा सकता है। मनोचिकित्सक डॉ. अभिलक्ष कांगो ने नशे के लक्षण, उसके दुष्परिणाम, उपचार और रिकवरी प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं, पुलिस उपाधीक्षक दिनेश कुमार ने समाज पर नशे के घातक प्रभावों की जानकारी देते हुए युवाओं को इससे बचने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं द्वारा शहर में एक जागरूकता रैली भी निकाली गई, साथ ही नशे के दुष्प्रभावों पर एक प्रभावशाली स्किट प्रस्तुत की गई। प्रशिक्षु संजय, निर्मला और पूजा ने कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में आईटीआई के प्रधानाचार्य रविन्द्र सिंह बनयाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

### कार्यक्रम में पूर्व नशा पीड़ित ने साझा किए अनुभव

**कार्यक्रम** में विशेष रूप से एक पूर्व नशा उपयोगकर्ता ने भी अपनी आपबीती सांझा की। उन्होंने बताया कि यह सिलसिला सिगरेट से शुरू होकर शराब और अंततः चिट्टे तक पहुंच गया।

# एहजू की अलीशा ने कजाकिस्तान में जीता स्वर्ण पदक

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** प्रदेश के छोटे से गांव त्रामट (एहजू पंचायत) की अलीशा कटोच ने पैराग्लाइडिंग की ऊंचाइयों को छूते हुए देश का नाम रोशन किया है। महज 16 साल की उम्र में पैराग्लाइडिंग की दुनिया में कदम रखने वाली अलीशा ने कजाकिस्तान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर भारत का परचम लहराया है। अलीशा आज भारत की शीर्ष महिला पैराग्लाइडिंग पायलटों में गिनी जाती हैं। वर्ष 2019 में उन्होंने परिवार को बताए बिना पहली उड़ान भरी थी और तभी से उड़ान का यह जुनून उनके सपनों में तब्दील हो गया। अलीशा ने 2023 में अपनी पहली प्रतिस्पर्धी उड़ान में भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया और अब वह ऑरेंज लाइफ पैराग्लाइडिंग स्कूल में नियमित प्रशिक्षण ले रही हैं।

# बच्चों ने भारतीय भाषाओं का किया अभ्यास

## डीएवी स्कूल जवाहर नगर में भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**डीएवी** स्कूल जवाहर नगर मंडी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और सीबीएसई के बहुभाषावाद को प्रोत्साहन देने की पहल के अंतर्गत भारतीय भाषा समर कैंप का आयोजन किया गया। इस छह दिवसीय शिविर में प्राथमिक, उच्चतर और वरिष्ठ माध्यमिक वर्गों के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस शिविर का उद्देश्य भारत की भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के प्रति छात्रों में गहन समझ और सम्मान विकसित करना था। इस कैंप में विद्यार्थियों ने कई रचनात्मक और अनुभवात्मक गतिविधियों में भाग लिया, जैसे- विभिन्न भारतीय भाषाओं में आत्म-परिचय, संवाद अभ्यास, अंकों का नामकरण, वर्णमाला की पहचान व अनुवाद अभ्यास। विशेष रूप से पंजाबी भाषा और संस्कृति को समर्पित दिन में पारंपरिक लोकनृत्य, शब्द गायन, पंजाबी शब्दावली निर्माण, कविता पाठ और पारंपरिक पंजाबी भोजन जैसे आयोजन विद्यार्थियों को पंजाबी विरासत से जोड़ते दिखे। साथ ही, स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित ऑडियो-विजुअल प्रस्तुतियां और कहानी सत्रों ने देशभक्ति और भाषाई चेतना को और भी गहराया। शिविर का समापन प्रमाण पत्र वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विद्यालय के प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों व आयोजक शिक्षकों को उनकी सराहनीय भागीदारी और समन्वय के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल भाषा कौशल को निखारते हैं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक बोध को भी सुदृढ़ करते हैं।



डीएवी स्कूल जवाहर नगर में समर कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थी प्रिंसिपल के साथ।

# भाषण प्रतियोगिता में विभा ने मारी बाजी

**विनोद जसवाल, अनंत ज्ञान, नेरचौक।** कन्या स्कूल भंगरोटू में प्रधानाचार्य किशन बुशेहरी की उपस्थिति में राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने प्रदेश और देश को नशा मुक्त बनाने की शपथ ली तथा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों से बच्चों को अवगत व जागरूक किया गया। इसके अलावा नशा निषेध दिवस पर छात्राओं की चित्रकला प्रतियोगिता व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिनमें भाषण प्रतियोगिता में विभा ने प्रथम, रिया ने द्वितीय तथा योगिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक की छात्राओं में रोशनी, सुनयना और महिमा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन लेखन में अक्षरा ने प्रथम व आलिवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य किशन बुशेहरी ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाया।

# बच्चों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर वीरवार को गुरुकुल स्कूल के छात्रों ने एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में विद्यालय के लगभग 80 छात्रों ने भाग लिया और नशे के खिलाफ जोरदार नारे और स्लोगन लगाए। इस रैली का उद्देश्य समाज को नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। छात्रों ने 'नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ', 'स्वस्थ जीवन की है यही पुकार, नशे से रहो हमेशा होशियार' जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। रैली ने नगर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरते हुए जनमानस का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। विद्यालय के निदेशक विशाल अवस्थी ने रैली को संबोधित करते हुए बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

# रिले दौड़ स्पर्धा में कैडेट्स ईशा, शालू दीक्षित व कमलेश ने जीता रजत पदक

कविता, अनंत ज्ञान

**पधर।** जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह में 14 से 23 जून तक आयोजित कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप में गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज दरंग (नारला) के 25 कैडेट्स ने भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन किया। इनमें 10 सीनियर डिवीजन (लड़के)और 15 सीनियर विंग लड़कियां (लड़कियां) कैडेट्स शामिल थे। कैंप के दौरान कैडेट्स ने अनुशासन, समर्पण और टीम भावना का अनुकरणीय प्रदर्शन किया।

रिले दौड़ प्रतियोगिता में कॉलेज की कैडेट्स ईशा कुमारी, शालू, दीक्षित और कमलेश कुमार ने रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीता। वहीं कैडेट रौनक ने वेपन ड्रिल (गार्ड ऑफ ऑनर) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अर्जित किया। फायरिंग स्पर्धा में प्रियंका और मोनिका की शानदार निशानेबाजी के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन आगामी थल सेना कैंप के लिए हुआ है। यह कैंप 29 जून से 8 जुलाई तक डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी (सोलन) में आयोजित किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ कल्याण चंद ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी कैडेट्स को बधाई दी।

### दरंग कॉलेज में नवप्रवेशी छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम 28 व 30 को

**गवर्नमेंट** डिग्री कॉलेज दरंग (नारला) में प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन 28 व 30 जून को किया जाएगा। यह कार्यक्रम कॉलेज के कक्ष संख्या 305 में प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण, नियमों, फैकेल्टी, पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं तथा छात्र कल्याण सेवाओं से परिचित कराना है। उन्होंने छात्रों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# वेदांत कुटीर में एक से दस तक होंगे धार्मिक कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** ब्यास घाट पर स्थित वेदांत कुटीर मंडी में गुरू पूर्णिमा महोत्सव के मध्यनजर एक से दस जुलाई तक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। वेदांत कुटीर की अध्यक्षा साध्वी सेवानंद सरस्वती ने बताया कि ब्रहम्लीन 1008 स्वामी रामानंद परिव्राजकाचार्य द्वारा संस्थापित, ब्रहम्लीन शंकरानंद सरस्वती वेदांताचार्य व ब्रम्हलीन मोक्षानंद के द्वारा संरक्षित वेदांत में आषाढ शुक्ल पूर्णिमा दस जुलाई को मनाई जाएगी। इसके चलते एक से 9 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से साध्वी सेवानंद सरस्वती के तत्वावधान में रामचरित मानस परायण ज्ञानयज्ञ का सामूहिक पाठ आयोजित होगा। इसके अलावा अंतिम दिन गुरू पूर्णिमा पर दस जुलाई को सुबह 9 बजे रूद्राभिषेक और दस बजे शेष रामायण पाठ, 11 बजे पूर्णाहुति होगी। इसके पश्चात स्वामी अखिलेश्वर नंद व प्रणव चेतन द्वारा अन्य मौजूद संतों का परिचय देंगे। इसके अलावा गुरू महिमा के उपर संतों का प्रवचन, पूजन आरती और संत ब्राहम्ण भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था रहेंगे।

# 500 वरिष्ठ नागरिकों का जांचा स्वास्थ्य

## लडभड़ोल में बेटा राम फाउंडेशन ने लगाया चिकित्सा शिविर



लडभड़ोल में बेटा राम फाउंडेशन की ओर से लगाए शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिक व अन्य।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**वरिष्ठ** नागरिकों की सेवा में समर्पित 'बेटा राम फाउंडेशन' द्वारा 23 व 24 जून को पंचायत भवन, लडभड़ोल में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बुजुर्गों की सेवा के प्रति संस्था की निष्ठा और सामाजिक जिम्मेदारी का सशक्त उदाहरण बना। शिविर में लगभग 500 वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया।

इसमें नेत्र, दंत, त्वचा और सामान्य चिकित्सा जांच की सुविधाएं उपलब्ध करवाई गईं। डॉ. अनिल राणा, डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. निताशा, डॉ. डी.आर. राणा, डॉ. अंकिता शर्मा सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं रही।

मुख्यातिथि अंजली अवस्थी, उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, विधायक प्रकाश राणा, एसडीएम मनीष चौधरी, तथा अनेक अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने शिविर की शोभा बढ़ाई। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजेश ठाकुर ने कहा कि बेटा राम फाउंडेशन भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहेगा।

# ड्राइविंग करने से पहले खुद को रखें सतर्क, नशे से रहें दूर : मनीश चौधरी

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

▶ जोगिंद्रनगर में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

**मिनी** सचिवालय जोगिंद्रनगर में सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपमंडलाधिकारी मनीष चौधरी ने की। शिविर में स्कूली छात्र-छात्राओं अध्यापक एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया।

एसडीएम ने कहा कि ड्राइविंग करने से पहले खुद को पूरी तरह जागरूक रखें और नशे से दूर रहें। उन्होंने स्पष्ट किया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी स्थिति में वाहन नहीं चलाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का जरिया नहीं है, बल्कि यह जीवन सुरक्षा के लिए आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से बरसात के मौसम में गाड़ी चलाते समय विशेष सतर्कता बरतने का आग्रह किया। इस अवसर पर एसएचओ जोगिंद्रनगर सकीनी कपूर ने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल वाहन चालकों की नहीं, बल्कि राहगीरों की भी समान जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को सड़क पर सतर्कता से चलने, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, सीट बेल्ट पहनने व समय-समय पर वाहन की जांच करवाने की सलाह दी। एमवीआई साहिल धर्माणी ने वाहन चलाने से पहले लर्नर लाइसेंस की अनिवार्यता की जानकारी दी तथा ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया।

**आरोप** मजदूर बोले-4 घंटे की बजाए 8 घंटे काम करने को किया जा रहा है बाध्य

# बीबीएमबी पंडोह में पार्ट टाइम वर्कर्स का शोषण

बालक राम, अनंत ज्ञान

**पंडोह।** बीबीएमबी में सेवानिवृत्ति के साथ ही पद भी हमेशा के लिए समाप्त या रिक्त हो जाता है। इन पदों पर जबरन पार्ट टाइम वर्कर्स से काम लिया जा रहा है जो गैर कानूनी है। हद उस वक्त हो गई जब मजदूर पानी पी रहे थे तो अधिकारी इसकी विडियो बना रहे और धमका रहे थे कि आप पानी क्यों पी रहे हैं आपको बैठने के पैसे मिलते हैं क्या? आपको जैसा हम बोलते हैं 4 नहीं 8 घंटे काम करना पड़ेगा। नहीं तो घर भेज देंगे। कनिष्ठ अभियंता यहीं नहीं रुके उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि ओवरटाइम नहीं करोगे तो नौकरी से निकाल दिया जाएगा। इसलिए चुपचाप काम करो। ज्यादा मत बोलो। इतने कहने पर बवाल हो गया सभी 60 मजदूर डैम साइट पर इकट्ठा हो गए और काम रोक कर इन अधिकारियों से अपने हक मांगने लगे।

मजदूरों ने बताया कि हम 4 घंटे काम के लिए बाध्य हैं। जिसमें श्रम कानूनों के अनुसार सुरक्षा उपकरण और पीने के लिए पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं जुटना बीबीएमबी का दायित्व है जो वह नहीं निभा रहे हैं। ओवरटाइम हर रोज लेते हैं मगर फ्लड सिजन में 8 घंटे काम के लिए दबाव बनाया जा रहा है जो गैर कानूनी है।

मजदूरों ने आरोप लगाए हैं कि स्पेलवे जैसे फिसलन और खतरनाक स्थलों पर वर्षा के दौरान भी काम करवाया जा रहा है जो हमारी जान के साथ खिलवाड़ है। इतना ही नहीं रात को 8 घंटे चौकीदारी करवाई जा रही है और पगार 4 घंटे की दें कर हमारा शारीरिक और आर्थिक शोषण किया जा रहा। हम 15-20 वर्षों से काम कर रहे हैं और शोषण को झेल रहे थे मगर अब पानी सिर से ऊपर चला गया है। हमारी जान खतरे में है। इसलिए हम चुप नहीं रहेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन व श्रम कल्याण बोर्ड से उनकी सुरक्षा और काम करने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण व जरुरतें पुरी करने के लिए बीबीएमबी प्रबंधन को जवाबदेह बनाने की मांग की है।

### क्या कहते हैं कनिष्ठ और अधीक्षण अभियंता

**इस** संबंध में कनिष्ठ अभियंता बीबीएमबी पडोह डैम साईट अजय नैन ने बताया कि ऐसा कुछ नहीं है। हम मजदूरों के हक में है। फ्लड सिजन में कुछ समय मांग रहे हैं जिसे हम अगले दिन छुट्टी देकर कंपनसेट करते हैं। जबकि अधीक्षण अभियंता चंद्रमणि शर्मा ने बताया कि ये सभी आरोप झूठे है। ओवरटाइम लगाना न लगाना उनकी इच्छा पर निर्भर है। 4 घंटे काम कब और कहां लेना है यह हमारे अधिकार क्षेत्र है।

▶ फिसलन और खतरनाक स्थलों पर वर्षा के दौरान करवाया जा रहा काम

## न्यूज ब्रीफ

### बसाल स्कूल के प्रधानाचार्य ने कार्यभार संभाला


कार्यभार संभालने के दौरान प्रधानाचार्य कश्मीर सिंह अन्य ग्रामीणों के साथ।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्य कश्मीर सिंह जिन्हें 22 महीने पहले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसाल से स्थानांतरण करके चंबा भेज दिया गया था, सेवानिवृत्त होने के चार दिन पहले वीरवार को दोबारा फिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बसाल को तबादला कर दिया गया है तथा उन्होंने ज्वाइन कर लिया है। उन्होंने एक भेंट में यह भी बताया कि जो भी समय मुझे मिलेगा, मैं उसमें भी तन-मन-धन से सेवा करूंगा और सेवानिवृत्त होने वाले दिन पर मेरा विचार है कि मैं इस विद्यालय को गोद लेने की घोषणा भी करूंगा। स्मरण रहे कि कश्मीर सिंह को राज्य पुरस्कार और राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सरकारों द्वारा नवाजा जा चुका है। उनके ज्वाइन करने से गांव में बड़ी खुशी की लहर है। स्कूल एसएमसी के प्रधान शिव हरिपाल ने तो उनके आने पर मिठाइयां बांटीं और खुशी का इजहार किया।

### चौकीमन्यार कॉलेज में बढ़ते नशे पर चिंता की व्यक्त

**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** राजकीय महाविद्यालय चौकीमन्यार में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष स्टाफ मीटिंग का आयोजन किया गया। यह आयोजन कॉलेज परिसर में प्राचार्य प्रो. बलविंदर सिंह राणा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्रों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के गंभीर दुष्परिणामों से अवगत कराना और शिक्षण संस्थान को पूर्णत: नशामुक्त बनाए रखने की दिशा में कार्य करना रहा। बैठक में कॉलेज के समस्त प्राध्यापक, गैर-शिक्षण स्टाफ एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस दौरान उपस्थितजनों ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की और इससे निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कॉलेज स्तर पर एक सक्रिय परामर्श प्रणाली की स्थापना की जाएगी, जहां जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय पर मानसिक व भावनात्मक सहयोग उपलब्ध हो सके। अंत में सभी स्टाफ सदस्यों ने नशामुक्त परिसर और छात्रों के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प लिया।

### किसानों को ऑनलाइन पोर्टल की दी जानकारी


जागरूकता शिविर में मौजूद प्रतिभागी किसान, जिन्हें रजिस्ट्रेशन पोर्टल की जानकारी दी।

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर परिषद संतोषगढ़ की सब्जी मंडी में किसानों को ई नाम योजना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पोर्टल से संबंधित जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक कृषक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी समिति ऊना के सचिव भूपेंद्र सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे तथा उनके साथ अधीक्षक गुरदयाल सिंह, नीलामीकर्ता दीक्षा कुमारी, शैवी जरयाल, विपिन कुमार, मंडी पर्यवेक्षक पूनम संधू, मंडी विश्लेषक मदन, डाटा एंट्री ऑपरेटर धर्मेंद्र आदि उपस्थित रहे। इस दौरान कृषि उपज मंडी समिति ऊना के सचिव भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि देश के किसान भाई-बहनों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाने के लिए और अपनी फसल बेचने में हर वर्ष होने वाली समस्या को सुलझाने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा ई-नाम रजिस्ट्रेशन नाम की योजना को आरंभ किया गया, यह राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना के नाम से भी जाना जाती है। किसानों को हर वर्ष होने वाली समस्या जैसे फसल का उचित रेट न मिलना, दलालों द्वारा बेचने पर समय पर पैसे न मिलना आदि शिकायते रहती हैं, इन्ही सब बातों को ध्यान में रखते हुए इस योजना को लागू किया गया है। ई नाम पोर्टल किसानों को अपनी फसल ऑनलाइन बेचने की सुविधा प्रदान करता है। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने मंडी में आ रही दिक्कतों बारे भी चर्चा की तथा ई नाम की जानकारी प्राप्त करने बारे प्रश्न पूछे।

# बुनियादी सुविधाओं को तरसे चकवासी

## बरसात में कीचड़ से मुख्य रास्ता बना दलदल; पंचायत समस्या को लेकर बेखबर

हीना पठानिया, अनंत ज्ञान

**बड़ूही।** उपमंडल अंब की बेहड़ जसवां पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव चक में इन दिनों मूलभूत सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों की भारी परेशानी का कारण बना हुआ है। गांव का मुख्य रास्ता कीचड़ और गंदगी से दलदल में तब्दील हो चुका है। बारिश के मौसम में हालात और भी बदतर हो गए हैं। कीचड़ और गंदगी से सना यह रास्ता ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। गांववासियों का कहना है कि मुख्य रास्ते की हालत पिछले पांच वर्ष से जस की तस बनी हुई है, लेकिन न तो पंचायत ने कोई कदम उठाया और न ही प्रशासन ने सुध ली। स्थिति यह है कि पंचायत प्रतिनिधि खुद भी इसी रास्ते से रोजाना गुजरते हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश का पानी रास्तों पर जमा हो जाता है, क्योंकि पानी की निकासी का कोई प्रबंध नहीं है। नालियों की साफ-सफाई तक नहीं होती। इससे कीचड़ पूरे रास्ते में फैल जाता है, जिससे लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों को फिसलन भरे रास्तों से रोज गुजरना पड़ता है। बुजुर्गों और बीमार लोगों को अस्पताल पहुंचाना भी एक चुनौती बन चुका है।

गांववाले सिर्फ रास्ते की हालत से ही परेशान नहीं हैं, बल्कि पंचायत कार्यालय के आसपास भी गंदगी और झाड़ियों का साम्राज्य बना हुआ है। झाड़ियां इतनी बढ़ चुकी हैं कि सांप-बिच्छू निकलने का डर हमेशा बना रहता है। इसके अलावा जो पंचायत भवन है, वह बेसहारा पशुओं के लिए सुखद आश्रय बना हुआ है। कई बार बेसहारा पशु पंचायत भवन के बरामदे में बैठे होते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत को मौखिक शिकायतें दी हैं, लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि लोगों में इस लापरवाही को लेकर गहरी नाराजगी है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और उपमंडल अधिकारी अंब से मांग की है कि चक गांव की इस ज्वलंत समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाए। सड़क को पक्का किया जाए, पानी की निकासी के लिए नालियां बनाई जाएं और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। अगर जल्द समाधान नहीं किया गया, तो ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

पंचायत बेहड़ जसवां के प्रधान नीलम कुमारी का कहना है कि सड़क ऊंची होने से पानी की निकासी रुक गई है, जल्द ही इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।


कच्चे रास्ते को नहीं किया जा रहा पक्का, जिससे लोगों खासकर बुजुर्गों और बीमारों को अस्पताल ले जाने में मुश्किल हो रही है।

## गोंदपुर जयचंद में स्वामी राजेंद्र दास ने दिया धर्म और भक्ति का संदेश

राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**ऊना।** गोंदपुर जयचंद स्थित कंयुनिटी केंद्र में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा एवं ज्ञान महायज्ञ के चौथे दिवस की कथा का आयोजन दिव्य वातावरण में संपन्न हुआ। कथा वाचन कर रहे जगद्गुरु श्री स्वामी राजेंद्र दास महाराज ने भगवान विष्णु के विविध अवतारों का वर्णन करते हुए भक्ति, संयम और धर्म के महत्व को उजागर किया।

स्वामी जी ने कहा कि यदि मनुष्य के अंदर सत्य, दया, अहिंसा, तपस्या, विवेक, ज्ञान, संतोष, त्याग, संयम और विरक्ति जैसे गुण हों, तो भगवान उस पर प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए और भक्ति में सरलता होनी चाहिए। उन्होंने सामाजिक मूल्यों की ओर भी ध्यान दिलाते हुए कहा कि गाय, नारीशक्ति, संत और दीन-दुखियों पर अत्याचार करना पाप है और इनकी सेवा करना धर्म है। मनुष्य को गलत आचरण से बचना चाहिए और अपनी आंतरिक पवित्रता प्रभु भक्ति द्वारा प्राप्त करनी चाहिए। कर्म सामान्य हो सकता है, परंतु उसका उद्देश्य पवित्र होना चाहिए। जो देता है, वह देवता है और जो केवल लेता है, वह दैत्य। उन्होंने चेताया कि बुरा व्यक्ति भी यदि अच्छी संगति करे तो उसका सम्मान हो सकता है, लेकिन बुरी संगति से सभी को बचना चाहिए।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, उनकी पुत्री डॉ. आस्था अग्निहोत्री सहित अन्य विशिष्ट अतिथि एवं भारी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे और कथा का श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।


भागवत कथा में पूजा करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व उनके परिवार के सदस्य।

## कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन कुलदीप आज कुटलैहड़ के प्रवास पर

राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान

**बंगाणा।** प्रदेश कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया आज कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान वह कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक की बंगाणा शाखा में नवनिर्मित एटीएम सुविधा का सुबह 10 बजे शुभारंभ करेंगे। निजी प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया के स्वागत के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उनके स्वागत समारोह का नेतृत्व कुटलैहड़ के यविधायक विवेक शर्मा करेंगे। विधायक विवेक शर्मा और बैंक के स्थानीय अधिकारियों की उपस्थिति में चेयरमैन पठानिया का भव्य स्वागत किया जाएगा।



एटीएम के उद्घाटन समारोह में स्थानीय लोग, बैंक अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिक शामिल होंगे। इस मौके पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया बैंक की भविष्य की योजनाओं और ग्राहकों को दी जा रही सुविधाओं पर प्रकाश डालेंगे। वह यह भी बताएंगे कि कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक किस तरह से ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं का सशक्त माध्यम बन रहा है। कार्यक्रम के बाद चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया और विधायक विवेक शर्मा स्थानीय जनता से सीधा संवाद करेंगे और उनकी समस्याएं सुनेंगे। इस दौरान जन प्रतिनिधियों के साथ-साथ बैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, ताकि संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा सके।

विधायक विवेक ने कहा कि यह एटीएम सुविधा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक और मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार और बैंक मिलकर क्षेत्र की जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कांगड़ा कोऑपरेटिव बैंक के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ऐसे कदम ग्रामीण क्षेत्र में डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने में सहायक होंगे।

## चिंतपूर्णी मंदिर न्यास भरवाईं चौक से रेही मोड़ तक लगा रहा फेंसी लाइटें

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मंदिर न्यास चिंतपूर्णी द्वारा भरवाईं चौक से लेकर रेही मोड़ तक फेंसी लाइटें लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना पर करीब 20 लाख रुपए की राशि खर्च होगी और कुल 25 लाइटें लगाई जाएंगी। मंदिर एसडीओ आरके जसवाल ने बताया कि यह परियोजना जल्द ही पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इन फेंसी लाइटों के लगने से क्षेत्र की सुंदरता और आकर्षण में वृद्धि होगी, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को लाभ होगा। यह परियोजना न केवल क्षेत्र की सौंदर्यीकरण में योगदान करेगी, बल्कि यह स्थानीय व्यवसाय और पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।


फेंसी लगाने का कार्य जारी।

मंदिर न्यास चिंतपूर्णी की इस पहल की स्थानीय लोगों द्वारा प्रशंसा की जा रही है, जो क्षेत्र के विकास और सुंदरता के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। इन फेंसी लाइटों के लगने से क्षेत्र में एक नया आकर्षण पैदा होगा और श्रद्धालुओं के लिए एक सुहावना वातावरण तैयार होगा।

## औषधि निरीक्षक ने दी नशे के खिलाफ सख्त चेतावनी-दवा विक्रेता रखें दवाइयों का रिकॉर्ड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में आयोजित जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में औषधि निरीक्षक पंकज गौतम ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने दवा विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बिना चिकित्सकीय पर्ची के किसी को भी दवा न दी जाए और संदिग्ध व्यक्तियों की समय रहते जानकारी प्रशासन और परिवार को देना आवश्यक है।

पंकज गौतम ने कहा कि नशे की समस्या पर अंकुश लगाने में दवा विक्रेताओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई विक्रेता लापरवाही बरतता है या नियमों की अनदेखी करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और इस दिशा में दवा विक्रेता पहली कड़ी हैं। दवा विक्रेताओं की ओर से जिला संघ के प्रधान मनीष चड्ढा ने आश्वासन दिया कि संघ प्रशासन के हर दिशा-निर्देश का पालन करेगा और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए हरसंभव सहयोग देगा। उन्होंने बताया कि दवाइयों की रिकॉर्डिंग व्यवस्था का भी पूरी तरह पालन किया जा रहा है।


जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित दवा विक्रेता।

कार्यक्रम में एसीजेएम ऊना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर, सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. सुखदीप सिंह समेत कई प्रशासनिक और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने नशे के विरुद्ध मिलकर लड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर अजय जगोता, महासचिव अमरजीत, परविंदर सैनी, भारत भूषण, संजय, मुनीश कुमार, सौरभ, राघव सहित कई दवा विक्रेताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।

## ऊना के व्यापारी आज से करेंगे ग्रीष्मकालीन अवकाश

अनंत ज्ञान, ऊना

जिले में ग्रीष्मकालीन अवकाश को लेकर व्यापारी वर्ग ने सामूहिक रूप से महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आगामी 27, 28 और 29 जून को ऊना जिले के सभी व्यापारी अपनी दुकानें पूर्णत: बंद रखेंगे। यह फैसला व्यापार मंडल ऊना द्वारा वीरवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित एक बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के प्रधान प्रिंस राजपूत व महासचिव रघु पुरी ने की, जिसमें विभिन्न व्यापारिक संगठनों ने भाग लिया। इस निर्णय को और अधिक मजबूती तब मिली, जब इलेक्ट्रिकल और मोबाइल शॉप यूनियन ने भी एकजुटता के साथ अवकाश के समर्थन में हामी भर दी।

इससे पहले स्वर्णकार, कपड़ा विक्रेता, दर्जी, कास्मेटिक विक्रेता, शू डीलर और रेडिमेट कपड़ों के विक्रेताओं ने अपना समर्थन दे दिया था। बैठक में इलेक्ट्रिकल और मोबाइल यूनियन की ओर से प्रमुख रूप से परमजीत कथूरिया, मुकेश साहनी, नितिन शर्मा, राजिंद्र शर्मा, विवेक बक्शी और नितिन उपस्थित रहे। इन व्यापारियों ने न केवल अवकाश के समर्थन में सहमति जताई, बल्कि बाकी व्यापारियों से भी इस सामूहिक निर्णय में भाग लेने की अपील की।



व्यापार मंडल ऊना ने जिला मुख्यालय में बैठक कर सर्वसम्मति से लिया फैसला।

### किसी राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं है अवकाश : प्रिंस

व्यापार मंडल के प्रधान प्रिंस राजपूत ने बताया कि यह निर्णय व्यापारियों को मानसिक विश्राम देने, पारिवारिक समय बिताने और गर्मी के मौसम में खुद को तरोताजा करने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह अवकाश किसी राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं है, बल्कि यह व्यापारियों की एकजुटता और सामूहिक सहमति का प्रतीक है। प्रिंस राजपूत ने सभी व्यापारियों से अपील की कि वे इस निर्णय का सम्मान करते हुए अपनी दुकानें तय तिथियों पर बंद रखें, ताकि पूरे जिले में एक समानता बनी रहे और अवकाश सफल हो।

इस अवसर पर राजिंद्र शर्मा, पंकज अरोड़ा, अजय वर्मा, प्रोमिल कुमार मेहता, विशाल राणा, मोहित शर्मा, पवन ठाकुर, जुगल किशोर शर्मा, सुमेश, गुरदीप, करण शमा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बरसात में बाढ़ संभावित क्षेत्रों में बरतें सावधानी : उपायुक्त

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला दंडाधिकारी ऊना जतिन लाल ने बरसात में संभावित बाढ़ के खतरे को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सावधानियों एवं सुरक्षात्मक उपायों को तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने सभी उप-मंडलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्राधिकार में सुरक्षा उपायों को कड़ाई से लागू करने को कहा है। उन्होंने कहा कि इन आदेशों का उद्देश्य मानसून के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से जानमाल की क्षति को रोकना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित बनाना है।

उन्होंने कहा कि स्वां नदी एवं उसकी सहायक नदियों व खड्डों के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बनी झुग्गियों, अस्थायी बस्तियों या अन्य अनधिकृत संरचनाओं की शीघ्र पहचान कर वहां रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जाए, साथ ही स्वां नदी और उसकी सहायक नदियों, खड्डों के आसपास, विशेष रूप से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में, झोपड़ियों, झुग्गियों या अस्थायी आश्रयों जैसी कोई अस्थायी संरचनाएं न स्थापित हों। संवेदनशील क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के लिए सार्वजनिक घोषणाएं करें और क्षेत्र को तुरंत खाली करवाएं।

उपायुक्त ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर एसडीएम स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लें ताकि किसी भी प्रकार की जानमाल की हानि को रोका जा सके। उपायुक्त ने निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन, राजस्व विभाग एवं त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के साथ उचित समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बरसात में नदी-नालों के समीप न जाएं। आपात कालीन स्थिति में किसी भी प्रकार की सूचना, सहायता अथवा जानकारी के लिए जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र ऊना के दूरभाष 01975-225045, 225046, 225049 पर संपर्क करें।। जिला प्रशासन प्रत्येक नागरिक की सहायता और सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर है।

## बरसात में डेंगू से बचाव के लिए बरतें एहतियात

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

बरसात के मौसम में अनेक बीमारियां पांव पसार लेती हैं। आम तौर पर बरसात में तेज बुखार से पीड़ित रोगियों की संख्या बढ़ जाती है, इसलिए लोगों को बरसात के दिनों में होने वाली बीमारियों से सावधान रहना चाहिए। इस मौसम में फैलने वाली एक बीमारी है डेंगू। डेंगू एक वायरस से होने बाली बीमारी का नाम है, जो एडीज नामक मच्छर के काटने से होता है। इस मच्छर के काटने पर विषाणु तेजी से मरीज के शरीर पर अपना असर दिखाते हैं जिससे तेज बुखार और सिर दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

इसे हड्डी तोड़ बुखार या ब्रेक बोन बुखार भी कहा जाता है। डेंगू होने पर मरीज के खून में प्लेटलेट्स की संख्या तेजी से घटती है जिसके कारण कई बार जान का जोखिम भी बन जाता है। डेंगू एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को नहीं फैलता है। यह केवल मच्छर के काटने से ही होता है। गर्मी और बरसात के मौसम में यह बीमारी तेजी से पनपती है। डेंगू के मच्छर हमेशा दिन में काटते हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव वर्मा बताते हैं कि यदि किसी व्यक्ति को तेज ठंड और बुखार हो, कमर, मांसपेशियों, जोड़ों और सिर में दर्द, हल्की खांसी, गले में दर्द और खराश, शरीर पर लाल दाने, थकावट, भूख न लगना और कमजोरी, उल्टी और दस्त होना डेंगू के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे किसी भी लक्षण पर मरीज को नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवा लेनी चाहिए।

यदि किसी भी व्यक्ति को ऊपर दिए गये लक्षणों में से कोई भी लक्षण दिखाई देता है तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं। डेंगू की जांच के लिए एनएस 1 या एलाइजा टेस्ट किया जाता है जिसके आधार पर डॉक्टर तय करते हैं कि मरीज को डेंगू हुआ है या नहीं।



### क्या कहते हैं जिलाधीश

जिलाधीश जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले में लोगों को डेंगू और अन्य जीवाणु तथा वायरस जनित रोगों से बचाव को लेकर शिक्षित एवं जागरूक करने पर बल दिया जा रहा है। डेंगू जैसी मच्छरजनित बीमारी से बचाव को लेकर पूरी सतर्कता बरतना जरूरी है। घर और आसपास पानी को न जमा होने दें, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और बुखार जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। प्रशासन का प्रयास तभी सफल होगा, जब जन सहयोग पूर्ण रूप से मिलेगा।

### डेंगू से कैसे करें बचाव

डेंगू एक मच्छर से होने वाली बीमारी का नाम है। सभी को अपना बचाव मच्छर से करना है। डेंगू का घर एक जगह जमा साफ पानी है। इसलिए घर और अपने आस-पास दो या तीन दिन से ज्यादा पानी को जमा न होने दें। कूलरों में मिट्टी के तेल का छिड़काव करें तथा घड़ों तथा बाल्टियों में जमा पानी को बदलते रहें। बुखार आने पर स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच जरूर करवाएं। बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं। इस मौसम में घरों की खिड़कियां बंद रखें तथा कूड़ेदान में कूड़ा जमा न होने दें। घरों में पानी की टंकियों, कूलरों, गमलों की समय-समय पर सफाई करते रहें।

## कोइडी से गुगलेहड़ तक गड्ढों में समाई सड़क, जनता में रोष

संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान

**पंजावर।** गगरेट से ऊना की ओर जाने वाला प्रमुख मार्ग अब केवल नाम का ही सड़क मार्ग रह गया है। कोइडी से लेकर गुगलेहड़ तक सड़क की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि लोगों को लगता है मानो गड्ढों में सड़क तलाशनी पड़ रही हो। सड़क के नाम पर अब यहां सिर्फ उखड़े हुए टुकड़े, गहरे गड्ढे और धूल-मिट्टी का साम्राज्य रह गया है, जिसने इस मार्ग को यात्रियों के लिए जानलेवा बना दिया है।

यह मार्ग गगरेट विस क्षेत्र के कई गांवों को जिला मुख्यालय ऊना से जोड़ता है। प्रतिदिन हजारों लोग, विद्यार्थी, कर्मचारी, व्यापारी और किसान इसी मार्ग से आवाजाही करते हैं। बरसात के मौसम में हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं, क्योंकि पानी भरने से गड्ढे दिखाई नहीं देते और दोपहिया वाहन चालकों को दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ता है। स्थानीय दुकानदार बताते हैं कि यह कोई सड़क नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं का न्योता है। ग्राहकों का आना-जाना भी प्रभावित हो रहा है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह रास्ता मुसीबत बन गया है। गांव कोइडी, कुठेड़ा जसवाला और गुगलेहड़ के ग्रामीणों ने कई बार लोक निर्माण विभाग और प्रशासन को सड़क की मुरम्मत के लिए गुहार लगाई, लेकिन नतीजा सिर्फ कागजी कार्रवाई और औपचारिक निरीक्षणों तक ही सीमित रहा। कभी मिट्टी से गड्ढे भर दिए जाते हैं, तो कभी कुछ फुट पर पैचवर्क कर खानापूर्ति कर दी जाती है। दो-तीन बारिशों में फिर वही हालात हो जाते हैं।

स्थानीय भाजपा नेताओं ने भी कांग्रेस सरकार और विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता में रहते हुए उन्होंने गगरेट क्षेत्र की बुनियादी जरूरतों को नजरअंदाज कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने चेताया कि यदि जल्द ही सड़क की मुरम्मत नहीं करवाई गई, तो वे जनांदोलन छेड़ने से पीछे नहीं हटेंगे।

**आयोजन** अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध दिवस पर घालूवाल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने का दिया संदेश

अनंत ज्ञान, ऊना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ऊना के सौजन्य से घालूवाल स्थित नशा निवारण केंद्र में वीरवार को अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्य निषेध एवं तस्करी रोकथाम दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी अमित यादव ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं और समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें पुन: सामान्य जीवन की ओर प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रभावित करता है, बल्कि सामाजिक रूप से भी उसे कमजोर बनाता है। एसपी ने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी इसके घातक प्रभावों के बारे में जागरूक करें।



ऊना के एसपी युवाओं और ग्रामीणों को नशे के खिलाफ संदेश देते हुए।

उन्होंने उपचाराधीन युवाओं को आत्मविश्वास के साथ जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया और कहा कि यदि कोई नशे की गिरफ्त में आ भी गया है, तो घबराने की आवश्यकता नहीं है। इसे एक चुनौती मानते हुए उससे बाहर निकलना पूरी तरह संभव और प्रेरणादायक हो सकता है। उन्होंने कहा कि एक अच्छी जीवनशैली, मजबूत इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच से किसी भी कठिनाई को पार किया जा सकता है। संस्थाएं तभी आपकी मदद कर सकती हैं, जब आपके भीतर खुद को बदलने की सच्ची भावना हो।

जब व्यक्ति दूसरों की मदद करने लगता है, तो उसके अपने जीवन में भी सकारात्मक बदलाव आने लगते हैं। एसपी ने जिले में चल रहे नशा उन्मूलन अभियानों की जानकारी भी साझा की और बताया कि नशे की तस्करी में संलिप्त तत्वों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान उपचाराधीन युवाओं ने नशा उन्मूलन पर आधारित कविताएं, विचार और अनुभव भी साझा किए। उन्होंने 'नशा छोड़ो, जीवन जोड़ो' का संदेश भी दिया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी जतिंदर शर्मा, पंड़ोगा पुलिस चौकी इंचार्ज एसएचओ गुरध्यान शर्मा, परियोजना समन्वयक सुरेश कुमार, डॉ. अनिल कुमार, योग चिकित्सक डॉ. बलदेव डोगरा, सलाहकार परवीन कुमारी तथा डॉ. यामिनी, अमन तथा जगदीश चंद उपस्थित रहे।

## होमगाड्‌र्स व फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने बाढ़ से जागरूक किए प्रवासी


झुग्गियों में रहने वाले प्रवासियों को आपदा से बचाव की जानकारी दी गई।

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला होमगार्ड्स वाहिनी में कमांडेंट मेजर विकास सकलानी के निर्देशों की पालना में वीरवार को सब फायर ब्रिगेड केंद्र बंगाणा की ओर से डूमखर में प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में जाकर आपदा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। केंद्र प्रभारी मदन लाल ने प्रवासियों को बताया कि वे नदी नालों की ओर न जाएं क्योंकि बाढ़ कभी आ सकती है।

उन्होंने हर समय अलर्ट रहने के लिए कहा और खड्डों से दूर सुरक्षित स्थान पर रहने के लिए कहा। वहीं, हरोली कंपनी के जवानों ने गुरपलाह बाथु गांव में प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में जाकर आपदा से अलर्ट रहने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। कंपनी कमांडर हरोली मोहिंदर सिंह ने आपदा व बचाब कार्य को लेकर प्रवासी मजदूरों को बताया।

झुग्गियों की रखवाली को कुछ लोगों को अपने स्थल पर ही रहना चाहिए। बच्चों को अकेले में झुग्गियों में न छोड़ें। होमगार्डर्स वाहिनी ऊना के कमांडेंट मेजर विकास सकलानी ने बताया कि आपदा के प्रति जागरूकता अभियान लगातार जारी है।

कुल्लू जिला में आज व कल ऑरेंज अलर्ट, नदी-नालों से दूर रहें पर्यटक, तोरुल एस रवीश ने कहा-

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य जारी

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने कहा है कि जिला कुल्लू में विभिन्न स्थानों पर बीते दिन बादल फटने और अचानक आई बाढ़ (फ्लैश फ्लड) की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने बताया कि जिन स्थानों पर बादल फटने की पुष्टि हुई है, जिनमें जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्नो गैलरी (मनाली) और होरनगढ़ (बंजार) क्षेत्र शामिल हैं। सैंज घाटी में मझान नाला, जो जीवा ट्रेंच वीयर से लगभग एक किलोमीटर नीचे बादल फटने की घटना हुई।



उन्होंने कहा बाढ़ के कारण जिला में 40 से 50 सड़कें यातायात के लिए अवरुद्ध हो गई थी जिनमें से अधिकतर को बहाल कर दिया गया है। बाहंग में एक छोटी लकड़ी की पुलिया भी बह गई है तथा इस सड़क में स्नो गैलरी को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि सबसे अधिक क्षति सैंज क्षेत्र में हुई है जिसमें दुखद घटना में तीन लोग लापता हो गए हैं। पानी का स्तर घटने पर एनडीआरएफ की टीम खोज, राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई है। पेयजल की कई स्कीम में भी क्षतिग्रस्त हुई हैं तथा सियूंड में एक पुलिस पोस्ट भी क्षतिग्रस्त हो गई है। इसमें एक छोटा पुल दो गाड़ियां तथा एक घराट बह गए हैं। अभी तक करीब 50 लाख का नुकसान बाढ़ के कारण हो चुका है जबकि कुछ विभागों से अभी नुकसान के आंकलन की रिपोर्ट आना बाकी है। शुक्रवार और शनिवार को जिला में ऑरेंज अलर्ट है ऐसे में उन्होंने लोगों और खासकर पर्यटकों सेएहतियात बरतने और नदी नालों से दूर रहने की अपील की है।

आफत की बारिश

## 11 गउएं व 18 भेड़ें भी बाढ़ की भेंट चढ़ीं

**उपायुक्त** ने कहा कि इस घटना में 11 गउएं तथा 18 भेड़ें भी बाढ़ की भेंट चढ़ गई है। सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की बहाली का कार्य आरंभ कर दिया गया है। लारजी में भी एक पेयजल स्कीम को क्षति पहुंची है। किसी भी पर्यटक के जिले में कहीं फंसने की कोई सूचना नहीं है। जिला प्रशासन आपदा के मद्देनजर सतर्क है।

## जिला प्रशासन की टीमें मुस्तैदी से क्रियाशील

**राहत** और बचाव कार्यों के लिए जिला प्रशासन की टीमें मुस्तैदी से क्रियाशील हैं। आवश्यकता अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में सर्च और रेस्क्यू टीमें तुरंत भेजी गई हैं। जिला प्रशासन स्थिति पर लगातार निगरानी रखे हुए है और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रभावित परिवारों को फौरी राहत प्रदान की गई हैं।

## होरनगाड़ क्षेत्र में बंजार बठाहर सड़क बहाल

**बंजार** उपमंडल के होरनगाड़ क्षेत्र में फ्लैश फ्लड के कारण बंजार-बठाहर सड़क को बहाल कर दिया गया है। आगामी दो दिनों के लिए मौसम विभाग द्वारा ऑरेंज अलर्ट बताए जाने के मध्य नजर नदी नालों के नजदीक न जाने के लिए अपील की है। सभी पर्यटकों से भी अगले दो दिनों इतिहास बताने तथा सुरक्षित स्थान से में रहने की अपील की है।

## उपायुक्त ने किया बाढ़ प्रभावित सैंज क्षेत्र का दौरा

**उपायुक्त** कुल्लू तोरुल एस. रविश ने गुरुवार को सैंज क्षेत्र के जीवा नाला में आई अचानक बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से भेंट की और इस प्राकृतिक आपदा में लापता 3 लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उपायुक्त ने कहा कि संकट की इस घड़ी में सरकार एवं जिला प्रशासन प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# ढोग के पास सड़क पहली बारिश में ब्यास नदी में समाई

**एम बोकटापा, अनंत ज्ञान, मनाली।** एनएचएआई की कार्यप्राली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मनाली के नजदीक बिंदु ढोग के पास सड़क पहली बारिश में ही ब्यास नदी में समा गई है। जुलाई 2023 में आई बाढ से हुई नुकसान की भरपाई अभी तक नहीं हो पाई है। दो सालों में विभाग कागजी खाना पूर्ति ही कर रही है। सुरक्षा दीवार लगाने की चर्चा फाइलों में ही सिमट का रह गई है। नतीजा ये है कि मनाली में पहली ही बारिश ने बिंदु ढोग के पास सड़क काट दिया है।



नेशनल हाइवे पर बिंदु ढोग में टूटी सड़क।

स्थानीय निवासी अमर सिंह प्रेम लाल संतोष और नरेंद्र ने बताया कि एनएचए आई मनाली कुल्लू की सड़क को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक कुल्लू मनाली के बीच सुरक्षा दीवार नहीं लगेगी तब तक सड़क को सुरक्षित रखना नामुमकिन है।

एनएचएआई के रेजिडेंट इंजीनियर अशोक चौहान ने बताया कि पहले चरण में कुछ संवेदनशील स्थानों पर कंक्रीट की दीवार लगाने और सड़क को चौड़ा करने की अनुमति मिली है। दूसरे चरण में मनाली से रांगड़ी तक की सड़क को ठीक करने का काम किया जाएगा।

# बंजार विधानसभा क्षेत्र में पहली ही बारिश ने मचाई भारी तबाही : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

**सैंज और गड़सा घाटी सबसे अधिक प्रभावित**

मौसम की पहली बरसात बंजार विधानसभा क्षेत्र पर कहर बनकर टूटी है। क्षेत्र की सैंज व गड़सा घाटी इस आपदा से सबसे ज़्यादा प्रभावित हुई हैं। बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने वीरवार को गड़सा घाटी का दौरा कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया।

इस अवसर पर उनके साथ जिला परिषद सदस्या रुक्मणी देवी, उपमंडलाधिकारी कुल्लू तथा तहसीलदार भुंतर भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने बताया कि गड़सा नाले में आई बाढ़ से कई गांवों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कमरू, बहुगुणा, राउली और उषग गांवों के लिए बनी पुलिया पूरी तरह बह गई है, जिससे इन गांवों का संपर्क कट गया है। बोहरासेरी गांव को जोड़ने वाली संपर्क सड़क भी बाढ़ की भेंट चढ़ गई है। गड़सा मुख्य बाजार में मुख्य सड़क को भारी नुकसान पहुंचा है, जबकि निकटवर्ती स्कूल व स्वास्थ्य केंद्र के भवनों को नदी में बहने का खतरा मंडरा रहा है।

इसके अतिरिक्त, मनिहार गांव के लिए बस योग्य मुख्य पुल भी बाढ़ में बह गया है, जिससे ग्रामीणों की आवाजाही पूरी तरह बाधित हो गई है। विधायक शौरी ने कहा कि समय पर सूचना प्रेषण और स्थानीय प्रशासन की तत्परता से जनहानि को टालना संभव हो सका।

उन्होंने एनएचपीसी प्रबंधन को मनिहार सड़क पर पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, प्रशासन को बाढ़ प्रभावित लोगों को तुरंत राहत पहुंचाने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों से बातचीत करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### नशा परिवार और समाज को भी करता है प्रभावित : राणा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** राजकीय महाविद्यालय हरिपुर में नशा मुक्त भारत पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत 'नशामुक्त जीवन' कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की ड्रग्स प्रिवेंशन कमेटी के समन्वयक प्रो. भूपिंदर ने बताया की कार्यक्रम की मुख्यथिति डॉ. शेफाली रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बाशिंग नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के प्रमुख राणा कर्ण सिंह रहे। राणा कर्ण सिंह ने कहा की नशा न केवल शारीरिक क्षति पहुंचाता है, बल्कि मानसिक रूप से भी व्यक्ति को कमजोर बना देता है। नशा परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। संस्था से जुड़े वॉलंटियर्स अजितेश नेगी व पारस ठाकुर ने अपने अनुभव विद्यार्थियों के साथ सांझा किए। नशे की लत में पड़ना आसान है मगर बिना परिवार के सहयोग इस लत से छुटकारा पाना बहुत मुश्किल है। प्राचार्या डॉ. शेफाली ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नशा संपूर्ण विश्व में एक जाल की तरह फैला हुआ है और इससे बचने के लिए बहुत ही ठोस और सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है।



### कुल्लू शहर में सुबह और शाम मिलेगा पेयजल

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** सहायक अभियंता जल शक्ति कुल्लू ने बताया कि बरसात का मौसम प्रारंभ होने से कुल्लू शहर की पेयजल आपूर्ति बाधित होने की संभावना बनी रहती है। भारी वर्षा के कारण गाद आने से वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, भूस्खलन या बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से पेयजल योजनाओं को नुकसान पहुंचने की संभावना भी रहती है। इस कारण कुल्लू शहर में 24|7 पेयजल आपूर्ति बाधित होती है। उन्होंने बताया कि नागरिकों की सुविधा हेतु बरसात के मौसम में कुल्लू शहर में पेयजल की आपूर्ति सुबह और शाम के समय ही करवाई जाएगी, ताकि कुल्लू शहर में पेयजल की आपूर्ति बरसात में भी सुचारू रूप में हो सके। उन्होंने कुल्लू शहर के समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ता पेयजल को ग्राउंड फ्लोर पर संग्रहित (स्टोर) करने की उचित व्यवस्था करें तथा पेयजल को व्यर्थ न गवाएं।

### नशे की गिरफ्त में आए युवकों का इलाज संभव : आचार्य

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** जिला रेडक्रास कुल्लू के अंतर्गत भुंतर में संचालित एकीकृत नशा निवारण एवं पुनर्वास केंद्र द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ठेला, दियार, वह गड़सा में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नशा निवारण के बारे में स्कूल के बच्चों व अध्यापकों को विभिन्न जानकारियां प्रदान की गई मनोवैज्ञानिक तोशिबा आचार्य ने कहा कि नशा एक बीमारी है इससे बचने के लिए इससे होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानना आवश्यक है। नशे के गिरफ्त में आये युवक -युवतियों का इलाज संभव है यदि समय रहते हुए उन्हें नशा निवारण केंद्र में लाया जाए तथा विभिन्न प्रकार के औषधियां एवं उपचार से उन्हें नशे की लत से बाहर निकाला जा सकता है। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में इसके लिए डॉक्टरों की देखरेख में उचित परामर्श एवं दवाइयों के साथ-साथ मेडिटेशन, योग, खेल एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के व्यसनी महिलाओं को नशे की लत से बाहर निकाला जाता है। परियोजना समन्वयक अनीता ठाकुर ने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति केंद्र में मरीज का उपचार बाह्य रोगी या आवासीय रोगी के रूप में किया जाता है। बाह्य रोगियों को निशुल्क दवाइयां दी जाती है तथा मनोवैज्ञानिक/काउंसलर द्वारा रोगी तथा उसके परिवार के सदस्यों के लिए परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाता है। गंभीर लक्षणों वाले रोगियों को उनकी सहमति से केंद्र में भर्ती किया जाता है। आमतौर पर ऐसे रोगियों को 21 दिनों से 30 दिनों तक केंद्र में इलाज किया जाता है तथा उपचाराधीन रोगियों को डॉक्टर तथा स्टाफ नर्सों की निगरानी में उनके बीपी, तापमान तथा अन्य लैब टेस्ट करवाए जाते है। किसी भी आपात स्थिति में उचित अस्पताल में रेफर करने की व्यवस्था की गई है। इलाज के दौरान मनोचिकित्सक काउंसलर द्वारा व्यक्तिगत परामर्श तथा परिवार के सदस्यों की परामर्श सुविधाएं दी जा रही हैं। उपचार अवधि के दौरान सुबह के समय शारीरिक व्यायाम, ध्यान और योगा प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा करवाएं जाते है।

# 15 साल बाद हो रहा 'माता मनाउणी' का उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

**पांच देवी-देवताओं संग सैकड़ों हारियान लेंगे भाग**

**शोभायात्रा के दौरान ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर डीसी को दिया ज्ञापन**

लगघाटी माता फूगंणी स्थित गत्व तिउन के ऐतिहासिक उत्सव 'माता मनाउणी' दिनांक 28 जून के दिन गांव तिउन से गांव भल्याणी 29 जून के दिन गांव भल्याणी से गांव तिउन तक शोभायात्रा के दौरान ट्रैफिक कंट्रोल व किसी अनहोनी घटना से बचने के लिए प्रशासनिक व्यवस्था बनाये रखने के डीसी को ज्ञापन दिया। वहीं माता के कारदार राम लाल ने बताया कि माता फूंगणी गांव तिउन एक ऐतिहासिक मान्यता प्राप्त देवी स्वरूप है।

जो पूरी लगघाटी की चार कोठी के लोगों की मुख्य देवी के रूप में मान्यता प्राप्त है। माता फूंगणी का प्राचीन स्थान व मंदिर गांव तिउन में है। जहां लोग माता के दरबार में हाजरी एवं अपनी मांग को लेकर प्राचीनकाल से आते हैं। माता का एक ऐतिहासिक उत्सव 'माता मनाउणी' है, जिसका आयोजन माता के आदेश के अनुसार 15 वर्षों के बाद आयोजित होता है। जिसमें माता का प्राचीन रथ 'धुंडा' अपने लाव-लश्कर अर्थात वाद्य यन्त्रों एंव हारियान सहित गांव से चल कर गांव भल्याणी तक जाएगा।

उन्होंने कहा कि 28, 29 जून को ट्रैफिक भुट्टी तक चलेगी। उन्होंने बताया कि रास्ते में स्थानीय देवता त्रियुगी नारायण, देवता फलाणी नारायण, देवता हुरंग नारायण, देवता पंचाली नारायण, देवता वीर नाथ गोहरी आदि के लाव-लश्कर, हारियान, वाद्य यन्त्रों सहित माता की शोभा यात्रा में शामिल होंगे।

यह शोभायात्रा गांव तिउन से शुरू होकर रात गांव भल्याणी देवता श्री कृष्ण के मंदिर में पहुंचगी। इस शोभायात्रा में जहां देवी-देवताओं के प्राचीण अमुल्य सामान का प्रदर्शन होता है तथा हजारों की संख्या में देवी-देवताओं को मानने वाले भक्तगण शामिल होंगे। सारा रास्ता लगभग सड़क मार्ग से गुजरता है।

स्वभाविक रूप से रास्ता में मोटर वाहनों की ट्रैफिक वाधित होगी तथा इतने बड़े जनसमूह के साथ चलने में किसी अप्रिय घटना की भी संभावना बनी रहती है। इसलिए स्थानीय प्रशासन को सुचित किया गया और प्रशासन से किसी भी अव्यवस्था से निपटने के लिए प्रशासन की सहायता मांग की है।

# खेल मैदान में खुली बोली से नीलाम होंगी 36 दुकानें

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू के विधायक एवं अध्यक्ष लाड़ा, सुंदर सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में लाड़ा और नगर परिषद कुल्लू की महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, एडीसी अश्विनी कुमार, लोक निर्माण के अधिशासी अभियंता बीसी नेगी, बीएसएनएल से बलवंत सिंह और नगर परिषद के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में खेल मैदान कुल्लू में नगर परिषद और लाडा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित 36 दुकानों को खुली बोली के माध्यम से आवंटित करने पर सहमति जताई गई।

इसके अतिरिक्त बैठक में इस परिसर का नाम महाराजा खेल एवं व्यावसायिक परिसर, दशहरा मैदान, कुल्लू रखने पर सर्वसहमति बनी। इस अवसर पर विधायक, सुंदर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस खेल एवं व्यवसायिक परिसर का निर्माण संयुक्त रूप से लाडा और नगर परिषद कुल्लू द्वारा किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत अच्छा परिसर बनकर तैयार हुआ है, लेकिन लंबे समय से यहां बनी दुकानों का आवंटन नहीं हो पाया था। उन्होंने नगर परिषद को शीघ्र दुकानों के आवंटन के लिए दिशा-निदेश जारी किए।

उन्होंने खुली बोली के माध्यम से दुकानों के आवंटन के लिए निर्धारित आरक्षण नीति और आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया से करने पर बल दिया, ताकि अधिकतम लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## जूता फैक्टरी के कर्मचारी ने की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब उपमंडल के सतीवाला क्षेत्र स्थित एक जूता फैक्टरी के पास आज उत्तर प्रदेश निवासी एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान 45 वर्षीय अमित कुमार पुत्र भंवर सिंह निवासी आनंद बिहार, गली नंबर 4, महावीर चौक, मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। अमित कुमार वर्तमान में सतीवाला स्थित जूता फैक्टरी के पास रह रहा था।

जानकारी के अनुसार उसने पंखे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त की। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के मामा राजेश कुमार को सौंप दिया गया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## हिमाचल रत्न सम्मान से नवाजे जाएंगे गायक इंद्रजीत

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचली प्रसिद्ध लोक गायक इंद्रजीत को एक्सीलेंस आईकॉनिक अवार्ड 2025 के तहत हिमाचल रतन पुरस्कार से नवाजा जाएगा। आपको बता दें कि 28 जून को देहरादून में श्री फिंगर्स एंटरटेनमेंट लिमिटेड कंपनी द्वारा आयोजित एक्सीलेंस आइकॉनिक अवार्ड 2025 समारोह में हिमाचली संस्कृति को यूट्यूब पर चार चांद लगाने और हिमाचली संस्कृति को बचाने और बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए कुल्लू जिला से संबंध रखने वाले हिमाचली प्रसिद्ध लोक गायक इंद्रजीत को हिमाचली रतन पुरस्कार से नवाजा जाएगा।



इंद्रजीत ने कहा कि वह पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए देहरादून रवाना हो गए और 28 जून को एक्सीलेंस आईकॉनिक अवार्ड 2025 समारोह में प्रसिद्ध अभिनेत्री ईशा देओल के हाथों से हिमाचली रत्न पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

# निदेशक के रूप में गैर-चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति का विरोध



जानकारी देते सिविल अस्पताल मनाली के एसएमओ अंचित सहित अन्य डॉक्टर।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक के रूप में एक गैर-चिकित्सा आईएएस अधिकारी की नियुक्ति का चिकित्सा अधिकारियों ने कड़ा विरोध किया है।

इस निर्णय ने सरकारी डॉक्टरों के बीच गंभीर चिंता पैदा कर दी है, जो इसे अपने पहले से ही सीमित करियर की प्रगति के लिए सीधा झटका मानते हैं। सिविल अस्पताल मनाली के एसएमओ अंचित ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में नेतृत्व के पदों पर सार्वजनिक स्वास्थ्य में अनुभव रखने वाले वरिष्ठ चिकित्सा पेशेवरों को रखा जाना चाहिए, न कि चिकित्सा पृष्ठभूमि के बिना सामान्य प्रशासकों को। योग्य डॉक्टरों को दरकिनार करने से न केवल पदोन्नति के रास्ते बंद हो जाते हैं, बल्कि पूरे चिकित्सा समुदाय को एक हतोत्साहित करने वाला संदेश भी जाता है।

यह व्यावसायिकता और तकनीकी विशेषज्ञता को कमजोर करता है जो प्रभावी स्वास्थ्य प्रशासन के लिए आवश्यक हैं, खासकर ऐसे समय में जब सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियां अधिक जटिल होती जा रही हैं। एसोसिएशन की मांग है कि सरकार तुरंत नियुक्ति पर पुनर्विचार करे और इसके बजाय स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक के पद पर एक योग्य वरिष्ठ डॉक्टर को नियुक्त करे। इस अवसर पर समस्त डाक्टर मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग में निदेशक पद पर न हो आईएएस की तैनाती

**अनंत ज्ञान, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में सरकार के द्वारा स्वास्थ्य विभाग में निदेशक के पद पर अब आईएएस अधिकारी की नियुक्ति की है। जिसका हिमाचल प्रदेश में मेडिकल ऑफिसर यूनियन के द्वारा विरोध किया जा रहा है। मेडिकल ऑफिसर यूनियन का कहना है कि इससे पहले भी स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अधिकारी के द्वारा निदेशक के पद पर कार्य किया जाता रहा है। तो ऐसे में इसकी तैनाती को रद्द किया जाए। इसी मुद्दे को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर यूनियन की बैठक हुई। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए डॉक्टर कल्याण सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य सेवाएं कैडर के अधिकारी दशकों से प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र में सेवाएं दे रहे हैं। वे विभाग में पेश आने वाली चुनौतियों से भली भांति परिचित हैं।

# क्लस्टर बनाकर कारीगर कर सकेंगे बड़े पैमाने पर उत्पादन




पारंपरिक उद्योगों के पुनरुत्थान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान गणमान्य लोग।

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

हिमाचल में पारंपरिक उद्योगों के पुनरुत्थान और कारीगरों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार 'पारंपरिक उद्योगों के पुनरुत्थान के लिए निधि योजना (स्फूर्ति)' के अंतर्गत कार्यशालाओं का आयोजन कर रही है।

इसी कड़ी में वीरवार को जिला कुल्लू में योजना पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कुल्लू पीएल नेगी ने विशेष तौर पर शिरकत की और स्फूर्ति योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार प्रयास कर रही है कि परंपरागत उद्योगों से जुड़े छोटे कारीगरों की आर्थिकी में सुधार किया जाए और लघु उद्योगों का विकास किया जाएगा।

उन्होंने कहा की स्फूर्ति योजना पारंपरिक उद्योगों के विकस में मददगार साबित होगी। इस मौके पर डीडीएम नाबार्ड अनिता देवी ने बताया कि हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय और नैबकॉन के साथ मिलकर, राज्य के सभी 12 जिलों में इन कार्यशालाओं का आयोजन कर रहा है।

इसी क्रम में कुल्लू में भी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम से ग्रामीण एवं पारंपरिक कार्यबल के लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता के क्षेत्र को विकास मिलेगा।

**खतरा** फ्लैश फ्लड की घटना से पार्वती-ब्यास ने धारण किया उग्र रूप

# डर के मारे रातभर नहीं सो पाए जिया के लोग

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर के जिया गांव पर पिछले काफी समय से बाढ़ कस खतरा मंडरा रहा है। आलम यह है कि ब्यास व पार्वती नदी में जैसे ही कभी जलस्तर बढ़ता है तो यहां के लोगों की नींद उड़ जाती है। ऐसे में जब बीते दिन दोपहर के समय जिला कुल्लू में विभिन्न स्थानों पर बादल फटने से अचानक आई बाढ़ (फ्लैश फ्लड) की घटनाएं सामने आई तो गांव के लोग एक बार फिर से सहम गए।

जीवा नाला सैंज, शिलागढ़ गड़सा घाटी, स्नो गैलरी मनाली, होरनगढ़ बंजार व मणिकर्ण के कसोल क्षेत्र बादल फटने से बाढ़ आ गई। मणिकर्ण घाटी में बादल फटने से पार्वती नदी ने भी अपना रोद्र रूप दिखाया। ब्यास व पार्वती नदी का जलस्तर बढ़ते ही जिया के ग्रामीणों में भय उत्पन्न हो गया।

**गांव कभी भी आ सकता है बाढ़ की चपेट में, डेंजर जोन में नहीं लगी सुरक्षा दीवार**

लोग घरों से निकलकर नदी के तेज जल परवाह को देखते रहे। रात को नदी की आबाज डरावनी थी लोग डर के मारे रात भर सोए नहीं। जिला कुल्लू की ऐतिहासिक नदियों के बीच बसा जिया गांव लावारिस जैसा बन गया है। बरसात शुरू हो गई है लेकिन गांव की दायनीय हालात सुधारने वाला कोई नहीं है।

यहां बाढ़ के जख्म आज भी हरे हैं दो साल में जिला प्रशासन डेंजर जोन में सुरक्षा दीवार तक नहीं लगा पाया। वहीं फुट ब्रिज भी 2023 की बाढ़ में क्षति ग्रस्त हो गया। उसका भी पुनरनिर्माण नहीं हो पाया ग्रामीण परेशान हैं। अब फिर से बाढ़ आने के कारण लोग डर के मारे रात भर सोए नहीं।



## बाढ़ से बदली पार्वती नदी की दिशा

**बता** दें कि दो वर्ष पूर्व प्राकृतिक आपदा आने से जिया गांव खतरे की जद में आ गया हैं। बाढ़ से पार्वती नदी की दिशा बदल दी हैं वहीं नदी में मलबा भरने से पानी का बहाव गांव की तरफ हो गया हैं। ग्रामीण सरकार और प्रशासन से कई बार यहां पर सुरक्षा दीवार लगाने की गुहार लगा चुके हैं लेकिन इस गांव की सुध लेने वाला कोई नहीं है। समाचार पत्रों में भी यह मसला कई बार प्रमुखता से उठाया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जबकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को यहां से लीड मिली हैं। इसके बावजूद गांव बासियों का दर्द कोई नहीं जान रहा है। यहां नदी किनारे कमजोर होने से यहां इंसानी जिंदगियों को खतरा हो गया हैं लेकिन शासन व प्रशासन जिया गांव के लिए इंसानियत तक भूल गया हैं।

## सुरक्षा दीवार लगाना बहुत जरूरी

**प्रशासन** द्वारा एक बार पार्वती नदी से बाढ़ का खतरा कम करने को मालवा तो हटाया गया लेकिन 2024 में मलाणा डैम फटने से फिर स्थिति खराब हो गई है। जनता पार्वती नदी फोरलेन पुल के नीचे से मालवा हटाने की गुहार लगाने के साथ नदी किनारों में कंक्रीट की पक्की दीवार लगाने की बार-बार मांग कर रही हैं। यहां पार्वती नदी में एक बड़ी चट्टान है जिससे पानी का बहाव गांव की ओर घूम जाता है उसे भी हटाने की मांग उठाई है ताकि गांव को बाढ़ का खतरा कम हो जाए। जिया निवासी बाढ़ का खतरा देख खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं। फोरलेन पुल के नीचे पार्वती और दूसरी तरफ व्यास नदी किनारे सुरक्षा दीवार लगाना बहुत ही जरूरी है। मलबे से पार्वती का बहाव गांव की तरफ मुड़ गया है।

# मनाली के वन्य प्राणी सूचना एवं चेतना केंद्र में लगी चित्रकला प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, मनाली**

वन्य प्राणी सूचना एवं चेतना केंद्र मनाली में चित्रकला की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें चित्रकारों द्वारा वाटर कलर, पेस्टल कलर, एक्रीलिक कलर द्वारा अपनी चित्रकारी से कुल्लू की संस्कृति को दर्शाया। देश विदेश 15 कलाकार राजनंदनी, नील, सीमा, मुकुंद, एलेशा, अमिया, कनिका, अनु, अन्नपूर्णा सहित जीवा ने अपनी पेंटिंग प्रदर्शनी में लगाई है। गायत्री शर्मा द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी दो दिन तक चलेगी।



वन्य प्राणी सूचना एवं चेतना केंद्र में चित्रकला प्रदर्शनी में लगी पेंटिंग।

**तहसीलदार अनिल राणा ने किया दो दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ**

तहसीलदार मनाली अनिल राणा ने चित्रकला की प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। नायब तहसीलदार राम चंद नेगी विशेष रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चित्रकारी एक कला है जिसमें चित्रकार बड़ी मेहनत से विभिन्न सामग्रियों, जैसे कि पेंट, ब्रश, और अन्य उपकरणों का उपयोग करके सतह पर दृश्य प्रतिनिधित्व बनाते हैं। चित्रकार अपने विचारों, भावनाओं और टिप्पणियों को व्यक्त करने के लिए विभिन्न तकनीकों, शैलियों, और माध्यमों का उपयोग करते हैं।

उन्होंने चित्रकारों की कला की सराहना की और उनके लिए मनाली सबसे अच्छा स्थान बताया। प्रदर्शनी की आयोजक गायत्री शर्मा ने कहा कि यहां की संस्कृति के संरक्षण के लिए यह प्रदर्शनी लगाई है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी नशे की ओर जा रही है। नशे से बचने के लिए पेंटिंग एक बहुत बढ़िया माध्यम है। युवाओं से आग्रह है कि वो चित्रकारी की ओर प्रेरित हों।

# मेले हमारी समृद्ध सभ्यता और संस्कृति के प्रतीक : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता व संस्कृति के प्रतीक हैं।

मेलों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे की भावना को बल मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी यह अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ. शांडिल आज यहां ग्राम पंचायत शामती के धोबटन में आयोजित मेले के समापन समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर धोबटन में मंगला माता के मंदिर में पूजा अर्चना की और सभी के समृद्ध जीवन की कामना की।

### कहा-सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य में कर रही परिवर्तन

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मेले मनोरंजन के साथ-साथ व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान एवं सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने का एक बहुआयामी मिश्रण है। डॉ. शांडिल ने कहा है कि वर्तमान सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य के सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दे रही है। हिमाचल सरकार शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन कर रही है।



मेले के दौरान नाटी डालते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

### स्वच्छ जल शोधन योजना के तहत व्यय किए जा रहे 200 करोड़

**इसी** दृष्टि से प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री स्वच्छ जल शोधन योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत 200 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत हर नागरिक को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल मुहैया करवाने का लक्ष्य है। उन्होंने मझगांव खेल मैदान के लिए 02 लाख रुपए, मंगला माता सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए तथा मेला समिति को 11 हजार रुपए देने की घोषणा की।

### लोगों की सुनी समस्याएं

**डॉ.** शांडिल ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इससे पूर्व मेला धोबटन समिति के अध्यक्ष सुनील ठाकुर ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया। डॉ. शांडिल के सुपुत्र सेवानिवृत्त कर्नल संजय शांडिल, ग्राम पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली, ग्राम पंचायत शामती की प्रधान लता देवी, प्रधान जयवंती ठाकुर, प्रधान पूनम, प्रधान कुसुम ठाकुर, प्रधान जयवंती, उप प्रधान राकेश मेहता, पूर्व प्रधान संजीव सूद, कांग्रेस के कार्यकर्ता आशु ठाकुर, सुशांत व अंकुर, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल सहित अन्य उपस्थित थे।

# बैंक ऋण आवंटन के निर्धारित लक्ष्यों को करें पूरा: डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सिरमौर (यूको आरसेटी) की जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं स्थानीय परामर्श समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए वार्षिक ऋण योजना 2024-25 के अंतर्गत मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में हुई प्रगति की समीक्षा, शहरी आजीविका मिशन तथा प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जन धन योजना व प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना, अनुसूचित जाति, जनजाति विकास निगम की मार्च, 2025 तक की समीक्षा की। उपायुक्त ने प्रधानमंत्री जन धन एवं प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना अभियान के तहत 1 जुलाई से 30 सितंबर, 2025 तक सभी बैंकों को जिला की सभी पंचायतों में जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए ताकि इन योजनाओं को गति प्रदान की जा सके।

उन्होंने कहा कि सभी बैंक ऋण आबंटन के निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करें ताकि लोगों को स्वरोजगार के क्षेत्र में अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी बैंक एटीएम व बैंक परिसर में भी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित बनाए। अग्रणी जिला प्रबंधक सनोज ने बैठक का संचालन किया और यूको आरसेटी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### रोजगार संबंधी प्रशिक्षण का लाभ उठाएं युवा

**यूको** आरसेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि यूको आरसेटी अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ब्यूटी पार्लर, मधुमक्खी पालन, जूट बैग, फास्ट फूड, खिलौने निर्माण, पापड़, आचार बनाना, डेयरी फार्मिंग और वर्मी कम्पोस्ट बनाना, टेलरिंग, बैंक मित्र, वस्त्र चित्र कला उद्यमी, कृषि उद्यमी सहित विभिन्न ट्रेडों में निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान में विभिन्न ट्रेडों में दिए जा रहे निशुल्क रोजगार संबंधी प्रशिक्षण का लाभ युवा वर्ग को उठाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### बस रूट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून

**अनंत ज्ञान, सोलन।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने कहा कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन के कार्यालय के लिए 15 मार्गों पर स्टेज कैरिज बस रूट (टैंपो ट्रैवलर, 18 प्लस 02) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन 30 जून, 2025 तक किए जा सकते हैं तथा इस तिथि को बढ़ाया नहीं जाएगा। कविता ठाकुर ने कहा कि रूटों की जानकारी विभाग के पोर्टल पर प्राप्त की जा सकती है। परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश में 350 चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज बस रूट के संचालन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

### नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रगति प्रथम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय महाविद्यालय, पझौता में वीरवार को योग और ध्यान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूको बैंक, धामला के शाखा प्रबंधक विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शरगांव के प्रधानाचार्य सुधीर शर्मा ने कार्यक्रम में विशिष्टअतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा अंतर-विद्यालयीय पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। नारा लेखन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शरगांव की छात्रा प्रगति ने प्रथम, भड़ोली स्कूल की छात्रा शालू ने द्वितीय तथा शरगांव स्कूल की ही छात्रा हर्षिता तोमर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा ने योग के महत्व बारे प्रकाश डाला।

### बच्चों को बताए प्रतिबंधित दवाइयों के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरोध में अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने की। प्रवक्ता सपना ने समाज में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों तथा नशे की अवैध तस्करी के बारे में आंकड़ों सहित विभिन्न जानकारियां सांझा की। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी विजय चंदेल तथा क्षमा शर्मा के नेतृत्व में स्काउट एंड गाइड, एनसीसी इको क्लब के स्वयंसेवियों ने एक विशाल रैली का आयोजन किया।

### बच्चों की करवाई नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सराहां।** स्वास्थ्य विभाग, पच्छाद ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बागथन में नशीले पदार्थों के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस आयोजन में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताएं शामिल थीं, जिन्होंने छात्रों को नशीले पदार्थों के बारे में अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने के लिए एक रचनात्मक मंच प्रदान किया। इस दौरान स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा जागरूकता भाषण दिए गए जिनमें डॉ. किर्ती खन्ना, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी पीएचसी बागथन, और नरवीर कुमार शर्मा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक ने एक सूचनात्मक और आकर्षक जागरूकता भाषण दिया।

### भाषण प्रतियोगिता में कमल ठाकुर प्रथम

**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय महाविद्यालय अर्की में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई एवं एंटी ड्रग क्लब द्वारा संयुक्त रूप से नशा निषेध दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान, नशा न करने की शपथ तथा नशा करने के दुष्प्रभाव से बचने उपाय विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसोसिएट प्रोफेसर एवं मिडिया प्रभारी डॉ. राजन तनवर ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में कमल ठाकुर ने प्रथम, कृतिका ने द्वितीय तथा महक कवर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर मस्तराम ने कहा कि वे नशे से दूर रहें।

### विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल कल्होग में नशा निषेध दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कई प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों और समुदाय को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया। स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य तृप्ता, हितैषी सुषमा, हरिन्द्र जोशी सहित कई शिक्षकों ने नशे से दूर रहने का संदेश देकर प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि थाना प्रभारी कंडाघाट वीर सिंह नेगी ने नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

### चित्रकला प्रतियोगिता में धीरज प्रथम

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजगढ़ में अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन पाठशाला के यूथ एंड इको क्लब, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान व एनसीसी इकाई के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में धीरज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में अनुष्का और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अदिति भारद्वाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्रधानाचार्य तथा क्लब प्रभारी प्रवीण शर्मा ने बच्चों को नशे के दुरुपयोग के खतरों के बारे में जानकारी दी।

### नशे के खिलाफ निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रधानाचार्य मोहिंद्र पाल कौंडल ने की। पीएचसी धुंदन से डॉक्टर वैभव गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। डॉ. वैभव गौतम ने विद्यार्थियों से नशा न करने की अपील की। कार्यकारी प्रधानाचार्य मोहिंद्र पाल कौंडल ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली भी निकाली।

### चित्रकला प्रतियोगिता में कृतिका ने हासिल की पोजिशन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च विद्यालय हनुमान बड़ोग में अवैध तस्करी अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 26 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें कनिष्ठ वर्ग में कृतिका ने प्रथम, निहारिका ने द्वितीय, अंशिता ने तृतीय स्थान हासिल किया। मुख्याध्यापक पीसी बड़ू ने कहा कि सभी बच्चों को अपने घर परिवार में इस विषय पर अवश्य चर्चा करें। इस अवसर पर केंद्रीय मुख्य अध्यापक रामचंद्र चंदेल, अध्यापक नरेंद्र, पुष्पेंद्र, मनोज, प्रकाश, धर्मपाल, हेमराज, जयप्रकाश, नरेश, अंजलि, हेमराज उपस्थित रहे।

### सराहां जोन के अध्यक्ष बने दिनेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पच्छाद ब्लॉक यूथ कांग्रेस की एक बैठक का आयोजन गुरुवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सराहां में किया गया, जिसका मुख्य एजेंडा ब्लाक कार्यकारिणी, जॉन कार्यकारिणी का विस्तार करना था, जानकारी देते हुए पच्छाद ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभिषेक कौंडल ने बताया कि इस बैठक में इलाके के सभी युवाओं ने भाग लिया और 6 जोनों की गई कार्यकारिणी के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए जिसमें शिरगी धार जोन से अंकुश शर्मा को जोन का अध्यक्ष चुना गया, सराहां जोन से दिनेश ठाकुर को अध्यक्ष और विवेक शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया, नैना टिकर जोन से हनीश भारद्वाज को अध्यक्ष चुना गया, नारग जोन से सुधीर ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया, आसनी जोन से सुनील शर्मा को अध्यक्ष और अंकित शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया, मानगढ़ जोन से अजय ठाकुर को अध्यक्ष चुना गया, और साथ ही ब्लाक कार्यकारिणी में ब्लॉक उपाध्यक्ष राहुल वर्मा को सेक्रेटरी और निखिल ठाकुर को उपाध्यक्ष से दिनेश ठाकुर को महासचिव और दिनेश शर्मा को महासचिव पद पर नियुक्त किया गया।

### सोलन सब्जी मंडी में टमाटर के दामों ने पकड़ी रफ्तार, हिमसोना 450 रुपए प्रति क्रेट बिका

# सोलन और सिरमौर के टमाटर की बढ़ी मांग

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** देश की बड़ी सब्जी मंडियों में धीरे-धीरे सोलन और सिरमौर में तैयार हो रहे रेड गोल्ड यानि टमाटर की मांग बढ़ने लगी है। इससे सोलन सब्जी मंडी में टमाटर की फसल की आमद बढ़ गई है।

- हाई ब्रिड के दाम भी 350 तक पहुंचे
- पिछले हफ्ते की गिरावट के बाद दामों ने पकड़ी तेजी

सोलन सब्जी मंडी में रोज सोलन और सिरमौर के तैयार हो रहे टमाटर की औसतन 5 से 8 हजार क्रेट पहुंच रही है।

खास बात है कि पिछले हफ्ते की गिरावट के बाद टमाटर के दामों ने तेजी पकड़ी है। मंडी में हिमसोना बेस्ट क्वालिटी के दाम करीब 450 रुपए प्रति क्रेट बिका जबकि हाई ब्रिड टमाटर भी रफ्तार पकड़ी है। इससे किसानों को भी सूखे और ओले से हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है।

बता दें कि टमाटर सोलन और सिरमौर के किसानों की आर्थिकी का आधार बन चुका है। किसान बड़ी मात्रा में टमाटर और शिमला मिर्च का उत्पादन करते हैं।



सोलन सब्जी मंडी में बिक्री के लिए पहुंचा हिम सोना टमाटर।

### वातानुकूलित ट्रकों से हो रही सप्लाई

**बाहरी** राज्यों में सोलन के टमाटर की मांग के चलते व्यापारी वातानुकूलित ट्रकों में टमाटर की खेप को गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, नासिक पहुंच रहे हैं। इसी तरह हरियाणा पंजाब, दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए भी टमाटर की सप्लाई की जाती है। सब्जी मंडी सोलन में टमाटर का व्यापार कर रहे आढ़ती तीर्थानंद भारद्वाज और किशोर ठाकुर का कहना है कि बाहरी राज्यों के व्यापारी अब मंडी में आना शुरू हो चुके हैं और लगातार कच्चे हरे टमाटर की मांग कर रहे हैं। गर्मी का मौसम होने से पका हुआ टमाटर बाहरी राज्यों की मंडियों तक पहुंचने से पहले ही खराब हो जाता है। ऐसे में किसानों से व्यापारी आग्रह कर रहे हैं कि वो कच्चा हरा टमाटर ही मंडी में बेचने को लाएं।

### दो वर्ष पहले टूटे थे रेट के रिकॉर्ड

**दो** वर्ष पूर्व किसानों को रिकॉर्ड तोड़ दाम मिलते थे तब टमाटर का थोक भाव प्रतिकिलो 150 से 180 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया था। यानी प्रति क्रेट के दाम 4000 हजार से 4500 रुपए भी बिके। किसानों को इस बार भी अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। कारोबारियों का मानना है की मैदानी राज्यों में बारिश बढ़ते ही सोलन के टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में बढ़ जाएगी। इससे बेस्ट क्वालिटी टमाटर के दामों में अच्छा खासा उछाल आएगा। वहीं किसानों को भी इससे मुनाफा होगा, इससे किसानों के होने वाले नुकसान की भी भरपाई होगी।

> सब्जी मंडी में टमाटर और शिमला मिर्च की आमद शुरू हो गई है। ग्रेड की गई फसल के अच्छे दाम मिल रहे हैं। मैदानी राज्यों में बरसात टमाटर की फसल खराब हो जाती है। इससे हिमाचल में तैयार हो रहे टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में बढ़ जाती है। जिससे दाम भी अच्छे मिलते हैं।
>
> **-अरुण कुमार, सचिव, कृषि उपज मंडी सोलन।**

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना रोगी कल्याण समिति का लक्ष्य : विनय



बैठक के बाद कार्यों का निरीक्षण करते हुए उपाध्यक्ष विनय कुमार व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

उपाध्यक्ष विधानसभा विनय कुमार की अध्यक्षता में सिविल अस्पताल ददाहु में रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष ने बताया कि सरकार का उद्देश्य लोगों पर कम से कम बोझ डालकर रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है। उन्होंने कहा कि ददाहु 20 से 25 पंचायत के लोगों का केंद्र बिंदु है तथा यहां दूरदराज के क्षेत्रों से लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने आते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी वर्ष सिविल अस्पताल ददाहु में एक्स-रे मशीन की सुविधा आरंभ की गई तथा प्रतिदिन लगभग 30 से 40 मरीजों के एक्स-रे हो रहे हैं अब उन्हें नाहन व अन्य स्थानों पर एक्स-रे के लिए नहीं जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इस अस्पताल में नर्सों की कमी है जिसके लिए अति शीघ्र 6 नर्सों की नियुक्ति की जाएगी। डॉ. अशोक कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए समिति के समक्ष बैठक में मदों को क्रमवार रखा, जिसमें वर्ष 2024 25 में आय-व्यय का ब्यौरा तथा 2025 26 के लिए प्रस्ताव तथा आय-व्यय के ब्यौरे को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया। उपाध्यक्ष द्वारा ददाहु अस्पताल में लगी लिफ्ट को चालू करने के विभाग को निर्देश दिए। अस्पताल के पुराने भवन को जनरेटर से जोड़ने के लिए बिजली विभाग को निर्देश दिए।

राजन गोयल प्रधान व्यापार मंडल ददाहु ने अस्पताल को बेड बॉक्स देने के लिए हामी भरी। उन्होंने पंचायती राज विभाग को पोस्टमार्टम कमरे की मरम्मत व चारदीवारी करने के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। पंचायत प्रधान ददाहु ने अस्पताल को 2 हजार लीटर पानी के दो टैंक प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# अमरनाथ में भंडारे के लिए सांसद ने रवाना किए राशन से भरे ट्रक



**अनंत ज्ञान, बद्दी**

अमरनाथ में भंडारे के लिए राशन से लदे 3 ट्रकों को सांसद सुरेश कश्यप ने बद्दी से झंडी देकर रवाना किया। सुरेश कश्यप ने कहा कि हिमाचल की एक मात्र संस्था शिव गौरी सिद्ध सेवा मंडल पूरी यात्रा तक चलने वाला भंडारा लगाती है और इस बार 25वां भंडारा लगाया जा रहा है। संस्था के प्रधान रामलोक चौधरी ने सांसद का आभार जताया। इस दौरान पूर्व विधायक परमजीत सिंह, लाला हरविलास जिंदल, रामलोक चौधरी, तरक्की लाल, एसपी गुप्ता, मनोज कौशल सहित आदि मौजूद थे।

# ट्रैफिक व्यवस्था सुधार पर मंथन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन में बुधवार को एसपी कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में रोड सेफ्टी क्लब की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उप पुलिस अधीक्षक रमाकांत ठाकुर ने की। बैठक में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर विशेष रूप से रात्रि 8 से 9 बजे के बीच बिना हेलमेट और ओवर स्पीडिंग करने वाले बाइक चालकों पर नियंत्रण के उपायों पर गंभीरता से चर्चा की गई।

बैठक में ट्रैफिक से जुड़े अन्य प्रमुख मुद्दों जैसे अवैध पार्किंग, अतिक्रमण और व्यस्त समय में लगने वाले जाम को लेकर भी विभिन्न सुझाव सामने आए।

# क्योरटेक ग्रुप के सीईओ सुमित सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बद्दी**

दवा निर्माता कंपनी क्योरटेक ग्रुप के सीईओ सुमित सिंगला जोकि अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी के चेयरमैन भी हैं के नेतृत्व में ग्रुप द्वारा विश्व स्तर की गुणवत्ता दवाओं के निर्माण के साथ सोसाइटी द्वारा हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा में करवाए जा रहे विभिन्न सामजिक कार्यों को देखते हुए अमेरिकन क्वालिटी कौंसिल, यूएसए व वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, लंदन द्वारा इंदौर में करवाए सम्मान समारोह के दौरान प्रतिष्ठित पुरूस्कार और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। सुमित सिंगला को यह पुरस्कार दो विभिन्न राज्यपालों ने प्रदान किया जिनमें कलराज पूर्व राज्यपाल राजस्थान, जस्टिस वीएस कोकजी पूर्व राज्यपाल हिमाचल प्रदेश सहित इंदौर के सांसद शंकर लेवानी और प्रसिद्ध भजन सम्राट अनूप जलोटा शामिल थे।

इस मौके पर पुलिस के डीजीपी वरुण कपूर भी उपस्थित थे। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन के इंडियन सीईओ सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के वरिष्ठ वकील संतोष शुक्ल ने बताया कि सुमित सिंगला को यह पुरूस्कार उनके गत दो दशक से समाज के प्रति सेवाओं को देखते हुए दिया गया है।



पुरस्कार प्राप्त करते क्योरटेक ग्रुप के डायरेक्टर प्रणय सिंगला व साथ हैं अन्य।

# बीएससी कृषि गोल्डन जुबली बैच का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने सोलन के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के बीएससी कृषि की गोल्डन जुबली बैच के पूर्व छात्रों, सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं उनके परिवारों का हार्दिक स्वागत किया। यह विशेष आयोजन 1975 में कृषि महाविद्यालय सोलन से स्नातक डिग्री हासिल करने वाले छात्रों की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर बारह पूर्व छात्र और उनके परिवार के सदस्य अपने संस्थान लौटे और इस पुनर्मिलन का आनंद लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय एलुमनी एसोसिएशन द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में मौजूद गोल्डन जुबली बैच के पूर्व छात्र।

इस अवसर के मुख्यातिथि 95 वर्षीय प्रो. जेपी चतरथ रहे, जो विश्वविद्यालय के एक सम्मानित पूर्व प्राध्यापक हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति एवं यूएचएफ एलुमनी एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक प्रो. राजेश्वर चंदेल ने एलुमनी और पूर्व शिक्षकों का एलुमनी इंगेजमेंट सेंटर में स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. जेपी चतरथ द्वारा पौधरोपण भी किया गया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट पूर्व शिक्षकों में डॉ. ओपी शर्मा, डॉ. कंवर बिधि सिंह, डॉ. केडी बाली, डॉ. बीबी लाल कौशल और डॉ. वीके मिश्रा शामिल थे।

# पांवटा की नितिका चौधरी ने एलाइड परीक्षा में हासिल किया 12वां रैंक

**मनीष कुमार, अनंत ज्ञान**

**पांवटा।** एचपी एलाइड सेवा परीक्षा के घोषित परिणाम में जिला सिरमौर की तहसील पांवटा साहिब के गांव किशनपुरा की बेटी नितिका चौधरी ने 12वां रैंक प्राप्त कर न केवल माता-पिता का बल्कि जिले का नाम रोशन किया है।



नितिका को आबकारी एवं कराधान विभाग में अधिकारी पद पर नियुक्त किया गया है। उनके पिता महिपाल चौधरी खेती करते हैं और माता कमलेश देवी एक गृहिणी हैं। नितिका ने बताया कि एलाइड परीक्षा में उनका यह पहला प्रयास था और उन्होंने इसे पूरी गंभीरता से लिया। इससे पहले वे सीडीएस की लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी हैं तथा विधानसभा सचिवालय की प्रारंभिक परीक्षा भी पास कर मुख्य परीक्षा में शामिल हुई थीं। नितिका कहती हैं कि उन्हें विद्यालयीन शिक्षकों से प्रारंभिक प्रेरणा मिली ।

# भूपपुर गांव में दिखा खतरनाक सांप

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा साहिब के साथ लगते भूपपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब वहां एक खतरनाक सांप दिखाई दिया। स्थानीय लोग डर के मारे इधर-उधर भागने लगे।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान हैं। मौके पर पहुंचे पांवटा साहिब के मशहूर स्नेक कैचर ने साहस दिखाते हुए पूरी सावधानी के साथ सांप का रेस्क्यू किया। उन्होंने सांप को सुरक्षित पकड़ा और उसे जंगल में खुले स्थान पर छोड़ दिया ताकि वह किसी को नुकसान न पहुंचा सके।

**जागरूकता** | शिविर में सचिव आकांक्षा डोगरा ने नशे से बचाव के दिए टिप्स, कहा–

# नशे से बचाव के लिए समाज की एकजुटता जरूरी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और तस्करी से निपटने के लिए संपूर्ण समाज को एकजुटता से कार्य करने की आवश्यकता है तभी हम नशामुक्त समाज की परिकल्पना कर सकते हैं।

आकांक्षा डोगरा आज यहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन के सौजन्य से आयोजित एक जागरूकता शिविर को संबोधित कर रही थीं। आकांक्षा डोगरा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ जागरूकता और संवेदनशीलता के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग के विरूद्ध वर्ष 2025 के अंतरराष्ट्रीय दिवस का नारा 'जंजीरों को तोड़ना सभी के लिए रोकथाम, उपचार और सुधार' विषय रखा गया है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे के सेवन से बचाना और नशीली दवाओं की तस्करी पर प्रतिबंध लगाना है ताकि बच्चों का भविष्य स्वर्णिम बन सके।

उन्होंने कहा कि इस दिन दुनियाभर में नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान चलाया जाता है। इसमें लोगों को नशे से होने वाले नुकसान से अवगत कराया जाता है। आकांक्षा डोगरा ने शिविर में उपस्थित महिलाओं को नि:शुल्क कानूनी सहायता, मध्यस्थता, लोक अदालत राज्य पीड़ित मुआवज़ा योजना व नालसा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में मध्यस्थता की भूमिका अहम है। मध्यस्थतों के माध्यम से लंबित मामलों के निपटारे की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा सकता है। सभी न्यायालयों में मध्यस्थता केंद्र खोले गए हैं।

### लैंगिक अपराधों पर दी जानकारी

**जिला** स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार ने लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो एक्ट), गर्भधारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे विस्तार से जानकारी प्रदान की। प्रीति शर्मा ने नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी प्रदान की। मनोचिकित्सक डॉ. वैशाली शर्मा ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग के कारण मानसिक रोगी बन चुके रोगियों का निदान के बारे जानकारी प्रदान की।

# नशे के दुष्प्रभाव के प्रति छात्रों को किया जागरूक

**संजय, अनंत ज्ञान**

**सराहां।** एसवीएन पब्लिक हाई स्कूल सराहा में नशीली दवाओं के उपयोग व तस्करी के विरोध में अंतरराष्ट्रीय तस्करी दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन ने मिलकर नशा निवारण के महत्व को समझा और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से नशे के प्रति जनमानस को जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान विज्ञान समिति सराहा की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष वंदना शर्मा ने विशेष रूप से मुख्य रूप से शिरकत की ओर नशे पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उसके बाद बच्चों ने अपने भाषण प्रस्तुत किए जिसमें वैष्णवी भारद्वाज, कक्षा चार से सिद्धार्थ, दिव्यांश, अग्रिमा भाटिया, रिया तथा सौम्या नित्याशी ने नशे पर एक गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। कला अध्यापक अश्वनी सिंह, अनुराग की अध्यक्षता में चार्ट मेकिंग स्लोगन मेकिंग और चित्रकला प्रतियोगिता करवाई की गई।

विद्यालय प्रबंधक महेंद्र पाल नेहरू स्कूल सलाहकार सुनंदा आर्या प्रधानाचार्य डॉक्टर रागिनी नेहरू भटनागर ने कार्यक्रम सराहना की तथा नशे को जड़ से मिटाने के लिए 'युवा बचाओ भविष्य बचाओ' तथा नशा एक बहुत बड़ी आपदा है। वहीं उपप्रधानाचार्य संजना सहित अध्यापक उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सेवानिवृत्त व सेवारत कर्मचारियों के हित में फैसला लेते हुए प्रदेश में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू कर दी है। कर्मचारियों को इसका लाभ एक अगस्त से मिलेगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कर्मचारियों के संबंध में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में कुल 33 एजेंडे रखे गए थे, जिसमें से 32 को स्वीकृति दी गई है। प्रदेश के कर्मचारियों को यूनिफाइड पेंशन स्कीम तथा न्यू पेंशन स्कीम में किसी एक का चयन करने का विकल्प दिया गया है। यह योजना केंद्र की तर्ज पर शुरू की गई है। यह पेंशन कर्मचारी की नौकरी के अंतिम 12 महीने की सैलरी के आधार पर तय होगी। इस योजना का लाभ साल 2006 के बाद नौकरी में आए लोगों को मिलेगा। बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि किसी सरकारी कर्मचारी की मौत होने पर परिजनों को दो साल के अंदर उन्हें सरकारी मकान खाली नहीं करना पड़ेगा और परिवार को दो साल के लिए आवास भत्ता मिलेगा। सीएम सैनी ने बताया कि नियमित महिला कर्मचारियों की अतिरिक्त आकस्मिक छुट्टी को 20 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) की महिला कर्मचारियों को भी एक दिन की अतिरिक्त छुट्टी मिलेगी। सरकारी कर्मचारियों के दिव्यांग बच्चों को भी पेंशन का लाभ मिलेगा। मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा रेशनलाइजेशन कमीशन के फैसलों को सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी गई है। कमिशन ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। बैठक में खरखौदा महाविद्यालय खरखौदा को सरकार ने अपने अधीन लेने का फैसला किया है।

### नवजोत एक्स सर्विस मैन विभाग के अध्यक्ष नियुक्त



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लेफ्टिनेंट कर्नल नवजोत सिंह ढिंढ को चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक्स सर्विस मैन विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनका नाम चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की द्वारा अनुशंसित किया गया था। नवजोत सिंह ढिंढ ने अपनी नियुक्ति पर एचएस लक्की, सांसद मनीष तिवारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व का आभार प्रकट किया।

### एनआईए की टीम ने यमुनानगर में की छापेमारी

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीमों ने गुरुवार को हरियाणा में एक साथ कई जगह छापेमारी की। एनआईए ने यमुनानगर, अंबाला, कुरुक्षेत्र, करनाल आदि जिलों में जांच की। यमुनानगर के गांव खारवन में 10 लाख के इनामी कुलबीर सिंह संधू जिसके एनआईए पोस्टर तक लगाए थे, उसके परिवार से कई घंटे तक पूछताछ की गई। तो वहीं दूसरी तरफ जिला के कस्बा बिलासपुर के गांव चंद्वा खेड़ी के जोनी से भी पूछताछ की जा रही थी। वहीं कुलबीर संधू का कनेक्शन खालिस्तान से बताया जाता है। कुलबीर संधू का बीते साल भी उत्तर प्रदेश पीलीभीत में एक हत्या में उसका नाम आया था। जिस पर लगातार पुलिस और एनआईए तलाश में थी। आज इसी को लेकर यमुनानगर में भी उसके परिवार से पूछताछ की गई। परिवार का कहना था कि उन्होंने कुलबीर संधू को बेदखल कर दिया है व उनके साथ उसका कोई भी लेना देना नहीं है। बिलासपुर में जोनी से पूछताछ की गई उसका भी नाम किसी विदेशी कॉल के अंतर्गत आया था। जिस पर एनआईए जो है जोनी से भी पूछताछ की है।

### भूना में अवैध कब्जे हटाए, दो दुकानें सील

**अनंत ज्ञान, फतेहाबाद।** नगर पालिका भूना ने वीरवार को बड़ा अभियान चलाया। शहर के उकलाना रोड पर अतिक्रमण हटाया गया वहीं सड़क पर रखे सामान को भी जब्त किया गया। इस दौरान नगरपालिका की टीम ने दो दुकानों को सील कर दिया। इन दुकानों पर लंबे समय से किराया बकाया था। कार्रवाई के कुछ घंटे बाद ही दुकानदारों ने करीब चार लाख रुपए जमा करवा दिए। इसके बाद दुकानें दोबारा खोल दी गई। नगरपालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि इन दुकानों को पहले कई बार नोटिस दिए गए थे। बार-बार अनदेखी के बाद यह सख्त कदम उठाया गया। उन्होंने कहा कि अब अतिक्रमण या किराया बकाया पर कोई ढिलाई नहीं बरती जाएगी। टीम ने दुकानों के बाहर फैले सामान को हटाया। इसके बाद कई दुकानदारों ने खुद ही अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। इस कार्रवाई से शहर में संदेश गया कि पालिका अब यातायात व्यवस्था और अनुशासन को लेकर गंभीर है। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की। लोगों ने उम्मीद जताई कि भूना जल्द ही अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित शहर बनेगा।

# हरियाणा में भविष्य विभाग के गठन को मंत्रिमंडल की मंजूरी

## विभाग की स्थापना का उद्देश्य हरियाणा को भविष्य-समर्थ बनाना

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में 'भविष्य विभाग (डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर) की स्थापना को मंजूरी दी गई। इस विभाग की स्थापना का उद्देश्य हरियाणा को भविष्य–समर्थ बनाना है। यह निर्णय हरियाणा सरकार के कार्य नियम, 1977 के नियम 5 व अनुसूची के क्रम संख्या 20 के अंतर्गत लिया गया है।

मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि यह विभाग हरियाणा की विजन 2047 नीति के अनुरूप एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और समावेशी विकास के लक्ष्य को साकार करने के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक पहलों, तकनीकी दृष्टिकोण और समेकित नीति निर्माण का नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।

नियमित रूप से हॉराइजन स्कैनिंग, प्रवृत्ति विश्लेषण और परिदृश्य विकास करना, जिससे राज्य की भविष्य की संभावनाओं और चुनौतियों की पहचान की जा सके। उच्च–मूल्य क्षेत्रों में विविधीकरण को केंद्र में रखते हुए विजन 2047 के तहत व्यापक दीर्घकालिक आर्थिक योजनाओं का निर्माण तथा तकनीक और नवाचार नीतियों का विकास व समन्वय, जिससे उभरती तकनीकों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनाया जा सके।

प्रशासनिक प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण सहित शासन के आधुनिकीकरण की पहलों की निगरानी और समन्वय करेगा। साथ ही प्रशासनिक विभागों के साथ समन्वय कर भविष्य–उन्मुख नीतियों एवं पहलों का कार्यान्वयन करने का काम किया जाएगा। इसके अलावा भविष्य की कार्यबल आवश्यकताओं के अनुरूप मानव पूंजी विकास हेतु एकीकृत ढांचा विकसित करना भी शामिल है।

वहीं, विभाग जल, ऊर्जा और कृषि जैसे संसाधनों के लिए सतत प्रबंधन की रणनीति तैयार करेगा और राज्य के भीतर रणनीतिक पहलों की प्रगति का मूल्यांकन करेगा। विभाग पांच प्रमुख (विशिष्ट, मापनीय, प्राप्त करने योग्य, प्रासंगिक, समयबद्ध) पहलों के माध्यम से कार्य करेगा।

# मुख्य सचिव ने नशा मुक्त भारत की शपथ दिलाई



नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालते हुए एनसीसी कैडेट, एनएसएस स्वयंसेवक और चंडीगढ़ पुलिस के कर्मी।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सामूहिक संकल्प और प्रतिबद्धता के एक उल्लेखनीय प्रदर्शन में, चंडीगढ़ प्रशासन के समाज कल्याण, महिला और बाल विकास विभाग ने चंडीगढ़ पुलिस, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के साथ मिलकर सुखना झील पर एक नशा विरोधी शपथ और रैली का आयोजन किया, जो प्रशासन द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस और अवैध तस्करी' मनाने के लिए आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

कार्यक्रम में 700 एनसीसी कैडेट, 400 एनएसएस स्वयंसेवक और 100 चंडीगढ़ पुलिस कर्मियों की उत्साही भागीदारी देखी गई, जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग के गंभीर मुद्दे से निपटने और चंडीगढ़ को वास्तव में नशा मुक्त बनाने के लिए एक साझा भावना के तहत एक साथ आए। अतिरिक्त महानिदेशक (एनसीसी) ने एक सुरक्षित समाज के निर्माण के लिए युवाओं और कानून प्रवर्तन की जिम्मेदारी पर एक प्रेरक संदेश के साथ भीड़ को संबोधित किया। इसके बाद, चंडीगढ़ के पुलिस महानिरीक्षक ने भी इस बात की और प्रतिभागियों को नशे की लत के खतरे के खिलाफ एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य सचिव, आईएएस श्री राजीव वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

**सुखना झील से रैली को दिखाई हरी झंडी**

इसके बाद मुख्य सचिव ने सुखना झील से रैली को हरी झंडी दिखाई। प्रतिभागियों ने एक उत्साही मार्च शुरू किया जो सुखना झील से हाईकोर्ट राउंडअबाउट तक और उसी मार्ग से वापस आया।सुखना झील पर कार्यक्रम का समापन शानदार तरीके से हुआ। यह पहल चंडीगढ़ प्रशासन की नशीली दवाओं की लत से लड़ने और नागरिकों, खासकर युवाओं को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ लोगों को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



प्रतिबंधित दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), यूटी चंडीगढ़ द्वारा शिव मंदिर रामदरबार, इंदिरा कॉलोनी और हल्लोमाजरा में एनजीओ सेहत के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का विषय था ड्रग्स को न कहें, जीवन को हां कहें, नशा मुक्त भारत, युद्ध नशे के विरुद्ध, नशा मुक्त भारत और नोप ट ड्रोप।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य नशीली दवाओं की लत और दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना था। यह दिन लोगों को नशीली दवाओं की लत से होने वाले विकारों के बारे में शिक्षित करने में उपयोगी है। शहर के गणमान्य व्यक्तियों, एनजीओ पदाधिकारियों और चंडीगढ़ पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में सभी ने 'ड्रग्स को न कहें' की शपथ ली।

लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, यूटी, चंडीगढ़ की देखरेख में लीगल एड क्लिनिक रामदरबार द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता और अन्य सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

# फरीदाबाद में मीट की 18 अवैध दुकानें सील

**अनंत ज्ञान, फरीदाबाद।** नगर निगम की टीम ने वीरवार को एक विशेष अभियान चलाकर एनआईटी एनएच–4 क्षेत्र में 11 और एनआईटी 3 नंबर मस्जिद के पास 7 दुकानों सहित कुल 18 अवैध मीट दुकानों को सील कर दिया। यह कार्रवाई स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बाद की गई, जिसमें कहा गया था कि कई दुकानदार बिना किसी अनुमति के मीट बेच रहे हैं और खुले में मीट रखकर गंदगी फैला रहे हैं।

लोगों का कहना था कि इन दुकानों के सामने से गुजरते वक्त उन्हें मुंह पर कपड़ा रखना पड़ता था, बदबू के कारण उनका आना–जाना दूभर हो गया था। नगर निगम पहले भी इन दुकानदारों को चेतावनी दे चुका था कि बिना लाइसेंस दुकान न चलाएं और खुले में मीट न बेचें, लेकिन दुकानदारों ने अनदेखा की। इसके बाद नगर निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा–निर्देश पर यह विशेष कार्रवाई की गई।

# दिव्यांगजनों के वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण के लिए लगाई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



राज्य आयुक्त दिव्यांगजन (एससीपीडी), यूटी चंडीगढ़ द्वारा दिव्यांगजनों के वित्तीय समावेशन और सशक्तिकरण के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन सरकारी बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (जीआरआईआईडी), सेक्टर–31सी, चंडीगढ़ में किया गया, जिसमें 100 से अधिक दिव्यांगजन, उनके अभिभावकों, दिव्यांगजनों के लिए काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों ने भाग लिया और सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।

राज्य आयुक्त, माधवी कटारिया ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा और निर्भरता को कम करना है और इस प्रकार आर्थिक जीवन में दिव्यांगजनों की पूर्ण भागीदारी को सक्षम करके सम्मान और समानता को बढ़ावा देना है। इस बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, चंडीगढ़ बाल एवं महिला विकास निगम (राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त विकास निगम के लिए चैनलाइजिंग एजेंसी), विशेष रोजगार कार्यालय, पंजाब नेशनल बैंक–अग्रणी बैंक और नगर निगम के अधिकारियों ने सरकारी योजनाओं, स्वरोजगार और व्यवसाय योजनाओं के लिए प्रशिक्षण और ऋण, पात्रता मानदंड, लाभ और इन योजनाओं और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए ऋण प्राप्त करने की प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया।

### कथावाचक की पिटाई के खिलाफ किया प्रदर्शन

**एजेंसी, इटावा।** इटावा में यादव कथावाचक की पिटाई को लेकर बवाल हो गया। वीरवार को अहीर रेजिमेंट और यादव संगठन के करीब 2 हजार लोगों ने प्रदर्शन किया। कथावाचक पर मुकदमा और नेता गगन यादव को नजरबंद किए जाने का विरोध में नारेबाजी की। पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत करा दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी आगरा-कानपुर हाईवे पर दादरपुर गांव के बाहर जमा हो गए। यह वही गांव है, जहां 22 जून को कथावाचक और उसके दो साथियों की ब्राह्मणों ने पिटाई की थी। सूचना पाकर पुलिस दादरपुर गांव पहुंची। पुलिस ने प्रदर्शन करने वालों को समझाना चाहा, तो नोकझोंक हो गई। तभी भीड़ ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया। पुलिस ने हंगामा बढ़ता देख 12 थानों की फोर्स बुलाई। इंस्पेक्टर ने पिस्टल निकालकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा। (अनंत ज्ञान)

### आर्मेनिया के पीएम पर यहूदी होने का आरोप

**एजेंसी, येरेवन।** आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान पर आरोप लगा है कि वह ईसाई नहीं हैं। उन पर देश के सबसे बड़े चर्च के एक पादरी फादर जारेह अशुरयान ने यह आरोप लगाया है। पादरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पीएम ने 'खतना' कर लिया है और अब वे यहूदी बन चुके हैं। अपोस्टोलिक चर्च के फादर अशुरयान ने पीएम पाशिनयान की तुलना बाइबिल के गद्दार पात्र 'जूडस' से की और उन्हें गद्दार भी कहा। फादर जारेह अशुरयान आर्मेनिया के सबसे बड़े चर्च के मुख्य पादरी गरेगिन -2 के प्रवक्ता हैं। (अनंत ज्ञान)



## देश-विदेश

# ब्राजील से मोदी को स्टेट डिनर का न्योता मिलने से शी जिनपिंग नाराज

**एजेंसी, रियो डी जेनेरियो**



चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स समिट में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने राष्ट्रपति के बिजी शेड्यूल का हवाला देते हुए मेजबान ब्राजील को इसकी जानकारी दी है।

ब्राजील में 17वां ब्रिक्स समिट 6-7 जुलाई को होने वाला है। इसमें ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने पीएम नरेंद्र मोदी को स्टेट डिनर पर बुलाया है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीनी राष्ट्रपति इससे नाराज हैं। अनुमान है कि मोदी के जाने पर चीनी राष्ट्रपति को कम तवज्जो मिल सकती थी, इसलिए उन्होंने समिट से दूरी बना ली। समिट में चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह अब प्रधानमंत्री ली कियांग देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। शी जिनपिंग के बतौर राष्ट्रपति 12 सालों के कार्यकाल में ऐसा पहली बार होगा, जब वे ब्रिक्स समिट में नहीं जाएंगे। 2013 से वे हर साल समिट में शामिल होते हैं। कोविड महामारी के दौरान, उन्होंने दो साल ब्रिक्स में वर्चुअली भाग लिया था। (अनंत ज्ञान)

**6-7 जुलाई को होने वाले 17वें ब्रिक्स समिट में नहीं लेंगे भाग**

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मांगी वोटर्स लिस्ट की डिजिटल कॉपी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में गड़बड़ी के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को चुनाव आयोग को लेटर लिखा। यह लेटर चुनाव आयोग का राहुल को भेजे लेटर का जवाब है। दरअसल 12 जून को इलेक्शन कमीशन ने राहुल को लेटर लिखा था। इसमें राहुल को विधानसभा चुनाव में धांधली के उनके आरोपों पर चर्चा के लिए बुलाया गया था। अब 13 दिन बाद राहुल तो ईसी से मिलने नहीं गए लेकिन कांग्रेस की तरफ से जवाबी खत भेज दिया गया, जिसमें पार्टी की मांग है कि उन्हें महाराष्ट्र चुनाव में वोटर्स लिस्ट की डिजिटल कॉपी दी जाए। साथ ही वोटिंग डे की वीडियोग्राफी उपलब्ध कराएं। कांग्रेस ने कहा, अगर एक हफ्ते के अंदर चुनाव आयोग उन्हें डेटा भेज देता है तो वह उसकी जांच-पड़ताल करके ईसी से चर्चा के लिए तैयार हैं। (अनंत ज्ञान)

# अहमदाबाद शहर में बाढ़ जैसे हालात, कई जगह भरा पानी



भारी बारिश के चलते अहमदाबाद शहर में एक सड़क पर जमा पानी में से गुजरते लोग।

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात के अहमदाबाद में पिछले 12 घंटे से तेज बारिश हो रही है। इससे अहमदाबाद शहर में बाढ़ जैसे हालात हैं। पूर्वी क्षेत्र के मणिनगर, वटवा, सिटीएम, हाटकेश्वर, निकोल ओधव और विराट नगर समेत कई इलाकों में पानी भर गया। बारिश के पानी के बहाव में एक बाइक सवार ड्रेनेज लाइन में फंस गया। दमकल विभाग ने 9 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ड्रेनेज लाइन से 200 फीट दूर उसका शव बरामद किया। इस सीजन में अब तक शहर में 6 इंच बारिश हो चुकी है। सूरत में भी लगातार तीसरे दिन वीरवार को बाढ़ के हालात हैं। गीतानगर इलाका में 3 से 4 फीट पानी में डूबा हुआ है। यहां तबीयत बिगड़ने के बाद एक गर्भवती महिला का फायर ब्रिगेड टीम ने रेस्क्यू किया और अस्पताल पहुंचाया। (अनंत ज्ञान)

### जम्मू के राजौरी में दो बच्चों की मौत

**एजेंसी, जम्मू।** राजौरी जिले की कालाकोट तहसील के सियालसुई इलाके में अचानक आई बाढ़ में दो बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य बच्चे को बचा लिया गया। भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ में तीनों बच्चे बह गए थे। पुलिस और स्थानीय लोगों के साथ एक बचाव दल ने तुरंत बचाव ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन दो बच्चों को बचाया नहीं जा सका।

### वैष्णो देवी मंदिर जाने वाला नया रास्ता बंद

**रियासी** जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर तक जाने वाला नया मार्ग बारिश के कारण हुए लैंडस्लाइड से बंद हो गया। तीर्थयात्रा पुराने मार्ग से सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है।

### खामेनेई ने ईरान के लोगों को दी इसराइल के खिलाफ जंग जीतने की बधाई, कहा-

# इसराइल को बचाने जंग में कूदा था अमेरिका

**एजेंसी, तेहरान**



ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान के लोगों को इसराइल के खिलाफ जंग जीतने की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'मैं झूठे इसराइली शासन पर जीत के लिए बधाई देता हूं। ईरान ने अपने हमलों से इसराइल को धराशायी कर दिया, कुचल दिया।' खामेनेई ने कहा, 'अमेरिका दोनों देशों के बीच खुली जंग में इसलिए कूदा क्योंकि उसे डर था कि अगर उसने दखल नहीं दिया, तो इसराइल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा, लेकिन अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा मारा।' ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया, जो मिडिल ईस्ट में अमेरिका के प्रमुख ठिकानों में से एक है। ईरान के पास मिडिल ईस्ट में अमेरिका के अहम ठिकानों तक पहुंच है। अगर कोई हमला हुआ, तो दुश्मन को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इसराइल ने 13 जून को ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। इसके बाद दोनों तरफ से जंग छिड़ गई। 12 दिन चली जंग के बाद ट्रंप ने 24 जून को सीजफायर का ऐलान किया था। (अनंत ज्ञान)

**ईरान ने यूएसए को भी दिया मुंहतोड़ जवाब**

# अमिताभ की आवाज वाली कॉलर ट्यून बंद

## फ्रॉड से बचने के मैसेज से 40 सेकेंड लेट कनेक्ट हो रही थी कॉल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोई भी अनजान व्यक्ति अगर आपके बैंक खाते, ओटीपी या केवाईसी अन्य निजी जानकारी मांगता है, तो उसे बिलकुल न दें। हर फोन के पहले 40 सेकेंड तक सुनाई देने वाले अमिताभ बच्चन की आवाज के वॉयस मैसेज सरकार ने बंद कर दिया है। सितंबर 2024 में साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करने के लिए इसे शुरू किया गया था, लेकिन इमरजेंसी कॉलिंग के दौरान लोग इससे परेशान हो गए थे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी इसी हफ्ते इंदौर में कहा था– मैं भी इससे परेशान हो गया हूं। (अनंत ज्ञान)

**सितंबर 2024 में शुरू हुई थी कॉलर ट्यून**



**केंद्रीय** गृह मंत्रालय के सितंबर 2024 में इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को देखते हुए इस जागरूकता अभियान की शुरुआत की थी। इसमें अमिताभ बच्चन की आवाज में एक 40 सेकेंड लंबा मैसेज था। इसमें लोगों को फर्जी कॉल्स, अनजान लिंक्स और ओटीपी शेयर करने के खतरों से आगाह किया जा रहा था।

# ईरान बहादुरी से लड़ा जंग: ट्रंप

## उसे नुकसान से उबरने की जरूरत, इसलिए ऑयल बेचने से नहीं रोकूंगा

**एजेंसी, हेग**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार देर रात को नीदरलैंड्स में नाटो समिट के दौरान कहा कि ईरान ने जंग में बहादुरी दिखाई। वह ऑयल का कारोबार करता है। मैं चाहूं तो इसे रोक सकता हूं, लेकिन मैं ऐसा नहीं करना चाहता। उन्होंने कहा कि ईरान को जंग के बाद नुकसान से उबरने के लिए ऑयल बेचने की जरूरत है। अगर चीन, ईरान से ऑयल खरीदना चाहते हैं तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। ट्रंप ने कहा कि ईरान और इसराइल के बीच अगले हफ्ते बातचीत होगी।

इससे पहले मंगलवार को नाटो समिट के लिए जाते वक्त भी ट्रंप ने कहा था कि चीन अब ईरान से ऑयल खरीद सकता है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि चीन अमेरिका से भी ऑयल खरीदेगा। हालांकि व्हाइट हाउस अधिकारी ने साफ किया था कि यह ईरान पर लगे अमेरिकी प्रतिबंधों में राहत का ऐलान नहीं था। बता दें कि ईरान–इसराइल में 12 दिन चली जंग के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को सीजफायर का ऐलान किया था। (अनंत ज्ञान)

### चांदी 1,950 रुपए महंगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोने के दाम में 26 जून को कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 97,159 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ, वहीं चांदी की कीमत 1,950 रुपए बढ़कर 1,07,150 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,200 पर थी। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना का दाम 76,162 रुपए से 20,997 रुपए बढ़कर 97,159 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव 86,017 रुपए से बढ़कर 1,07,150 रुपए पर पहुंच गया है।

**उछाल** मेटल और एनर्जी शेयर में बढ़त से बाजार गुलजार, निवेशकों ने जताया भरोसा

# सेंसेक्स में 1000 और निफ्टी में 304 अंकों का उछाल

**एजेंसी, मुंबई**



हफ्ते के चौथे कारोबार दिन वीरवार, 26 जून को सेंसेक्स 1000 अंक चढ़कर 83,755 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 304 अंक की तेजी रही, यह 25,549 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट रही। आज मेटल, फाइनेंशियल और एनर्जी शेयर में रही बढ़त रही। वहीं ऑटो और आईटी शेयर्स पर दबाव देखने को मिला।

गत दिवस 25 जून को विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 2,427.74 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे, जबकि, घरेलू निवेशकों ने 2,372.96 करोड़ रुपए की खरीदारी की। जून महीने में अब तक विदेशी निवेशकों ने कैश सेगमेंट में 5,670.92 करोड़ की बिकवाली की है। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 69,960.63 करोड़ की नेट खरीदारी है। (अनंत ज्ञान)

### एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार

**एशियाई** बाजारों में जापान का निक्केई 1.65 प्रतिशत ऊपर 39,584 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 0.92 प्रतिशत गिरकर 3,079 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.61 प्रतिशत गिरकर 24,325 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.11 प्रतिशत गिरकर 3,448 पर बंद हुआ है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के सिडनी वनडे कैनबरा टी20 के टिकट बिके : सीए

**एजेंसी, मेलबर्न।** भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे में अभी समय है, लेकिन क्रिकेट आस्ट्रेलिया आठ मैचों के 90000 टिकट बेच चुका है, जिसमें सिडनी में तीसरे वनडे और कैनबरा में पहले टी20 के सारे टिकट बिक चुके हैं। भारतीय टीम अक्तूबर नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीन वनडे और पांच टी20 मैच खेलेगी। दौरे की शुरुआत 19 अक्तूबर को पर्थ में होगी और आखिरी मैच आठ नवंबर को ब्रिसबेन में खेला जाएगा। सीए ने एक बयान में कहा,''ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सफेद गेंद की सीरीज अक्तूबर नवंबर में खेली जाएगी। इसे लेकर यहां क्रिकेटप्रेमियों खासकर भारतवंशियों में काफी उत्साह है।'' इसमें कहा गया,''एससीजी वनडे और मानुका ओवल (कैनबरा) टी20 के टिकट चार महीने पहले बिक गए। एमसीजी टी20 और गाबा टी20 के मैचों के टिकटों की भी काफी मांग है।'' इसमें आगे कहा गया,''एशेज के टिकटों की रिकॉर्ड बिक्री के बाद सफेद गेंद के मैचों के टिकटों की भी भारी मांग है। आठ मैचों के 90000 टिकट दो सप्ताह के भीतर बिक गए।'' सीए के अनुसार अभी तक बिके टिकटों के 16 प्रतिशत से अधिक भारतीय फैन क्लबों ने खरीदे हैं। इसमें कहा गया,''भारत आर्मी सबसे सक्रिय फैन क्लब में से है जिसने 2400 टिकट खरीदे हैं। फैंस इंडिया ने भी 1400 से अधिक टिकट खरीदे हैं। ब्रिसबेन में बसे अग्रवाल समुदाय ब्रिसी बनियास के अमित गोयल ने गाबा मैच के 880 टिकट खरीदे हैं। गोल्ड कोस्ट के भारतीय समुदाय ने 500 और मेलबर्न के पक्का लोकल ने 500 टिकट खरीदे हैं।'' (अनंत ज्ञान)

### राइडर अनुष अग्रवाल का घोड़ा सर कैरामेलो हुआ रिटायर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाल ने वीरवार को अपने घोड़े सर कैरामेलो के रिटायर होने की घोषणा की। अनुष ने इसी घोड़े के साथ पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लिया था और



वह लंबे समय से उनके साथ था। 25 साल के अनुष ओलंपिक खेलों की ड्रेसेज स्पर्धा में प्रतिस्पर्धा करने वाले भारत के पहले राइडर हैं। अनुष पेरिस में ग्रुप-ई में नौवें स्थान पर रहे थे और पदक दौर में जगह नहीं बना पाए थे। अनुष ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में लिखा, ''सर कैरामेलो आपका धन्यवाद क्योंकि आप मेरे लिए सिर्फ एक घोड़ा नहीं बल्कि मेरे साथी, मेरी ताकत और सबसे महत्वपूर्ण, मेरे मित्र हैं।'' उन्होंने लिखा, ''आपने मेरे ही नहीं बल्कि पूरे देश के सपनों का भार उठाया। आपके कारण मैं स्वयं पर भरोसा कर पाया। आपके कारण ओलंपिक में भारत का नाम हुआ। आपने असंख्य युवा घुड़सवारों में ओलंपिक की आग जलाई। हमेशा याद रखना कि आपने मेरे लिए सब कुछ बदल दिया। अब आराम करने, लुत्फ उठाने का समय आ गया है। रिटायरमेंट मुबारक हो कैरामेलो।'' (अनंत ज्ञान)

### रेचल स्टलमैन की कातिल अदा

**सेंट लुइस।** पूर्व महिला टेनिस खिलाड़ी रेचल स्टलमैन अपने खेल से ज्यादा अपने अदाओं के लिए हमेशा चर्चा में बनी रहती हैं। रेचल स्टलमैन को दुनिया की सबसे खूबसूरत टेनिस प्लेयर माना जाता है।



**टेस्ट मैच : पहला दिन** वेस्टइंडीज के गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया पर बरपाया कहर, पहले दिन गिरे कुल 14 विकेट

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को 180 रन पर किया आउट

**एजेंसी, ब्रिजटाउन**

वेस्टइंडीज ने पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को 180 रन पर आउट करने के बाद चार विकेट जल्दी गंवा दिए। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर वेस्टइंडीज ने चार विकेट पर 57 रन बनाए थे। ब्रेंडन किंग पदार्पण करते हुए 23 रन बनाकर खेल रहे थे।

इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 57 ओवर में 180 रन पर आउट हो गई जो वेस्टइंडीज में उसका न्यूनतम स्कोर है। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 60 रन देकर पांच विकेट लिए, लेकिन शामार जोसेफ सबसे प्रभावी गेंदबाज रहे जिन्होंने 46 रन देकर चार विकेट चटकाए।

ऑस्ट्रेलिया के लिए सिर्फ उस्मान ख्वाजा (47), ट्रेविस हेड (59) और कप्तान पैट कमिंस (28) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। दो सप्ताह पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले दिन 212 रन पर आउट हो गई थी।

एक घंटे के खेल के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 22 रन था। मार्नस लाबुशेन की जगह खेल रहे सैम कोंस्टास चौथे ओवर में जोसेफ की गेंद पर पगबाधा आउट हो गए। कैमरन ग्रीन को आते ही गली में किंग ने जीवनदान दिया। वह तीन रन बनाकर जोसेफ की गेंद पर दूसरी स्लिप में कैच दे बैठे। चोटिल स्टीव स्मिथ की जगह चौथे नंबर पर उतरे जोश इंगलिस ने सील्स की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच थमाया। ख्वाजा ने ट्रेविस हेड के साथ 89 रन की साझेदारी की जो ऑस्ट्रेलियाई पारी की सबसे बड़ी साझेदारी थी। हेड चाय के बाद अपना विकेट गंवा बैठे। आखिरी तीन विकेट सील्स ने लिए। (अनंत ज्ञान)


शॉट खेलता ऑस्ट्रेलिया का बल्लेबाज ट्रैविस हेड।

### साफ कैच पर ट्रेविस हेड को अंपायर ने दिया नॉट आउट

**मैच** के पहले दिन एक विवादास्पद फैसला हुआ। तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक के एक फैसले ने शमार जोसेफ को पांच विकेट लेने से रोक दिया। वेस्टइंडीज के फील्डरों ने भी कई कैच छोड़े। जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के टॉप ऑर्डर को झकझोर दिया था। ट्रेविस हेड के खिलाफ एक अपील पर अंपायर नितिन मेनन ने उन्हें आउट नहीं दिया, लेकिन तीसरे अंपायर ने भी बल्लेबाज के पक्ष में फैसला सुनाया। शमार जोसेफ ने ट्रेविस हेड को एक गेंद फेंकी। गेंद बल्ले से लगी या नहीं, इस पर विवाद हो गया। अंपायर नितिन मेनन को लगा कि हेड ने गेंद को छुआ है। इसलिए उन्होंने तीसरे अंपायर से मदद मांगी। अल्ट्राएज तकनीक ने दिखाया कि गेंद हेड के बल्ले से लगी थी, लेकिन क्या गेंद सीधे विकेटकीपर होप के हाथों में गई थी, यह स्पष्ट नहीं था। एक रिप्ले में दिखा कि गेंद जमीन पर लगकर गई थी। दूसरा रिप्ले साफ नहीं था।

## खेल में बदलाव के साथ तालमेल बिठाने के लिए ताकत पर काम कर रही सिंधू

**एजेंसी, बेंगलुरु**



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का कहना है कि महिला एकल बैडमिंटन में आक्रामक रैलियों की जगह अब कोर्ट पर ताकत की परीक्षा होने लगी है जिससे वह इस चुनौतीपूर्ण दौर में बदलती लय के साथ तालमेल बिठाने के लिए अपने खेल में बदलाव कर रही हैं।


दो बार की ओलंपिक पदक विजेता के लिए यह साल आदर्श नहीं रहा है क्योंकि वह इसमें चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं जबकि तीन बार दूसरे दौर में हार का सामना कर चुकी हैं। वह बस जनवरी में इंडिया ओपन में क्वार्टरफाइनल में जगह बना सकीं।

यहां चुनिंदा पत्रकारों से बात करते हुए सिंधू ने कहा, ''महिला एकल स्पर्धा पूरी तरह बदल गई है। शुरू में इसमें आक्रामकता और तेज रैलियां होती थीं लेकिन अब लंबी रैलियों से लंबे मैच के कारण खेल रक्षात्मक हो गया है।'' उन्होंने कहा, ''हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर रैलियों को जारी खने और शटल को कोर्ट में लंबे समय तक बनाए रखने में अधिक सयंमित हो गए हैं। हमें खेल के बदलने के साथ हर बार बदलाव करने होते हैं।'' सिंधू ने कहा, ''बतौर खिलाड़ी मैं अपने खेल में बदलाव कर रही हूं, इसमें समय लग सकता है लेकिन हर दफा ऐसा करना महत्वपूर्ण है।'' (अनंत ज्ञान)

## भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर को लाना जल्दबाजी : वॉन

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि चोट से उबर रहे जोफ्रा आर्चर को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उतारने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। आर्चर ने चार साल में पहला प्रथम श्रेणी मैच खेला जब वह डरहम






के खिलाफ काउंटी चैंपियनशिप में रविवार को ससेक्स के लिए उतरे। उन्होंने 18 ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। 30 वर्ष के आर्चर ने 2021 से कोई टेस्ट नहीं खेला है। इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि अगर आर्चर ससेक्स के लिए चार दिवसीय मैच खेलते हैं तो दो जुलाई से भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिये उपलब्ध होंगे। वॉन ने हालांकि, 'बीबीसी टेस्ट मैच स्पेशल' में कहा,''अच्छी बात यह है कि जोफ्रा ने वापसी की है लेकिन मैं उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलते देखना चाहूंगा।'' उन्होंने कहा,''उसने चार साल से इस प्रारूप में नहीं खेला है। इसलिये सिर्फ एक मैच के बाद उसकी वापसी कराना जल्दबाजी होगी। टेस्ट मैच काउंटी क्रिकेट से अलग होता है। मैं पहले टेस्ट की टीम में बदलाव नहीं करना चाहूंगा।'' (अनंत ज्ञान)

## शिखर धवन बने लेखक लिखे अपने संस्मरण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अपने जीवन के संस्मरणों को कलमबद्ध किया है, जिसमें रिश्तों से लेकर दोस्ती तक और मैदान के भीतर तथा बाहर के विवादों पर भी खुलकर बात की है। धवन ने अपनी किताब 'द वन : क्रिकेट, माय लाइफ एंड मोर' के बारे में कहा,''क्रिकेट ने मुझे जीने का मकसद दिया, लेकिन इस सफर में उतार-चढ़ाव और खामोश पल भी रहे। इसने मुझे वह इंसान बनाया जो आज मैं हूं। मैं दिल से अपनी कहानी कह रहा हूं जो ईमानदार और किसी फिल्टर के बिना है।''



प्रकाशक हार्पर कोलिंस इंडिया ने कहा,''पूरी स्पष्टवादिता और ईमानदारी के साथ लिखी गई 'द वन' शिखर धवन के आंतरिक संवाद और उन सभी कमजोरियों की अभूतपूर्व झलक पेश करती है जिन्होंने उन्हें एक चैंपियन क्रिकेटर और संवेदनशील इंसान बनाया है।'' कंपनी के प्रकाशक सचिन शर्मा ने कहा,''शिखर धवन का मैदान के भीतर और बाहर जीवन शानदार रहा है। इस संस्मरण में शिखर ने अपने जीवन, रिश्तों और हर उस अनुभव के बारे में बात की है जिसका उन्होंने सामना किया और मजबूत होकर निकले हैं।''

दिल्ली में पले-बढ़े धवन ने बतौर विकेटकीपर शुरुआत की थी, लेकिन बाद में सलामी बल्लेबाज बने। उन्होंने किताब में लिखा,''जब मैं भारतीय टीम में अपने की कोशिश कर रहा था, तब सोशल मीडिया नया था और क्रिकेटरों पर इतनी नजर नहीं रखी जाती थी, लेकिन प्रिंट और प्रसारण मीडिया चरम पर था।'' (अनंत ज्ञान)

### धोनी से पहली मुलाकात के बारे में भी लिखा

**उन्होंने** लिखा,''टीम चयन और व्यक्तिगत प्रदर्शन पर चर्चा होती थी और लोग पढ़ते थे। आजकल की तरह नहीं जब सोशल मीडिया रातोंरात क्रिकेटर को हीरो से जीरो बना देता है।'' धवन ने महेंद्र सिंह धोनी से पहली मुलाकात के बारे में लिखा है,''मैं उसे एक बॉलीवुड मूवी में देखना चाहता था। वह फिल्म स्टार की तरह दिखता था। लंबे बाल और आकर्षक मुस्कान। हम आपस में बात कर रहे थे और मैंने उससे कहा कि मैं भारत के लिए खेलना चाहता हूं और मैं चाहता हूं कि तुम बॉलीवुड हीरो बनो। वह बहुत हंसने लगा।''

## भारत ने एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में **तीनों खिताब जीते**

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारत ने वीरवार को यहां दूसरी एशियाई स्क्वाश युगल चैंपियनशिप में पुरुष, महिला और मिश्रित स्पर्धा के सभी तीनों खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की शीर्ष वरीय पुरुष जोड़ी ने पाकिस्तान के प्रतिद्वंद्वी नूर जमां और नासिर इकबाल की जोड़ी के खिलाफ पहला सेट गंवा दिया, लेकिन वापसी करते हुए 88 मिनट में 2-1 (9-11, 11-5, 11-5) से जीत दर्ज की।

इस भारतीय जोड़ी ने सेमीफाइनल में हांगकांग के चि हिम वोंग और मिंग होंग टांग



की जोड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला युगल फाइनल में जोशना चिनप्पा और अनाहत सिंह की जोड़ी ने भी एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी की और मलेशिया की आइना अमानी और जिन यिंग यि पर 35 मिनट तक चले फाइनल में 2-1 (8-11, 11-9, 11-10) से जीत हासिल की।

वहीं, मिश्रित युगल फाइनल में अभय और अनाहत की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मलेशिया के राशेल अर्नाल्ड और अमीशेनराज चंदारन को 28 मिनट में 2-0 (11-9, 11-7) से हराकर भारत को क्लीन स्वीप करने में मदद की। इस प्रक्रिया में अभय और अनाहत ने चैंपियनशिप में अपना दूसरा खिताब हासिल किया। (अनंत ज्ञान)

## बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप के लिए 19 सदस्यीय टीम की घोषणा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रतिभाशाली तन्वी शर्मा को 18 से 27 जुलाई तक इंडोनेशिया के सोलो में होने वाली बैडमिंटन एशियाई जूनियर चैंपियनशिप (टीम और व्यक्तिगत) के लिए भारत की 19 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। तन्वी ने बैडमिंटन एशिया महिला टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। जूनियर विश्व नंबर एक पुरुष युगल टीम भार्गव राम एरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू से भी भारत को उम्मीदें होंगी। टीम स्पर्धा 18 से 22 जुलाई तक होंगी, जबकि व्यक्तिगत मुकाबले 23 से 27 जुलाई तक खेले जाएंगे। टीम स्पर्धा रिले प्रारूप में होगी, जिसमें 110 अंक तक पहले पहुंचने वाली टीम विजयी होगी। इसकी शुरुआत ग्रुप चरण से होगी, जिसके बाद नॉकआउट मुकाबले होंगे।

**स्वर्ण पदक विजेता तन्वी शर्मा टीम में शामिल**

टीम चार से 15 जुलाई तक गुवाहाटी में राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र पर एकत्र होगी। एनसीई गुवाहाटी में इस साल के आखिर में बीडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप भी होनी है। भारतीय मुक्केबाजी संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा,''भारत के जूनियर सर्किट से विश्व स्तरीय प्रतिभाएं निकल रही हैं। इस शिविर से इन प्रतिभाओं को पदक जीतने के लिए तैयार किया जाएगा।'' (अनंत ज्ञान)

**सलाह-मशविरा** चौथे दिन जल्दबाजी में आउट होने के बाद भारत के हाथ से फिसला मैच

# अश्विन ने पंत से कहा, अगली बार लगाएं दोहरा शतक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लीड्स में पांच मैच की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम की पांच विकेट से हार का विस्तृत विश्लेषण करते हुए कहा कि भारत को अधिक समय बल्लेबाजी करने पर ध्यान देना चाहिए और ऋषभ पंत को मौजूदा टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड के 'औसत' आक्रमण के खिलाफ अपने शतकों को दोहरे शतकों में बदलना चाहिए।

भारत ने दोनों पारियों में पांच शतक जड़े, लेकिन इंग्लैंड ने 371 रन के अपने दूसरे सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करके सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' पर कहा, ''एक चीज जिस पर भारतीय टीम की बल्लेबाजी ध्यान दे सकती है, वह यह है कि क्या आप हर पारी में बल्लेबाजी का समय बढ़ा सकते हैं, रनों के हिसाब से नहीं। इंग्लैंड के क्षेत्ररक्षण के समय को बढ़ाएं और उन्हें मैदान पर रखने के समय को भी बढ़ाएं।'' उन्होंने कहा, ''मैं एक बात कहूंगा, घबराएं नहीं और बहुत अधिक बदलाव नहीं करें। भारत अगले टेस्ट में सीरीज बराबर कर सकता है, लेकिन अगर हम इंग्लैंड की रणनीति को नहीं समझते हैं तो यह सीरीज बहुत जल्दी हमारे से दूर जा सकती है।''

अश्विन ने कहा कि चौथे दिन जल्दी आउट होने के बाद मैच भारत के हाथ से फिसल गया। उन्होंने कहा, ''जब आपने पांचवें दिन तक बल्लेबाजी जारी नहीं रखी तो खेल खत्म हो गया। इंग्लैंड की इस टीम ने खुलकर यह प्रचार किया है कि वे लक्ष्य चाहे जो भी हो, उसे हासिल करने के लिए जाएंगे। इसलिए एक बल्लेबाजी क्रम के तौर पर हमें यह ध्यान में रखना होगा कि हमें उन्हें कम समय देना है, लेकिन बड़ा लक्ष्य देना है।''

उन्होंने कहा, ''बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ ने शानदार खेल दिखाया है, लेकिन मैं दोहराना चाहूंगा कि ऋषभ का डिफेंस बहुत बढ़िया है। किताब में ऐसा कोई शॉट नहीं है जिसे वह नहीं खेल सकता... क्या मैं आपसे अनुरोध कर सकता हूं कि अगली बार जब आप 130 पर बल्लेबाजी कर रहे हों तो दोहरा शतक बनाएं।'' उन्होंने पंत से यह भी अनुरोध किया कि वे टेस्ट मैच में फ्रंट फ्लिप करने से भी बचें। ऋषभ पंत उन दुर्लभ खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके पास यह विशेष कौशल है। पंत के मैच में दो शतक को एक दुर्लभ उपलब्धि बताते हुए अश्विन ने सुझाव दिया कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपने प्रयासों को और आगे बढ़ाना चाहिए। अश्विन ने दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में कुलदीप यादव को एकादश में शामिल करने की वकालत की। (अनंत ज्ञान)

### कोहली से होनी चाहिए पंत की तुलना : अश्विन

**पंत** के मैच में दो शतक की प्रशंसा करते हुए अश्विन ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी से उनकी तुलना करना उचित नहीं है, क्योंकि धोनी ने कभी भी पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी नहीं की। उन्होंने कहा, ''ऋषभ पंत की तुलना विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों से की जानी चाहिए...वह एक मुख्य बल्लेबाज है क्योंकि उनके पास बहुत समय है।'' अश्विन ने पंत की गेंद को चुनकर मारने की क्षमता की तुलना पाकिस्तान के महान बल्लेबाज इंजमाम-उल-हक से की। उन्होंने कहा, ''कुछ विशेष बल्लेबाजों में गेंद को जल्दी से जल्दी चुनने की क्षमता होती है। वे लाइन को जल्दी से पहचान लेते हैं, लेंथ को जल्दी से पहचान लेते हैं और वे शानदार पोजीशन में आ जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## सूर्यकुमार का जर्मनी में हुआ हर्निया का सफल ऑपरेशन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव का जर्मनी के म्युनिख में पेट के दाएं ओर हर्निया का सफल ऑपरेशन हुआ। 34 वर्ष के सूर्यकुमार ने अपने सोशल मीडिया हैंडिल पर लिखा,''लाइफ अपडेट: पेट के निचले दाएं ओर हर्निया की सर्जरी हो गई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सफल आपरेशन के बाद अब मैं रिकवरी की राह पर हूं।''



हर्निया कमर या पेट के निचले हिस्से में नरम ऊतकों की चोट है, जिसमें अक्सर मांसपेशियां, कंडराएं या स्नायुबंधन शामिल होते हैं। जर्मनी में सर्जरी के बाद सूर्यकुमार बेंगलुरु में बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र पर रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। भारत को अगस्त में बांग्लादेश दौरे पर तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेलने हैं। सूर्यकुमार ने 2023 विश्व कप फाइनल के बाद से 50 ओवरों के प्रारूप में नहीं खेला है।

यह तीन साल में सूर्यकुमार का तीसरा आपरेशन था। इससे पहले 2023 में उनके टखने का आपरेशन हुआ था और 2024 में खेल हर्निया की भी सर्जरी हुई थी। आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करने वाले सूर्यकुमार 2025 सत्र में 'प्लेयर आफ द टूर्नामेंट' रहे थे। उन्होंने 717 रन बनाए। हालांकि, मुंबई इंडियंस को प्लेआफ में दूसरे क्वालीफायर में पंजाब किंग्स ने हराया। मुंबई टी20 लीग में सूर्यकुमार ने ट्रायंफ नाइट्स मुंबई नॉर्थईस्ट की कप्तानी की। (अनंत ज्ञान)